संपादकीय

श्रद्धा, प्रसाद आणि शुद्धता

महाप्रसाद, भंडारा, लंगर, इफ्तार पार्टी किंवा सार्वजनिक ठिकाणी होणारे कोणतेही अन्न वाटप आता अन्न व औषध प्रशासनाच्या रडारवर येणार आहे. अशा उपक्रमांची माहिती सात दिवस अगोदर देणे आयोजकांसाठी बंधनकारक करण्याचा निर्णय प्रशासनाने घेतला आहे. गणेशोत्सव, नवरात्रोत्सव, दहीहंडी, जन्माष्टमी, आषाढी-कार्तिकी वारी, उरूस, जत्रा, पालखी सोहळे आणि विविध सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रमांमध्ये वाटल्या जाणाऱ्या अन्नाच्या गुणवत्तेवर यामुळे देखरेख ठेवली जाणार आहे. प्रथमदर्शनी हा निर्णय उत्सवांमध्ये सरकारी हस्तक्षेप वाढविणारा वाटू शकतो; मात्र त्यामागचा सार्वजनिक आरोग्याचा हेतू लक्षात घेता, तो स्वागताई ठरतो. श्रद्धेने दिलेला प्रसाद सुरक्षितच असेल असे मानले जाते. पण श्रद्धा ही अन्नाच्या गुणवत्तेची हमी असू शकत नाही. हजारो लोकांसाठी स्वयंपाक करताना दूषित पाणी, निकृष्ट तेल, भेसळयुक्त कच्चा माल, अस्वच्छ जागा, चुकीची साठवण किंवा अनेक तास उघडे ठेवलेले अन्न, अशी एक जरी त्रुटी राहिली, तरी 'फूड पॉयझनिंग'चा धोका निर्माण होतो. एखाद्या लग्नसमारंभात किंवा हॉटेलमध्ये अन्नातून विषबाधा झाल्यास जबाबदार कोण, हे निश्चित करता येते. सार्वजनिक महाप्रसादाच्या बाबतीत मात्र आयोजक, आचारी, अन्न शिजविणारे कंत्राटदार आणि पुरवठादार असे अनेक घटक जबाबदार असल्याने टोलवाटोलवीची शक्यता वाढते. त्यामुळे आयोजकांची नोंद, अन्न तयार होणाऱ्या जागेची स्वच्छता, पाणी व कच्च्या मालाचा स्रोत तपासण्याची व्यवस्था, हे सारे आवश्यकच आहे. अन्न व औषध प्रशासनाचे आयुक्त तुकाराम मुंढे यांची ओळख नियमांची काटेकोर अंमलबजावणी करणारे अधिकारी अशी आहे. त्यांनी महाप्रसादापासून लंगर आणि इफ्तारपर्यंत सर्व धार्मिक-सामाजिक अन्न वाटपाला एकाच अन्नसुरक्षेच्या चौकटीत आणण्यावर कटाक्ष राखला आहे. अन्नाला धर्म नसतो आणि विषबाधाही श्रद्धा पाहून होत नाही. त्यामुळे नियम सर्वांना समान असले पाहिजेत हे खरेच. धार्मिकतेच्या नावाखाली अन्नाच्या दर्जाकडे दुर्लक्ष करण्याची सवलत कोणालाही दिली जाता कामा नये. या निर्णयाच्या हेतूचे समर्थन करतानाच त्याची अंमलबजावणी व्यवहार्य असणेही तितकेच आवश्यक आहे. जसे, गणेशोत्सवाच्या दहा दिवसांत एखाद्या मंडळात सकाळ-संध्याकाळ आरतीनंतर प्रसाद वाटला, याचा अर्थ एकूण उत्सवात तीस वेळा अन्न वाटप होते. प्रत्येक आरतीसाठी स्वतंत्र परवानगी किंवा सात दिवस आधी स्वतंत्र अर्ज करण्याची सक्ती केली, तर हा नियम जाचक ठरेल. नवरात्रोत्सवातील नऊ दिवसांचा प्रसाद, दैनंदिन भंडारे किंवा अचानक आयोजित होणाऱ्या धार्मिक उपक्रमांमध्येही अशीच अडचण येऊ शकते. त्याचा विचार करता, अशा संपूर्ण उत्सव कालावधीसाठी एकच नोंदणी करण्याची सुविधा दिली गेली पाहिजे. मंडळाने दहा दिवसांच्या संभाव्य प्रसाद वाटपाचे वेळापत्रक, अंदाजित लाभार्थी संख्या, अन्न तयार होण्याचे ठिकाण आणि पुरवठादारांची माहिती प्रशासनाला एकदाच द्यावी. लहान स्वरूपाच्या साखर, पेढा, फळ किंवा पंचखाद्य अशा प्रसादासाठी साधी ऑनलाइन माहिती पुरेशी ठरवावी; तर हजारो लोकांच्या महाप्रसादासाठी अधिक काटेकोर तपासणी असावी. अचानक आयोजित कार्यक्रमांसाठी तातडीची ऑनलाइन सुविधाही असायला पाहिजे. या नियमनासाठीची परवानगी प्रक्रिया मोफत, सुलभ आणि सुटसुटीत असावी. अन्यथा उत्सवांच्या काळात अन्नाच्या सुरक्षिततेसाठी घेतलेला हा निर्णय दंड आणि 'इन्स्पेक्टर राज'च्या जाळ्यात अडकून जनक्षोभाला कारणीभूत ठरू शकतो. एफडीएने केवळ कारवाईचे पथक बनवून थांबू नये. मंडळे, धार्मिक संस्था व संबंधित घटकांसाठी छोट्या प्रशिक्षण कार्यशाळा घ्याव्यात. सुरक्षित पाणी, हातमोज्यांचा वापर, अन्नाचे तापमान, साठवण, वाहतूक आणि उरलेल्या अन्नाची विल्हेवाट यांची सोपी तपासणीसूची द्यावी. नियम मोडणाऱ्यांवर कारवाई जरूर व्हावी; पण प्रामाणिक आयोजकांसाठी प्रशासनाने मार्गदर्शकाची भूमिका बजावावी. प्रसाद ही श्रद्धा असली तरी तो ग्रहण करणाऱ्या नागरिकांचे आरोग्य ही जबाबदारीची बाब आहे. त्यामुळे हा निर्णय आवश्यक आहे. फक्त नियमाचा हात सुरक्षेसाठी पुढे आला पाहिजे, त्यातून श्रद्धेवर नियंत्रणाचा संदेश जाणार नाही याची काळजी घ्यायला हवी. सध्या गणेशोत्सवात डीजेवर बंदी आणि त्यानिमित्ताने ध्वनिप्रदूषणाला आळा घालण्याच्या निमित्ताने सुरू झालेली चर्चा मूळ आरोग्य रक्षणाचा मुद्दा सोडून भलतीकडेच भरकटत नेली जाताना दिसते आहे. याही निर्णयाच्या नशिबी तो गोंधळ नको. पण सण-समारंभात वाटला जाणारा प्रसाद आणि अन्नावर गुणवत्ता नियंत्रण मात्र हवेच!

ज्ञानार्जनाच्या प्रवासातील सहप्रवाशांना नमस्कार!

शिक्षक विद्यार्थ्यांना घडवतात. विद्यार्थ्यांना प्रेरित करणाऱ्या गुरुजनांबद्दल सर्व भारतीयांच्या वतीने आज शिक्षकदिनी मी कृतज्ञता व्यक्त करते!

द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपती

भारताचे दुसरे राष्ट्रपती डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन यांची अशी इच्छा होती की त्यांचा जन्मदिवस 'शिक्षक दिन' म्हणून साजरा केला जावा. ते आंतरराष्ट्रीय ख्यातीचे विद्वान, प्रसिद्ध लेखक आणि आदरणीय मुत्सद्दी होते; तरीही त्यांनी शिक्षक म्हणून आपल्या भूमिकेला इतर सर्व भूमिकांपेक्षा सर्वात महत्त्वाचे मानले. भारताचे अत्यंत लाडके माजी राष्ट्रपती डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम यांना एकदा विचारण्यात आले होते की, लोक त्यांना वैज्ञानिक म्हणून अधिक लक्षात ठेवतील की राष्ट्रपती म्हणून? त्यावर डॉ. कलाम यांनी उत्तर दिले होते की, त्यांना एक शिक्षक म्हणून आठवणीत राहायला अधिक आवडेल.

आपल्या देशात शिक्षकांना नेहमीच आदराचे स्थान राहिले आहे. शिक्षकांनी आपल्या विद्यार्थ्यांवर स्वतःच्या मुलांप्रमाणे प्रेम केले पाहिजे, त्यांनी सर्वांना समान आणि न्याय्य वागणूक दिली पाहिजे, विद्यार्थ्यांचे कल्याण सर्वोपरी मानून त्यांच्या शिकण्याच्या क्षमतेनुसार मुलांना शिकवावे, अशी आपल्या प्राचीन ग्रंथांची शिकवण आहे. अशा शिक्षकांविषयी असलेल्या अतिशय सखोल आदराच्या भावनेतूनच, सुमारे तीन सहस्र वर्षांपूर्वी तैत्तिरीय उपनिषदाने 'आचार्यदेवो भव' हा कालातीत संदेश दिला. अनेक ज्ञानी आणि अतिशय आपुलकीने मार्गदर्शन करणाऱ्या शिक्षकांचे मार्गदर्शन हे माझे परम भाग्य राहिले आहे. आमचे शिक्षक शाळेच्या वेळेनंतरही काही वेळा त्यांच्या घरी आम्हाला शिकवायचे आणि आमची खूप काळजी घ्यायचे. सातवीची शाळा पूर्ण केल्यानंतर, पुढील शिक्षणासाठी गावाबाहेर पडणारी मी पहिली मुलगी होते. नंतर, भुवनेश्वरमध्ये शिकत असतानाही, मला माझ्या शिक्षकांकडून उदंड प्रेम आणि प्रोत्साहन मिळाले.

एक प्रेमळ आणि समर्पित शिक्षक विद्यार्थ्यांमध्ये असीम क्षमता आणि प्रेरणा जागृत करू शकतो. त्यांच्या या प्रोत्साहनाने विद्यार्थी आयुष्यातील कठीण आव्हानांना तोंड देण्याचे धैर्य आणि सर्वोच्च ध्येय गाठण्याचा आत्मविश्वास कमावतात. शिक्षक आपल्या स्वतःच्या आचरणातून एक यशस्वी आणि अर्थपूर्ण जीवन जगण्यासाठी आवश्यक असलेली कला आणि कौशल्ये विद्यार्थ्यांना देतात. मार्गदर्शक असण्यासोबतच, शिक्षक विद्यार्थ्यांच्या ज्ञानार्जनाच्या प्रवासातील शुभचिंतक, मित्र आणि सहप्रवासी सुद्धा असतात. संस्कृतमधील एक प्रसिद्ध सुभाषित आपल्याला सांगते: 'सर्वत्र विजयम् इच्छेत्, शिष्यात् इच्छेत् पराजयम्' - माणसाने सर्वत्र विजयाची इच्छा बाळगावी, परंतु स्वतःच्या शिष्याकडून मात्र पराभूत होण्याची इच्छा ठेवावी. विद्यार्थ्यांमध्ये स्वतंत्र विचारांना प्रोत्साहन देणे, त्यांची उत्सुकता प्रज्वलित करणे, प्रश्न विचारण्याच्या वृत्तीला खतपाणी घालणे, त्यांची तर्क आणि निर्णयाची क्षमता तीक्ष्ण करणे, आणि त्यांना एक स्वतंत्र व्यक्ती म्हणून घडण्यास मदत करणे - हे अध्यापनाचे सर्वात उपयुक्त आणि

सन्माननीय पैलू आहेत. अशाच प्रेरणादायी शिक्षणाच्या माध्यमातून आपण यशस्वी उद्योजक, तल्लख शास्त्रज्ञ, सर्जनशील कलाकार आणि समकालीन आव्हानांवर नावीन्यपूर्ण उपाय शोधण्यास सक्षम असलेल्या नागरिकांच्या पिढ्या घडतू शकू.

अध्यापन हा केवळ एक व्यवसाय नाही, तर ते एक व्रत आहे. ही केवळ एक कारकीर्द किंवा नोकरी नाही, तर मानवतेला आकार देण्याचे एक पवित्र कार्य आहे. येणाऱ्या पिढ्यांचा मार्ग प्रकाशित करण्याची ही एक उदात्त जबाबदारी आहे.

मी ओडिशातील रायरंगपूर येथील श्री ऑरोबिंदो इंटेग्रल स्कूलमध्ये विद्यार्थ्यांना शिकवले आहे. आजही, स्वातंत्र्य दिन आणि प्रजासत्ताक दिनाच्या सोहळ्यांची आमची तयारी आणि मुलांमधील आनंदी उत्साहाच्या आठवणी माझ्यासाठी अतिशय सुखावह असतात. शाळा सोडल्यानंतर अनेक वर्षांनीही माझे विद्यार्थी मला त्यांच्या कौटुंबिक कार्यक्रमांना आदरपूर्वक आमंत्रित करतात. मला माझ्या अनेक विद्यार्थ्यांची नावेच नव्हे, तर आम्ही त्या टोपणनावांनी त्यांना प्रेमाने हाक मारायचो ती टोपणनावेही स्पष्टपणे आठवतात. मी ज्या विद्यार्थ्यांना शिकवले त्यांच्याकडून मीसुद्धा खूप काही शिकले आहे. मुलांची उत्स्फूर्तता आणि चिकित्सक वृत्तीतून शिक्षकही खूप काही शिकत असतात.

साधारण अकरा वर्षांपूर्वी मी माझ्या गावच्या घरी एका निवासी शाळेची स्थापना केली. या शाळेत वंचित कुटुंबांतील विद्यार्थी आणि ज्यांनी आपले आई-वडिलांचे छत्र गमावले आहे अशी बालके शिक्षण घेतात. मी वेळोवेळी या बालकांना भेटण्यासाठी या शाळेला भेट देत असते. यावर्षी, २० जून रोजी या बालकांना भेटून मला खूप आनंद झाला. त्या मुलांना प्रगती करताना पाहून माझ्या मनात एका विशेष अर्थपूर्णतेची भावना निर्माण होते.

शिक्षण देण्याचे कार्य ही केवळ शिक्षकांची एकट्याचीच जबाबदारी नाही. जे लोक आपल्या आचरणातून आणि कर्तृत्वातून मुलांसाठी आदर्श बनतात, तेसुद्धा शिक्षण आणि प्रेरणेचा एक मौल्यवान स्रोत असतात. पालक आणि पालकवर्ग जेव्हा आपल्या मुलांना शिकण्यासाठी पाठवतात, तेव्हा शिक्षकांवर त्यांचा सर्वाधिक विश्वास असतो. शिक्षक आपल्या मुलांना स्वतःचे मानतील आणि मुलांच्या सुरक्षेची व विकासाची पूर्ण काळजी घेतील, असा त्यांचा विश्वास असतो. पालकांनी ठेवलेल्या या पवित्र विश्वासाचे जतन करणे हे प्रत्येक शिक्षकाचे कर्तव्य आहे. शिक्षकाची वृत्ती, आचरण आणि वर्तनामुळे मुलांमध्ये भीती आणि चिंता निर्माण होऊ नये, त्यांचे खच्चीकरण होऊ नये किंवा त्यांच्यात कोणतीही न्यूनगंडाची भावना निर्माण होऊ नये. चांगले शिक्षक त्यांच्या विद्यार्थ्यांना सर्वोत्तम व्यक्ती बनण्यास मदत करतात. आपल्या विद्यार्थ्यांना एक चांगला माणूस बनवण्यासाठी मार्गदर्शन करणे हे शिक्षकांचे पवित्र कर्तव्य आहे. जे विद्यार्थी आपल्या विचारात आणि कृतीत नैतिक राहून समृद्धी आणि यश संपादन करतात, ते शिक्षकांचा यशाचे जिवंत प्रतीक असतात.

पुस्तक-चर्चा

स्वादाने दरवळणाऱ्या खाऊगल्ल्यांमध्ये हाती काय लागते?

चाळीस वर्षे उत्तम स्वादाच्या शोधात भटकताना संजीव साबडे यांना सापडलेल्या चवीच्या शोधांची आणि मुंबईतल्या घमघमत्या खाद्यसंस्कृतीची रसाळ कहाणी.

भक्ती चपळगावकर
मुक्त पत्रकार

मराठी साहित्यात पाककृती आणि पाककला याबद्दलचे लिखाण आवडीने वाचले जाते. गेल्या काही वर्षांत या लिखाणात आणखी एका प्रवाहाची भर पडली आहे. खाद्यभ्रंमती. आवडीचे पदार्थ घरीच रांधले जातात असे नाही, उलट काही खास पदार्थ घराऐवजी बाहेरच चाखावे. मोठी उपाहारगृहे, छोटी उपाहारगृहे, रस्त्यावरच्या छोट्या टपऱ्या, खाऊगल्ल्या अशा सगळ्या ठिकाणी खवय्ये भटकत असतात. आता ॲपवरून पदार्थ मागवता येणे शक्य झाल्याने बाहेर भटकण्याची गरज नाही असे वाटू शकते, पण आजही खास ठिकाणी खास पदार्थ खायला प्रत्यक्षात जाणेच उत्तम.

गेली ४० वर्षे उत्तम स्वादाच्या शोधात भटकणारे पत्रकार संजीव साबडे यांच्या 'खाऊगल्ली' या पुस्तकाच्या निमित्ताने खवय्यांना अशाच खास ठिकाणांच्या आणि पदार्थांच्या सफरीवर जाता येते. काय खावे या माहितीबरोबरच त्या-त्या पदार्थाचा इतिहास, तो जिथे मिळतो ते ठिकाण याचाही साबडे यांनी लेखाजोखा घेतला आहे.

मुंबईतले स्ट्रीटफूड या पुस्तकाचा गाभा. मुंबईत कामाच्या निमित्ताने जेव्हा माणसं बाहेर पडतात तेव्हा ते एका सर्वसामायिक संस्कृतीचा भाग होतात. घरी ते एक विशिष्ट जात, समुदाय, संस्कृती आणि पद्धती पाळतात. बाहेर पडल्यानंतर ते एका वेगळ्या जगात सहभागी होतात. हे जग कामासाठी करावा लागणारा प्रवास, जास्त वेळ घराबाहेर राहावे लागत असल्यामुळे करावी लागणारी पोटपाण्याची सोय, घरी जाताना करावी लागणारी स्वयंपाकाची तयारी अशा वेगवेगळ्या गरजांनी बनलेले आहे. मग याच गरजांतून इथल्या खाऊगल्ल्यांनी एक वेगळे रूप धारण केले आहे. इथे कार्यालयीन भागात कोपऱ्याकोपऱ्यांवर एखादी उत्तम स्वयंपाकीण किंवा स्वयंपाकी घरगुती पोळी-भाजी, भात-वरण, रस्से घेऊन उभा असतो.

पत्रकार **संजीव साबडे** यांचे **स्वामीराज प्रकाशनने प्रकाशित केलेले 'खाऊगल्ली'** हे पुस्तक.

संध्याकाळी पावभाजी, डोसा, चाट, मोमोज, वडापाव, सँडविचेसचा एकत्रित सुगंध रेल्वे स्टेशन्स, बाजार, खाऊगल्ल्यांत पसरलेला असतो. या सगळ्या स्तरांना साबडेंचे लिखाण स्पर्श करते. मुंबईत बाहेरून आलेल्या समुदायांसाठी त्यांच्या ओळखीचे खाद्यपदार्थ असलेल्या जागा कुणी कशा सुरू केल्या याचे ओझरते पण महत्त्वाचे उल्लेख करत साबडे एका विषयातून दुसऱ्या विषयाकडे वळतात. मग ते मुंबईत पहिले चायनीज उपाहारगृह का आणि कुठे सुरू झाले, याची रोचक माहिती असो किंवा कोल्हापूर स्पेशल पांढरा-तांबडा रस्सा मुंबईत कुठे चाखायला मिळेल याची माहिती.

ही सगळी माहिती देत असताना साबडे बदलत्या काळासोबत बदलणाऱ्या फूड ट्रेंड्सचा आढावा घेतात. बाहेरून आलेल्या इराणी लोकांच्या उपाहारगृहांना उत्तर म्हणून मराठी उपाहारगृहे कशी सुरू झाली हे यात आहेच. पण त्याचबरोबर पावभाजी आणि पाणीपुरीच्या लोकप्रियतेबरोबरच मोमोजसारखे नवे आवडीचे पदार्थही यात आहेत. मुंबईच्या खाद्यसंस्कृतीचे प्रमाणीकरण करणे अशक्यच नाही, तर चुकीचे आहे. वैविध्य हेच मुंबईचे वैशिष्ट्य आहे आणि तेच इथे मिळणाऱ्या खाद्यपदार्थांचेही वैशिष्ट्य आहे. वेगाने बदलणाऱ्या मुंबईचे दस्तावेजीकरण केले नाही तर इथला लहानलहान पण महत्त्वाच्या गोष्टी नामशेष होतील. आज ज्या वेगात मुंबईत इमारती उभ्या राहात आहेत, त्या बघता इथली छोटी उपाहारगृहे, खाऊगल्ल्या टिकून राहणे अवघड झाले आहे. साबडे यांच्या लिखाणामुळे यातल्या अनेक वैशिष्ट्यांची नोंद झाली आहे. विजय गावडे यांनी मारियो मिरांडा यांच्या शैलीत काढलेली चित्रे खाऊगल्लीला सजीव करतात.

bhalwankarb@gmail.com

जगभर

युद्ध थांबवलं तर पुतिन यांना जिवाची भीती!

रशिया-युक्रेन यांच्यातील युद्ध २४ फेब्रुवारी २०२२ पासून म्हणजे तब्बल साडेचार वर्षांपासून सुरू आहे. हे युद्ध थांबवण्यासाठी रशियाचे राष्ट्राध्यक्ष पुतिन यांच्यावर आंतरराष्ट्रीय आणि देशांतर्गतही मोठा दबाव आहे, पण डोनबास जिंकण्याआधीच युद्ध थांबवलं तर आपल्याला सत्तेवर पाणी सोडावं लागेल अशी भीती पुतिन यांना वाटते आहे. या युद्धातून ठोस काही मिळविल्याशिवाय युद्ध थांबवलं, तर 'मला फासावर लटकावलं जाईल..' अशी भीती, चिंताही त्यांनी काही काळापूर्वी व्यक्त केली होती.

डोनबासवर रशियाचा कधीपासून डोळा आहे. युक्रेनमधील डोनेत्स्क आणि लुहांस्क या दोन प्रदेशांना मिळून डोनबास म्हटलं जातं. हा भाग रशिया आणि युक्रेनमधील युद्धाचा केंद्रबिंदू राहिला आहे. रशियाच्या सैन्याचा सध्या डोनबासच्या जवळपास ९० टक्के भागावर ताबा आहे. मात्र, संपूर्ण प्रदेशावर नियंत्रण मिळवणं अजूनही रशियाला शक्य झालेलं नाही. रशियाच्या दृष्टीनं डोनबास अत्यंत महत्त्वाचे आहे. पुतिन यांनी यापूर्वीही शांतता करारासाठी युक्रेननं रशियाच्या ताब्यात असलेल्या प्रदेशांवरील दावा सोडावा आणि या प्रदेशांना रशियाचा भाग म्हणून मान्यता द्यावी, अशी मागणी केली होती.

संपूर्ण डोनबासवर कब्जा मिळवण्याआधी युद्ध थांबवलं, तर रशियातील शक्तिशाली लोकांमध्ये त्यांच्याविरोधात नाराजी वाढू शकते आणि त्यातून त्यांच्या सत्तेलाही धोका निर्माण होऊ शकतो, अशी भीती पुतिन यांना वाटत असल्याचं एका अहवालातही नमूद करण्यात आलं आहे. आपल्या प्रमुख मागण्या पूर्ण न करताच युक्रेनसोबतचं युद्ध संपवलं, तर रशियात त्याकडे पुतिन यांची कमजोरी म्हणून पाहिलं जाईल, अशी त्यांची धारणा आहे. क्रेमलिनच्या एका सूत्रानं युद्ध संपवल्यानंतरच्या परिस्थितीवर चर्चा करताना पुतिन यांनी एकदा, 'ते मला फाशी देतील', असं म्हटलं होतं, असा दावा रिपोर्टमध्ये करण्यात



आला आहे. पुतिन यांना असं वाटतं की रशियाचा नेता कमजोर दिसला, तर त्याच्यासाठी सत्तेत टिकून राहणं कठीण होऊ शकतं. त्यामुळेच युद्ध संपवण्यासाठी मोठे तडजोडीचे निर्णय घेण्यापासून ते सावधगिरी बाळगताहेत.

प्रदीर्घ काळ सुरू असलेल्या युद्धामुळे पुतिन यांच्यासाठी परिस्थिती गुंतागुंतीची झाली आहे. युक्रेनकडून रशियाच्या तेल आणि ऊर्जा केंद्रांवर सातत्यानं हल्ले होत आहेत. त्यामुळे रशियाचा युद्धखर्चही वाढत चालला आहे. पण युद्ध थांबवणंही पुतिन यांच्यासाठी सोपं नाही. सर्वसामान्य नागरिकांच्या नाराजीपेक्षा रशियातील पैसा, शस्त्रसामग्री आणि सत्तेच्या केंद्रांपर्यंत पोहोच असलेल्या शक्तिशाली लोकांची भूमिका त्यांच्यासाठी अधिक महत्त्वाची आहे. एप्स्टीनियाच्या गुप्तचर विभागाचे प्रमुख रोसिन यांच्या मते, प्रभावशाली गटांमध्ये आता पूर्वीसारखी रशियाच्या पूर्ण विजयाची भाषा ऐकू येत नाही. त्याऐवजी युद्धाचा शेवट कसा करायचा, यावर विचार सुरू झाला आहे.

जवळपास पाच वर्षं युद्ध करून देशानं नेमकं काय मिळवलं, हा प्रश्न रशियातील शक्तिशाली लोकांमध्येही आता विचारला जाऊ लागला आहे. रशियातील एका प्रभावशाली व्यक्तीच्या हवाल्यानं रिपोर्टमध्ये म्हटलं आहे की, 'राजाच्या अंगावर कपडेच नाहीत' अशी भावना आता जनतेत वाढत चालली आहे. सत्तेतील कमकुवतपणा पूर्वीसारखा लपून राहिलेला नाही आणि तो आता स्पष्टपणे दिसू लागला आहे. रशियाला संपूर्ण डोनबासवर ताबा हवा आहे, तर युक्रेन आपली जमीन सोडण्यास तयार नाही. त्यामुळे शांतता कराराच्या मार्गात डोनबास हा सर्वात मोठा अडथळा ठरतो आहे.

चित्रकथा

द आर्टिस्ट स्टुडिओ - १९व्या शतकातील कलेचा बदलता चेहरा

गुस्ताव्ह कुर्बे- सामान्य माणसाला भव्य कॅनव्हासवर आणणारा पहिला चित्रकार. त्याचं हे चित्र रिअॅलिझम चळवळीचा जाहीरनामा ठरलं.

शर्मिला फडके
ख्यातनाम कला समीक्षक, लेखिका

गुस्ताव्ह कुर्बे या फ्रेंच चित्रकाराने १८८५ साली स्वतःच्या कलात्मक आणि नैतिक जीवनाचा वास्तव, रूपकात्मक सारांश एका भव्य तैलचित्रातून मांडला. समाजाच्या वरच्या, खालच्या आणि मधल्या थरांचं चित्रण त्यात होतं. 'चित्रित होण्याकरता माझं जग माझ्या स्टुडिओत दाखल होतं', कुर्बेनी आपलं हे वाक्य या चित्राद्वारे सिद्ध करुन दाखवलं.

चित्रात मध्यभागी तो स्वतः एक लँडस्केप रंगवतो आहे. त्याच्या मागे मॉडेल स्त्री उभी आहे, ती आहे अकॅडेमिक कला. आपल्या अंगाचरची झूल तिने उतरवली आहे. त्याच्या कलेत दाखल झालेल्या सत्य, निसर्ग आणि प्रेरणा यांचं ती प्रतीक आहे. बाजूला एक लहान मूल आणि पांढरी मांजर, ज्यातून तो सुचवतो आहे, खरी कला म्हणजे निरागसता. उजवीकडे आहे एलिट पॅरिस समाज. हे त्याचं स्नेही कलाविश्व. त्यात दिसताहेत कवी बोदलेअर, समीक्षक शॉफ्लरी, तत्वज्ञ प्रुदों आणि कलेचा आश्रयदाता ब्रूया.

हे त्याच्या वैचारिक, बौद्धिक जगाचं प्रतिनिधित्व करतात. डावीकडे दिसत आहे समाजाचं वास्तव, ज्यातून तो आला. शोषक आणि शोषितांचे हे 'दुसरं जग' ज्यात आहेत पुजारी, व्यापारी, शिकारी, शेतकरी, मजूर, वेश्या, भिकारी. समोर शिकारी कुत्र्यांसह बसलेला सम्राट नेपोलियन तिसरा, ज्याचा कुर्बे उघड तिरस्कार करत होता. चित्रात केंद्रस्थानी असलेला चित्रकार हा नायक नसून साक्षीदार आहे, समाजाच्या बेस्ट, वर्स्ट आणि ॲव्हरेज रूपाचा. हे चित्र रिअॅलिझम चळवळीचा जाहीरनामा ठरलं.

चित्रात चित्रकाराची आत्मकहाणी असते, कुर्बेच्या चित्रात समाजाची कहाणी आहे. जिवंत कलेची निर्मिती त्याला करायची होती, म्हणूनच त्याने आपल्या जगातल्या माणसांचं खरं जगणं रंगवलं. कुर्बे हा पस्च्या शतकातील रिअॅलिझम चळवळीचा नेता, तो समाजवादी विचारांचा होता. चित्रांमधून देव, राजा, इतिहासाचं जग वजा करुन सामान्य माणसाला भव्य कॅनव्हासवर आणणारा पहिला चित्रकार.

माझं जग, माझे लोक आणि माझं वास्तव हेच माझ्या कलेचा विषय, असं म्हणून त्याने आदर्श, सुंदर, उदात्त विषय नाकारले. अकॅडमीचे मानसन्मान धुडकावले, तुरुंगवास भोगला. सामाजिक वास्तवाला सजवून, रोमँटिक करून दाखवण्याची गरज त्याला वाटत नव्हती. दगडफोडे, सामान्य व्यक्तीचा अंत्यसंस्कार.. तैलचित्रातून मांडले. सलोनने चित्रं नाकारली तेव्हा त्याने त्याच सलोनच्या शेजारी स्वत:चं 'वास्तव कला दालन' उभारलं आणि त्यामध्ये लोकांना बघण्याकरता चित्रं खुली केली.

कलेच्या द्वैतातिसातलं हे पहिलं बंड, ज्यातून पुढे सलोनने नाकारलेल्या चित्रकृतींची स्वतंत्र प्रदर्शने भरवण्याची पद्धत सुरू झाली. इम्प्रेशनिस्ट आणि क्युबिस्ट चित्रकारांना वाट मिळाली. प्रतिष्ठित सलोनची मक्तेदारी संपली. आज हे चित्र १९व्या शतकातील कलेचा बदलता चेहरा दर्शवतं. राजे, देवता आणि पौराणिक नायकांच्या जगातून कला हळूहळू सामान्य माणसाच्या जगात येत होती, आणि त्या बदलाच्या मध्यभागी कुर्बे उभा आहे, हातात ब्रश घेऊन. हा केवळ एका चित्रकाराचा स्टुडिओ नाही, आधुनिक कलेचा जन्म होत असलेली जागा आहे. - १२ बाय २०फुटांचं हे भव्य ऑईल पेंटिंग आता पॅरिसच्या प्रतिष्ठित म्युझी द'ओर्सेमध्ये बघता येईल.

sharmilaphadke@gmail.com

जनमन

शिक्षकांची भूमिका अधिक आव्हानात्मक

शिक्षक आणि विद्यार्थी हे नाते अत्यंत महत्त्वाचे आणि कळीचे आहे, पण आजच्या काळात शिक्षकाची भूमिका अधिक आव्हानात्मक झाली आहे. मोबाइल, इंटरनेटच्या युगात विद्यार्थ्यांना योग्य दिशा दाखवणे, त्यांच्यातील सुप्त गुण ओळखून त्यांना घडवणे हे मोठे कार्य शिक्षक करत असतात. एक चांगला शिक्षक विद्यार्थ्यांच्या आयुष्याला कलाटणी देऊ शकतो. शिक्षक विद्यार्थ्यांमध्ये आत्मविश्वास निर्माण करतो, त्यांच्या अडचणी समजून घेतो आणि त्यांना योग्य मार्गदर्शन करतो. केवळ पुस्तकी ज्ञान न देता जीवनातील मूल्ये, शिस्त, संस्कार, प्रामाणिकपणा आणि सामाजिक जाणीव निर्माण करण्याचे कार्यही शिक्षक करत असतो. त्यामुळे विद्यार्थ्यांच्या व्यक्तिमत्त्व विकासात शिक्षकाचे योगदान अनन्यसाधारण असते.

सावित्रीबाई फुले यांनी शिक्षणाच्या माध्यमातून अनेकांचे आयुष्य खऱ्या अर्थाने फुलवले. त्यांनी शिक्षणाचा मार्ग दाखवल्यामुळे आज अनेक ज्योती प्रकाशमय झाल्या आहेत. डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम यांनी नेहमी सांगितले की, शिक्षक हाच राष्ट्र घडवतो. डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम यांना आपली ओळख शिक्षक म्हणूनच जास्त आवडत असे. आयुष्य तेजस्वी करण्याचे मोठे सामर्थ्य शिक्षकांमध्ये असते. शिक्षकांनी दिलेल्या योग्य मार्गावरून मार्गक्रमण केले तर नक्कीच विद्यार्थ्यांचे आयुष्य खऱ्या अर्थाने तेजोमय होते. शिक्षकाने दिलेले ज्ञान म्हणजे विद्यार्थ्यांच्या उज्ज्वल भविष्याची खरी शिदोरी असते. 'गुरुने दिला ज्ञानरूपी वसा; आम्ही चालवू हा पुढे वारसा...' याप्रमाणे आचरण करणे अत्यंत महत्त्वाचे आहे.

- प्रा. राकेश शेटके, इचलकरंजी

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : janman@lokmat.com

तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे

हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८५८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०७ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४५७४८
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७५४६. ● **ठाणे कार्यालय :** रेस्टर्न वू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४५९०५, २५३८५७४४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०७. फोन : ०२२ ४६०४५७४८ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● वेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे व्यापारचिन्ह आहे.

चिंतन

अब अंतरिक्ष से दुनिया पर भारत की नजर

अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती ताकत अब केवल उपग्रहों की संख्या या प्रक्षेपण की सफलता तक सीमित नहीं रह गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की नई उपलब्धि इस बात का संकेत है कि भारत पृथ्वी को अंतरिक्ष से देखने, समझने और उसके आधार पर त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को लगातार मजबूत कर रहा है। उन्नत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-05 का सफल प्रक्षेपण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ईओएस-05 की सबसे बड़ी विशेषता इसका भू-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित होना है। पृथ्वी से करीब 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर ऐसी कक्षा में उपग्रह की तैनाती भारत को एक अलग तरह की निगरानी और अवलोकन क्षमता देगी। निचली पृथ्वी कक्षा में घूमने वाले उपग्रहों की अपनी उपयोगिता है, लेकिन भू-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित उपग्रह लगातार एक बड़े भूभाग पर नजर रखने में अधिक सक्षम होते हैं। यही कारण है कि इस मिशन को कृषि, मौसम, आपदा प्रबंधन और राष्ट्रीय स्तर की अनेक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वास्तविक समय के करीब तस्वीरें उपलब्ध कराने की क्षमता इस उपग्रह को और उपयोगी बनाती है। आज जब मौसम में तेजी से बदलाव हो रहे हैं, बाढ़, भूस्खलन, चक्रवात और जंगलों की आग जैसी आपदाएं अचानक बड़े क्षेत्रों को प्रभावित कर रही हैं, तब जमीन से मिलने वाली सूचनाओं के साथ अंतरिक्ष से मिलने वाला दृश्य आंकड़ा प्रशासन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हो सकता है। किसी बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में सड़क और पुल की स्थिति जानना हो, फसल के नुकसान का आकलन करना हो या किसी आपदा के बाद राहत कार्यों की प्राथमिकता तय करनी हो, उपग्रह से प्राप्त तस्वीरें निर्णय प्रक्रिया को तेज कर सकती हैं। कृषि के क्षेत्र में भी इसकी उपयोगिता दूरगामी हो सकती है। फसलों की स्थिति, भूमि के उपयोग में बदलाव, सिंचाई से जुड़े क्षेत्र और प्राकृतिक संसाधनों की निगरानी जैसी गतिविधियों में पृथ्वी अवलोकन उपग्रह पहले से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस मिशन का एक दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष भारत की प्रक्षेपण क्षमता है। जीएसएलवी के जरिए 2,367 किलोग्राम वजनी उपग्रह को निर्धारित कक्षा में स्थापित करना इस प्रक्षेपण यान की क्षमता में हुई प्रगति को दर्शाता है। कभी 1,536 किलोग्राम के पेलोड से शुरू हुआ यह सफर अब कहीं अधिक भारी उपग्रह को अंतरिक्ष तक पहुंचाने में सक्षम हुआ है। हालांकि इस उपलब्धि के साथ एक सावधानी भी जरूरी है। अंतरिक्ष से प्राप्त आंकड़ों की उपयोगिता तभी पूरी तरह सामने आएगी, जब उन्हें जमीन पर काम करने वाली व्यवस्थाओं से प्रभावी ढंग से जोड़ा जाए। उपग्रह तस्वीरें उपलब्ध करा सकता है, लेकिन उनका विश्लेषण, संबंधित विभागों तक समय पर पहुंच और उसके आधार पर त्वरित कार्रवाई उतनी ही महत्वपूर्ण है। तकनीक तभी जनहित का माध्यम बनती है जब उसका अंतिम लाभ आम नागरिक तक पहुंचे। इसरो ने ईओएस-05 को टोही उपग्रह बताए जाने की अटकलों को खारिज किया है। इसलिए इसके घोषित वैज्ञानिक और नागरिक उपयोगों को ही इसके मूल्यांकन का आधार बनाया जाना चाहिए। ईओएस-05 की नौ वर्ष की कार्य अवधि के दौरान इससे मिलने वाले आंकड़े मौसम से लेकर खेती और आपदा प्रबंधन तक अनेक क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो सकते हैं। इस मिशन की असली सफलता तब मानी जाएगी, जब अंतरिक्ष में स्थापित यह 'आंख' जमीन पर करोड़ों भारतीयों के जीवन को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और बेहतर बनाने में मदद करे।

शिक्षक दिवस विशेष
डॉ. संजय शुक्ला

'एआई' के दौर में भी शिक्षक प्रासंगिक

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्मतिथि 5 सितंबर को पूरे देश में "शिक्षक दिवस" के रूप में मनाया जाता है। इक्कीसवीं सदी के सूचना क्रांति और आर्थिक उदारीकरण के आज के दौर में जब शिक्षा तकनीक आधारित हो चुकी है तब शिक्षकों की प्रासंगिकता पर लगातार बहस चल रही है। इंटरनेट आज आम आदमी के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन गया है, इसके जरिए दुनिया भर की सभी ज्ञान व सूचनाएं इलेक्ट्रानिक गैजेट में उपलब्ध हैं। इंटरनेट के बाद अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि "एआई" ने शिक्षा के तौर तरीकों में भी भारी बदलाव लाया है। आज पारंपरिक क्लासरूम की जगह ऑनलाइन क्लास और स्मार्ट क्लासरूम का प्रचलन बढ़ने लगा है। एआई ने दुनिया में एक नई क्रांति ला दिया है जिससे शिक्षा का क्षेत्र अछूता नहीं है आलम यह है कि यह तकनीक अब शिक्षा के बुनियाद पर ही हमला कर रहा है जिससे अनेक विसंगतियां पैदा हो रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा में बौद्धिक विकास और नवाचार के लिए अनुसंधान की सतत प्रक्रिया को कुंद कर रहा है। बिलाशक इंटरनेट आधारित शिक्षा प्रणाली में शिक्षक की भूमिका सीमित होने लगी है लेकिन तकनीक आधारित इस शिक्षा मॉडल की दुश्वारियां भी सामने आने लगी है। 'एआई' छात्रों को व्यक्तिगत तौर पर जानकार तो बना सकता है लेकिन शिक्षक ही ऐसा माध्यम है जो छात्रों को मानवीय संवेदना, मूल्य, मार्गदर्शन और सीखने की दिशा प्रदान करता है। इस लिहाज से शिक्षक हर दौर में प्रासंगिक रहेंगे लेकिन उन्हें भी इस दौर के तकनीक को अपनाना होगा। लिहाजा भविष्य के दृष्टिगत हम कह सकते हैं कि 'एआई' और शिक्षक एक - दूसरे का विकल्प नहीं हो सकते बल्कि परस्पर सहयोगी जरूर होंगे।

विचारणीय है कि देश की शिक्षा व्यवस्था में शुरुआत से ही व्यापक असमानता रही है। कोविड इंटरनेट ने इस खाई को और भी चौड़ा कर दिया है। नवीन शिक्षा नीति 2020 में डिजिटल शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का दावा किया गया है लेकिन आज भी ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट की पहुंच कम है जिसके चलते शहरी और ग्रामीण छात्रों के शिक्षा में असमानता है। विचारणीय है कि सरकार एक तरफ परीक्षाओं में पेपर लीक के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत नौकरी से लेकर दाखिला परीक्षाओं को कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट 'सीबीटी' मोड पर करने पर विचार कर रही है तो दूसरी ओर डिजिटल शिक्षा में बढ़ती असमानता कहीं अनेक छात्रों के पैरों की बेड़ियां न बन जाए? यह सवाल सरकार और समाज के लिए विचारणीय है। अनेक शिक्षाविदों और समाजशास्त्रियों का मानना है कि स्कूली शिक्षा के बढ़ती खाई को जल्द भरने की जरूरत है वरना देश के पास एक कम समझ वाली पीढ़ी होगी जो सामाजिक और आर्थिक असमानता को बढ़ावा देगा। बहरहाल इन विसंगतियों ने यह साबित कर दिया है कि इंटरनेट तकनीक के पहुंच के अभाव को बहुत हद तक शिक्षक ही दूर कर सकता है बशर्ते वह ऑनलाइन शिक्षण विधियों में पारंगत हो लिहाजा शिक्षकों को 'एआई' और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग के बारे में प्रशिक्षित होना होगा।

अलबत्ता हालिया दौर मे जब ज्ञान से लेकर विज्ञान की सारी जानकारियां भले ही 'एआई' पास उपलब्ध है और इंटरनेट की प्रभावशाली भूमिका और अनिवार्यता से कोई इंकार नहीं कर सकता तब भी यह ज्ञान शिक्षक से प्राप्त ज्ञान की तुलना में अपेक्षाकृत अपूर्ण है। शिक्षा के मूल में सीखने का कौशल, विषयों को समझना और विश्लेषण करना, शिक्षक और छात्र के बीच परस्पर सवाल-जवाब, परीक्षा व मूल्यांकन है जो वर्चुअल माध्यम में संभव नहीं है। शिक्षक ज्ञान और कौशल को विकसित करने के साथ ही छात्र के मानसिक और भावनात्मक विकास में मदद करता है वह जीवन के बुनियादी नैतिक मूल्यों के बारे में शिक्षित करता है। इंटरनेट से मिला ज्ञान छात्र को जानकार तो बना सकता है लेकिन यह ज्ञान उसके लिये एकांगी होता है, इस माध्यम में उपलब्ध जानकारियों से ज्ञान की जिज्ञासा को शांत नहीं किया जा सकता है बल्कि कई बार एक विषय पर अलग-अलग सूचनाएं परोसता है। आभासी माध्यम से प्राप्त शिक्षा में व्यवहारिकता व नैतिकता जैसे मानवीय गुणों का सर्वथा आभाव रहता है जो शिक्षा का मूल उद्देश्य है।विचारणीय है कि गूगल से मिले ज्ञान में भटकाव है जबकि शिक्षक से ग्रहण शिक्षा में संपूर्णता और जिज्ञासा शांति है। शिक्षक अपने ज्ञान और अनुभव से विद्यार्थियों में आदर, नैतिकता, समता, सामूहिकता और आत्मविश्वास जैसे गुणों का बीजारोपण करता है। शिक्षण के इस अंतर को अब छात्र भी भलि- भाँति महसूस करने लगे हैं।



प्राचीन भारत से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शिक्षा के पौराणिक गुरूकुल काल के गुरु वशिष्ठ, द्रोणाचार्य, चाणक्य से चली आ रही भारतीय शिक्षा के गौरवमयी परंपरा को गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर और डॉ. राधाकृष्णन जैसे विद्वानों ने समृद्ध किया है। शिक्षक की भूमिका सिर्फ अध्ययन -अध्यापन ही नहीं बल्कि समाज को राष्ट्रनिर्माण के लिए एक चरित्रवान और ज्ञानवान नागरिक देने की रही है। सामाजिक दायित्व के दृष्टिगत महात्मा गांधी शिक्षकों को /"एजेंट ऑफ सोशल चेंज/" मानते थे. डॉ.राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षा संस्कारित करने का माध्यम है न कि मशीनीकरण का अतः शिक्षक का कार्य छात्र को बतौर उत्पादक मशीन बनाना नहीं बल्कि एक मानव बनाना है। विडंबना है कि नब्बे के दशक से जारी बाजारवाद की आंधी ने शिक्षा जैसे निःस्वार्थ सेवा और दान के क्षेत्र का व्यवसायीकरण कर दिया है। शिक्षा के बाजारीकरण, शिक्षा की बदहाल व्यवस्था, घर लोलुपता और विदेशी शिक्षा के प्रति बढ़ते मोह के चलते अब भारत के शिक्षक और शिक्षा दोनों गांधी और राधाकृष्णन के राह से भटकने लगे हैं।आधुनिक शिक्षा व्यवस्था का एकमात्र उद्देश्य विद्यार्थी को पढ़ लिखकर एक अच्छी नौकरी दिलाना रह गया है। विचारणीय है कि इंटरनेट और एआई से देश को बेहतर प्रोफेशनल तो मिल जाऐंगे लेकिन जिम्मेदार व चरित्रवान नागरिक मिलने की गारंटी शत प्रतिशत नहीं है। देश के शिक्षा व्यवस्था पर गौर करें तो विभिन्न सरकारों ने स्कूल से लेकर विश्वविद्यालयों में संविदा या दैनिक वेतन पर शिक्षकों की नियुक्ति किया है। एक ही छत के नीचे नियमित और संविदा शिक्षक सेवारत हैं उनकी भर्ती की योग्यता तो समान है लेकिन वेतन, भत्तों और पेंशन में काफी अंतर है। भविष्य की अनिश्चितता इन शिक्षकों के कार्यक्षमता और उत्पादकता को भी प्रभावित कर रही है। दूसरी ओर सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को सरकार के फरमान पर अध्यापन के इतर जनगणना, मतदाता सूची, राशन कार्ड निर्माण और गरीबी रेखा सर्वेक्षण काम के लिए घर-घर दस्तक देते अथवा मतदान केंद्रों में ड्यूटी करते हुए देखा जा सकता है।इन गतिविधियों के कारण जहाँ शिक्षा के गुणवत्ता में गिरावट आ रही है वहीं शिक्षकों की गरिमा भी घटने लगी है। बात यदि शिक्षकों को करें तो कतिपय शिक्षकों के कदाचरण के कारण समाज में उनकी छवि विकृत हो रही है जिस पर चिंतन आवश्यक है। आए दिन शिक्षकों द्वारा शराबखोरी, छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और अनाचार, परीक्षा के पर्चे लीक करने से लेकर पास करने के लिए पैसों के लेनदेन की खबरें आम हो चुकी है। शिक्षकों के कलंकित आचरण की खबरों से शिक्षा जैसे मुकद्दस पेशे की मर्यादा पर आंच आई है। हालांकि कुछ शिक्षकों के कदाचरण के लिए समूचे शिक्षक बिरादरी को कठघरे में खड़ा करना उचित नहीं होगा बल्कि आज भी बहुतेरे ऐसे शिक्षक हैं जो इस पवित्र पेशे की गरिमा को बचाए हुए हैं। बिलाशक आज के 'अर्थयुग' में शिक्षक की भी पारिवारिक जिम्मेदारी है लेकिन इस जिम्मेदारी के निर्वहन में उसे हमेशा नैतिक राह ही अख्तियार करना चाहिए ताकि इस पेशे की गरिमा और सम्मान सुरक्षित रहे। गला काट प्रतिस्पर्धा के वर्तमान दौर में शिक्षा का जिस तरह वैश्वीकरण और बाजारीकरण हो रहा है उससे छात्रों को अच्छे रिजल्ट देकर बेहतर प्रोफेशनल्स तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है फलस्वरूप शिक्षा में नैतिकता बड़ी तेजी से खत्म हो रही है। शिक्षा के मानवीकरण के पक्षधर रहे डॉ.राधाकृष्णन ने शिक्षकों के लिए बखूबी कहा है कि /" शिक्षक के लिए मानव का दानव बन जाना उसके लिए पराजय है,मानव का महामानव होना उसका चमत्कार है और मानव का मानव होना उसकी विजय है।/" हालिया दौर में जब युवा पीढ़ी नशाखोरी, अपराध और धार्मिक कट्टरता के अंधी खाई की ओर बढ़ रही है तब शिक्षक ही मानवीय मूल्यों, नैतिक विचारों, सर्वधर्म समभाव रखने वाले चरित्रवान पीढ़ी तैयार कर सकते हैं जो गूगल गुरु या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए संभव नहीं है लिहाजा यह सत्य है कि शिक्षक के बिना शिक्षा का उद्देश्य अधूरा है।

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक

राष्ट्र निर्माण के प्रतिनिधि हैं शिक्षक

आज गुरुओं के सम्मान का दिन है। 5 सितंबर को देशभर में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1962 में जब डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय गणतंत्र के दूसरे राष्ट्रपति बने, तब उनके विद्यार्थियों ने उनका जन्मोत्सव मनाने का विचार किया, लेकिन उन्होंने इस अनुरोध को अस्वीकार कर सुझाव दिया कि अगर वे उनके जन्मोत्सव को शिक्षक दिवस के रूप में मनाएं तो ज्यादा खुशी होगी। तभी से इस दिन को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन अक्सर कहा करते थे कि शिक्षक का कार्य केवल शिक्षण संस्थानों की परिधि तक ही सीमित नहीं है। समाज व राष्ट्र के गुणसूत्र को बदलने की जिम्मेदारी भी उसके कंधे पर होती है। इसलिए कि वह राष्ट्रीय जनमानस का प्रतिनिधि होता है। उसके आदर्शवादी मूल्य और सारगर्भित विचारधारा समाज व देश के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। राधाकृष्णन एक उत्कृष्ट विद्वान, महान शिक्षाशास्त्री के अलावा कुशल वक्ता भी थे। अंग्रेजी और संस्कृत पर उन्हें असामान्य अधिकार था। भारत में सत्ता हस्तांतरित होने के गौरवशाली अवसर पर जो गिने-चुने महापुरुषों ने अपने विचार व्यक्त किए उनमें डा. राधाकृष्णन भी थे। उनकी विद्वता और ज्ञान सिर्फ कोरी शास्त्रीय नहीं थी, बल्कि इसे अपने जीवन में उतारा भी। शिक्षा में महान योगदान को देखते हुए ही भारत सरकार ने उन्हें 1954 में भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया। डा. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को मद्रास के निकट तिरुतानी में हुआ।

शिक्षा प्राप्ति के तदोपरांत डा. राधाकृष्णन सर्वप्रथम एक शिक्षक के रूप में मद्रास में लेक्चरर नियुक्त हुए। 1911 में वे मद्रास के प्रेसीडेंसी कालेज में

असिस्टेंट प्रोफेसर और 1916 में प्रोफेसर बने। 1918 में वह मैसूर विश्वविद्यालय में चले गए और वहां 1921 तक रहे। 1926 और 1929-30 में ऑक्सफोर्ड के मानचेस्टर कालेज और 1926 में शिकागो विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे। 1927 में भारतीय दर्शन परिषद के बंबई अधिवेशन के अध्यक्ष बने। सर आशुतोष मुखर्जी के निवेदन पर वे कलकत्ता विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर पद पर कार्य करना स्वीकार किया। वे वहां 1921 से 1931 तथा 1937 से 1941 तक अध्यापन कार्य किए। इसके बाद वे आंध्रप्रदेश विश्वविद्यालय में 1939 से 1948 तक उपकुलपति रहे। 1931 से 1941 तक राष्ट्रसंघ की बौद्धिक सहकारिता संबंधी अंतर्राष्ट्रीय समिति के सदस्य रहे। बंगाल की रायल एशियाटिक सोसायटी के फैलो और भारतीय विश्वविद्यालय कमीशन के अध्यक्ष के पद की भी उन्होंने शोभा बढ़ाई। 1916 महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा बनारस में स्थापित काशी हिंदू विश्वविद्यालय में भी उन्होंने बतौर कुलपति अपनी भूमिका का गौरवपूर्ण निर्वहन किया। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जब गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया उस दौरान काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अपने ज्ञान-विज्ञान, दर्शन और चिंतन से भारतीय समाज और राष्ट्र के जीवन में नवीन प्राणों का संचार करने के कारण ही शिक्षक यानी गुरुओं की तुलना ब्रह्मा, विष्णु व महेश से की गई है। गुरु अर्थात ज्ञान का वो प्रकाशपुंज जो शिष्य के अंधकार रूपी अज्ञान समाप्त करके उसे और सार्थक मनुष्य बनाता है। संत कबीर कहते हैं कि 'हरि रुठे गुरु ठौर हैं, गुरु रुठे नहीं ठौर'। अर्थात भगवान के रुठने पर तो गुरु की शरण रक्षा कर सकती है, लेकिन गुरु के रुठने पर कहीं भी शरण नहीं मिलेगी। शास्त्रों में गुरु को तीर्थ से भी बड़ा कहा गया है। तीर्थ गए तो एक फल, संत मिले फल चार, सद्गुरु मिले तो अनंत फल, कहे कबीर विचार। गुरु शिष्य का मार्गदर्शन कर उसके जीवन को ऊर्जा से भर देता है। लीलारस के रसिकों का दाता श्रीकृष्ण भी सद्गुरु ही है। भगवान श्रीकृष्ण ने गुरु रूप में शिष्य अर्जुन को संदेश दिया था कि 'सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज, अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि माम शुचः। अर्थात सभी साधनों को छोड़कर केवल नारायण स्वरूप गुरु की शरणागत हो जाना चाहिए। वे उसके सभी पापों का नाश कर देंगे। भारतीय संस्कृति और सभ्यता में कहा गया है कि जिनके दर्शन मात्र से मन प्रसन्न होता है वह परमसत गुरु है। गुरु के बिना न आत्मदर्शन संभव है और न ही परमात्मा दर्शन। जप, तप, यज्ञ और ज्ञान में गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक है। किसी भी प्रकार की विद्या हो अथवा ज्ञान वह गुरु से ही प्राप्त होता है। सद्गुरु की महिमा अनंत और अपरंपार है। आज के आधुनिक युग में भी गुरु की महत्ता में तनिक भी कमी नहीं आयी है। एक बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए आज भी गुरु का सानिध्य आवश्यक है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मन की कड़वाहट मिटाने से संबंधों में समरसता आएगी



संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

शिव जी के अंशावतार हैं हनुमान जी

संकलित
प्रेरणा

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था. जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं! फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

अंतर्मन

आज की पाती

शिक्षक को अपनी भूमिका समझनी होगी

समाज में नैतिक मूल्यों का आए दिन क्षरण हो रहा है। पहले के मुकाबले आज परिस्थितियां बिल्कुल विपरीत हो चुकी हैं। वास्तव में मां-बाप अपने कर्तव्यों से विमुख होते जा रहे हैं और बच्चों की शिक्षा का दारोमदार शिक्षक के ऊपर छोड़ दिया है। फलस्वरूप बच्चों का भविष्य जहां वर्तमें जा रहा है, वहीं शिक्षक भी इनके भविष्य के प्रति नाममात्र ध्यान देकर अपनी इतिश्री कर रहे हैं। जबकि शिक्षक को गुरु और भगवान के रूप में हमेशा देखा गया है। हर वर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा। विडंबना यह है कि शिक्षक को समाज आज वांछित इज्जत नहीं दे रहा है और न ही शिक्षक अपनी भूमिका को समझ पा रहा है। - ललित जैन, अंबिकापुर

ट्रेंड

कांग्रेस की झूठ

जैसे ही दक्ष मंदिर में एयर फोर्स के एक पूर्व अधिकारी की नियुक्ति हुई, कांग्रेस की झूठ फैलाने वाली मशीन तुरंत हरकत में आ गई। उनकी योग्यता, उनका काम नहीं दिखाया गया, उन्होंने इसमें विवाद ढूंढ ही लिया।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

आदिवासी छात्रों की लड़ाई

नासिक और महाराष्ट्र के आदिवासी छात्रों की लड़ाई सिर्फ शिक्षा, रोजगार, हॉस्टल और भोजन के लिए नहीं है, यह उनके अस्तित्व और आदिवासी पहचान की लड़ाई भी है। इन बहादुर छात्रों से मिलकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई और जीत हासिल की।
-राहुल गांधी, सांसद, वायनाड

जगदीश मित्तल को नमन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और राष्ट्रीय कवि संगम के संस्थापक-अध्यक्ष जगदीश मित्तल के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। राष्ट्रीय चेतना के प्रति उनका समर्पण सभी को राष्ट्र-सेवा के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा।
- भजनलाल, सीएम, राजस्थान

इसरो टीम को बधाई

इसरो का हर लॉन्च हमें गर्व से भर देता है। तकनीक के क्षेत्र में हासिल की गई हर नई कामयाबी भारत की राष्ट्रनीतिक स्वायत्तता को मजबूत करती है। ईओएस-05 को ले जाने वाले सफल जीएसएलवी-एफ17 मिशन के लिए इसरो की टीम को बहुत-बहुत बधाई।
- स्मृति ईरानी, पूर्व केंद्रीय मंत्री

करंट अफेयर

जॉर्डन को अमेरिकी संबंधों की कीमत चुकानी पड़ रही

अमेरिकी सैनिकों की मेजबानी करने वाले जॉर्डन को ईरान के साथ जारी अमेरिका के युद्ध में वाशिंगटन के साथ करीबी संबंधों की कीमत चुकानी पड़ रही है और ईरान उसके सैन्य ठिकानों को कई बार निशाना बना चुका है।

विश्लेषकों का कहना है कि सैकड़ों ड्रोन एवं मिसाइल हमलों ने जॉर्डन पर पहले से मौजूद दबाव को और बढ़ाया है। उनका कहना है कि देश की अर्थव्यवस्था सुस्त है और पड़ोसी वेस्ट बैंक में भी अस्थिरता बढ़ी है, जहां इजराइल ने फलस्तीनियों पर हमले तेज कर दिए हैं। जॉर्डन में और हमलों के खतरे के बावजूद उसके नेताओं का कहना है कि वे अमेरिका के साथ करीबी संबंध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जॉर्डन अमेरिकी अधिकारियों के साथ सुरक्षा संबंध मजबूत करने और संघर्ष से जूझ रहे पश्चिम एशिया में पश्चिमी देशों के लिए एक भरोसेमंद साझेदार बनने की दशकों से कोशिश करता रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका के साथ यह गठजोड़ जॉर्डन को अपने पड़ोसी देशों की अस्थिर करने की ईरान की कोशिशों से बचाव का एक जरिया भी देता है। जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय ने ऐसे गठजोड़ की जरूरत को स्वीकार करते हुए पिछले साल कहा था कि कोविड-19 संकट, यूक्रेन पर रूस के व्यापक हमले और पश्चिम एशिया में इजराइल के कई सैन्य अभियानों से पैदा हुई अस्थिरता इस क्षेत्र से बहुत दूर तक भी अराजकता फैला सकती है।



ऑफ बीट

हिमालय से जुड़े खतरे होते जा रहे हैं जटिल

नेपाल में हाल में आई विनाशकारी बाढ़ का समय-क्रम अब धीरे-धीरे साफ हो रहा है। सुबह 8:37 बजे, उपकरणों ने नेपाल और चीन की सीमा के निकट कुछ हलचल दर्ज की, जिसे शुरुआत में भूकंप समझा गया। लेकिन सिर्फ सात मिनट बाद ही, सीसीटीवी कैमरों ने गौरीगा पोर्ट सीमा चौकी को मलबे के भारी बहाव और बाढ़ से तबाह होते हुए दर्ज किया। नेपाल के बाद नियंत्रण अधिकारियों को इस घटना की जानकारी सुबह लगभग 9:00 बजे मिली और उन्होंने सुबह लगभग 9:15 बजे एक आपातकालीन एसएमएस अलर्ट भेजा। लेकिन तब तक नेपाल एक बड़ी आपदा की चोट में आ चुका था। कंपन दर्ज होने और आपातकालीन अलर्ट जारी होने के बीच 38 मिनट का अंतर ध्यान खींचने वाला है। लेकिन यह सोचना गलत होगा कि नेपाल के अधिकारी शुरुआती संकेत पर तुरंत कार्रवाई कर सकते थे: उस समय यह एक छोटा भूकंप लग रहा था, न कि पहाड़ों के घरेलाची होने की कोई दुर्लभ घटना। इसके अलावा, बाढ़ इतनी तेजी से आई कि जल-स्तर मापने वाले सेंसर संभल ही नहीं सके; वे सामान्य जल-स्तर दर्ज करने के तुरंत बाद ही नष्ट हो गए। ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि एक बेहतर और एकीकृत चेतावनी प्रणाली होती, तो क्या भूकंप से जुड़े आंकड़ों, उपग्रह (सेटेलाइट) की तस्वीरों और अन्य जानकारियों को इतनी तेजी से जोड़कर देखा जा सकता था।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

दरअसल, अच्छा समाज वह नहीं है, जिसके अधिकतर सदस्य अच्छे हैं, बल्कि वह है, जो अपने बुरे सदस्यों को प्रेम के साथ अच्छा बनाने में सतत प्रयत्नशील है।

– डब्लूएच आर्डन

दखल की सीमा

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि अदालत में कानून के आधार पर पैरोकारी करने से जुड़ा कोई संगठन ही या तो अपने अधिकारों का बेजा इस्तेमाल करने की कोशिश करे और अपनी सीमा का अतिक्रमण करे। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में स्पष्ट व्यवस्था दी है कि अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करके कोई भी संस्था ऐसा आदेश पारित नहीं कर सकती, जिससे किसी का भविष्य बाधित हो। गौरतलब है कि हैदराबाद स्थित नालसार विधि विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ बार काउंसिल आफ इंडिया यानी बीसीआइ के अध्यक्ष ने कुछ समय पहले एक आदेश जारी कर दिया था कि वहां पढ़ने वाले पूरे बैच के विद्यार्थियों का वकील के रूप में नामांकन किसी भी राज्य के बार काउंसिल में न किया जाए। उसके बाद इस मसले पर काफी विवाद उठा था कि क्या सिर्फ इसलिए विद्यार्थियों के भविष्य या करिअर को बाधित क्या जा सकता है कि उन्होंने किसी कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश के आने पर आपत्ति जताई थी। हालांकि इस विवाद के तूल पकड़ने के बाद बीसीआइ के अध्यक्ष ने वह आदेश वापस ले लिया था, लेकिन यह सवाल अपनी जगह कायम रहा कि क्या उसके पास विद्यार्थियों के खिलाफ ऐसा आदेश जारी करने का अधिकार है।

इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा है कि बीसीआइ के पास विधि के छात्रों के आचरण को नियंत्रित करने की वैधानिक शक्ति नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के संबंध में किसी भी तरह की कार्रवाई करना उस संस्थान का विषय है। संस्थान अपने नियमों और विनियमों के मुताबिक इस पर फैसला ले सकता है। मगर हैरानी की बात यह है कि एक ऐसे मामले में बीसीआइ ने अतिरिक्त सजगता दिखाते हुए नालसार विधि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के खिलाफ फरमान जारी कर दिया था, जिससे उसका कोई सीधा वास्ता नहीं था। सवाल है कि वहां के कुछ विद्यार्थियों ने अगर किसी मसले पर अपनी असहमति जाहिर की थी, तो क्या यह उनकी अभिव्यक्ति की आजादी और अधिकार के तहत नहीं आता है। सिर्फ इसके लिए समूचे बैच के खिलाफ आदेश जारी कर देने की हड़बड़ी के पीछे आखिर कौन-सी मानसिकता काम कर रही थी? क्या बीसीआइ को इस बात का अंदाजा नहीं था कि अगर यह मामला अदालत में जाएगा, तो तर्कों और कानूनों की कसौटी पर उसे कैसे देखा जाएगा?

यह विचित्र है कि बीसीआइ खुद कानून के पेशे को विनियमित करने वाली एक संवैधानिक संस्था है और इसके बावजूद उसे नियम-कायदों का पालन या अन्य तकाजों का ध्यान रखना जरूरी नहीं लगा। यों भी, बीसीआइ सिर्फ उन्हीं को विनियमित कर सकती है, जो वकील के रूप में नामांकित हो चुके हों। कानून के छात्रों की किसी गतिविधि पर कोई आदेश जारी करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। मगर यह समझना मुश्किल है कि कानून के पेशे के दायरे में काम करने वाली किसी संस्था ने किस प्रावधान के तहत विद्यार्थियों के खिलाफ वह आदेश जारी कर दिया। यह बेवजह नहीं है कि बीसीआइ के उस फैसले के जारी होने की प्रक्रिया पर सवाल उठे और उसके मनमाने रवैये पर जवाबदेही तय करने की मांग की गई। दरअसल, यह एक तरह से बीसीआइ की ओर से अपने अधिकारों की सीमा का अतिक्रमण था और इसे विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति को दबाने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा सकता है। इसलिए शीर्ष अदालत ने उचित ही बीसीआइ को उसकी सीमा की याद दिलाई है।

अतिक्रमण की सड़क

देश में सड़कों पर अतिक्रमण एक गंभीर समस्या बन गई है। कहीं सड़क किनारे अवैध तरीके से मकानों का विस्तार कर दिया जाता है, फुटपाथ पर दुकानें खड़ी कर दी जाती हैं, तो कहीं वाहनों को बेतरतीब ढंग से सड़क पर खड़ा कर दिया जाता है। खासकर वाहनों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी के साथ ही सड़कों का एक बड़ा हिस्सा अवैध पार्किंग, सामान लादने-उतारने और अन्य अस्थायी उपयोगों में घिरता जा रहा है। परिणामस्वरूप सड़कों का दायरा सिकुड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों से लेकर संपर्क मार्गों तक पर यही स्थिति देखने को मिलती है। यह सड़क परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की लापरवाही का ही नतीजा है कि अतिक्रमण की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं में हर साल बड़ी संख्या में निर्दोष लोग अपनी जान गंवा देते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने बीते गुरुवार को इस पर चिंता जताते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से पूछा कि वह समस्या से निपटने के लिए कैमरा निगरानी प्रणाली और टोल प्लाजा पर निगरानी कक्ष क्यों नहीं स्थापित कर सकता?

देश भर में यह देखने को मिलता है कि बाजारों, कार्यालयों, अस्पतालों, स्कूलों और आवासीय क्षेत्रों में लोग अक्सर अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल के बजाय सड़क पर खड़े कर देते हैं। कई स्थानों पर दोपहिया और चारपहिया वाहन फुटपाथ तक घेर लेते हैं, जिससे पैदल यात्रियों को सड़क पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और पैदल यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। पर्याप्त और व्यवस्थित पार्किंग सुविधाओं की कमी इस समस्या को और जटिल बना देती है। मगर सवाल है कि ऐसे मामलों में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संभालने वाली यातायात पुलिस की जवाबदेही तय क्यों नहीं की जाती है? गलत जगह वाहन खड़ा करने पर नियमित और निष्पक्ष कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? ऐसे स्थानों को चिह्नित कर वहां कैमरा प्रणाली से निगरानी क्यों नहीं की जाती? इसमें दोराय नहीं कि यदि व्यवस्था में व्याप्त खामियों को दुरुस्त करने में गंभीरता दिखाई जाए और नियमों का ईमानदारी से पालन हो, तो सड़कों को निश्चित रूप से सुरक्षित एवं सुगम बनाया जा सकता है।

बिखरते रिश्ते और अकेला होता बचपन

रिश्तों में कटुता और पारिवारिक अस्थिरता बच्चों को भावनात्मक रूप से अकेला कर रही है। जरूरी है कि मतभेदों के बावजूद अभिभावक बच्चों को प्रेम, सुरक्षा, संवाद और सम्मानपूर्ण वातावरण दें।

मोनिका शर्मा



हाल ही में महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत ने बिखरते पारिवारिक परिवेश और बच्चों के भावनात्मक संसार को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। शुरुआत में खबर आई थी कि आइफोन की चाहत पूरी न होने पर 18 वर्षीय युवक ने पहाड़ी से कूदकर आत्महत्या कर ली। हालांकि पुलिस जांच में घटना के पीछे कहीं अधिक गंभीर और जटिल पारिवारिक परिस्थितियां सामने आईं। जांच के अनुसार, युवक अपने माता-पिता के बीच बढ़ती दूरियों और पारिवारिक संबंधों की उलझनों से मानसिक रूप से परेशान था।

बताया गया कि पारिवारिक विवादों से व्यथित युवक पहाड़ी पर खड़ा होकर माता-पिता को अपनी जान देने की धमकी दे रहा था। उसे बचाने के लिए पुलिस, अग्निशमन दल और परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। लंबे समय तक समझाइश, मिन्नतों और भावनात्मक अपीलों का दौर चलता रहा, लेकिन मानसिक रूप से बेहद तनावग्रस्त युवक पर किसी की बात का असर नहीं हुआ। उसे बचाने के प्रयास में उसके पिता का भी संतुलन बिगड़ गया और दोनों करीब 300 फीट नीचे जा गिरे। इस भयावह दृश्य के बीच वहां मौजूद मां ने भी पहाड़ी से छलांग लगा दी। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत उस भावनात्मक संकट का प्रतीक है, जो परिवारों के भीतर चुपचाप आकार ले रहा है।

आज के बच्चे कम उम्र में ही घर के बदलते माहौल को समझने लगे हैं, लेकिन विडंबना यह है कि एकल परिवारों में उनके पास अक्सर कोई मजबूत भावनात्मक सहारा नहीं होता। कहीं माता-पिता के अलगाव की वर्षों तक चलने वाली कानूनी प्रक्रिया बच्चों को असुरक्षित बना देती है, तो कहीं एक ही छत के नीचे रहते हुए रिश्तों में आई खामोश दरारें उनके मन में भय पैदा करती रहती हैं। घर का तनावपूर्ण वातावरण बच्चों के व्यक्तित्व पर गहरा असर डालता है। माता-पिता के बीच रोज-रोज होने वाले झगड़े, कटुता और आरोप-प्रत्यारोप बच्चों को भीतर से अस्थिर कर देते हैं। ऐसे बच्चे कई बार अपने घर के माहौल की तुलना मित्रों और रिश्तेदारों के घरों से करने लगते हैं। जब उन्हें दूसरे परिवारों में सहजता और अपनापन दिखाई देता है, तो उनके भीतर शिकायतों और सवालों का एक संसार जन्म लेने लगता है, लेकिन अक्सर वे अपनी पीड़ा किसी से कह भी नहीं पाते।

नकारात्मक व्यवहार और पारिवारिक कलह के बीच बड़े होते बच्चों के मन में अनेक प्रश्न दस्तक देने लगते हैं। वे समझ नहीं पाते कि माता-पिता के बीच रोज-रोज की नाराजगी और तल्खी का कारण क्या है। उनके सामने सबसे बड़ी उलझन यह होती है कि आखिर कौन सही है और कौन गलत। कई बार माता-पिता अनजाने में बच्चों को अपने विवादों का हिस्सा बना लेते हैं और उनसे दूसरे अभिभावक के पक्ष या विपक्ष में खड़े होने की अपेक्षा करते हैं। यह स्थिति बच्चे के मन पर असहनीय दबाव डाल सकती है।

कई परिवारों में बच्चों को माता-पिता के हिंसक व्यवहार का भी सामना करना पड़ता है। पहले से तनाव और असुरक्षा से जूझ रहा बालमन ऐसे व्यवहार से आहत होता है। संवेदनात्मक स्तर पर अकेले पड़ते बच्चों में से कुछ घर छोड़ने का प्रयास कर रहे, तो कुछ गंभीर आत्मघाती विचारों की ओर बढ़ रहे हैं। पारिवारिक विवादों से जुड़े अध्ययनों में संकेत मिला है कि बच्चों के घर छोड़ने के पीछे बड़ों का अपमानजनक व्यवहार और घर का असुरक्षित वातावरण खास कारणों में शामिल होता है।

> **सूचनाओं और तकनीक की भरमार वाले इस दौर में बच्चे पहले की तुलना में अधिक जागरूक हैं। वे घर के तनाव, आर्थिक समस्याओं, रिश्तों की दूरी और माता-पिता के व्यवहार को समझते और महसूस करते हैं। इसलिए अभिभावकों को भी बच्चों के मनोभावों को समझने के लिए अधिक संवेदनशील होना होगा। परिवार का तनावपूर्ण माहौल बच्चे के विकास के हर मोर्चे पर जोखिम पैदा कर सकता है। बच्चे निराशावादी हो सकते हैं और अपने मन की बातें साझा करना बंद कर सकते हैं। माता-पिता के मतभेदों का खमियाजा बच्चों को न भुगतना पड़े, इसलिए रिश्ते बचाना संभव न हो, तो भी बच्चों के हित में सम्मानजनक संवाद और सहयोगपूर्ण सह-अभिभावकत्व जरूरी है।**

वास्तव में, बच्चे चाहे छोटे हों या किशोरावस्था में पहुंच चुके हों, उनकी दुनिया माता-पिता से गहराई से जुड़ी होती है। खुशी की चहक हो या सुरक्षा का एहसास, बालमन अपनी अनुभूतियों को परिवार के साये में ही आकार देता है। इसके विपरीत, लंबे समय तक माता-पिता के संबंधों में नकारात्मकता देखने वाले बच्चों का मन और मस्तिष्क इस उहापोह से अछूता नहीं रह सकता। उनका विश्वास टूटने लगता है, उम्मीदें बिखरने लगती हैं और भय तथा असुरक्षा धीरे-धीरे उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाते हैं।

सूचनाओं और तकनीक की भरमार वाले इस दौर में बच्चे पहले की तुलना में अधिक जागरूक हैं। वे घर के तनाव, आर्थिक समस्याओं, रिश्तों की दूरी और माता-पिता के व्यवहार को समझते और महसूस करते हैं। इसलिए अभिभावकों को भी बच्चों के मनोभावों को समझने के लिए अधिक संवेदनशील होना होगा। परिवार का तनावपूर्ण माहौल बच्चे के विकास के हर मोर्चे पर जोखिम पैदा कर सकता है। बच्चे निराशावादी हो सकते हैं और अपने मन की बातें साझा करना बंद कर सकते हैं।

मनोवैज्ञानिक शोध भी पारिवारिक अस्थिरता के बच्चों पर पड़ने वाले प्रभावों की ओर संकेत करते हैं। अस्थिर पारिवारिक वातावरण में बड़े होने वाले बच्चों में चिंता, तनाव और कम आत्मसम्मान जैसी समस्याएं अधिक देखने को मिल सकती हैं। माता-पिता की उदासी, घर में लगातार विवाद, अपमानजनक व्यवहार और असुरक्षित वातावरण उनके विकास को प्रभावित करते हैं। कई बच्चे मानवीय संबंधों, विश्वास और संवाद की स्वस्थ समझ विकसित करने में कठिनाई महसूस करते हैं और अधूरे आत्मविश्वास के साथ बड़े होते हैं।

स्पष्ट है कि माता-पिता का मनमुटाव बच्चों के मन का वातावरण भी बदल देता है। अभिभावकों का अलगाव हो या साथ रहते हुए लगातार चलने वाली कटुता, दोनों ही स्थितियां बच्चों के जीवन को अशांति और उलझनों से भर सकती हैं। माता-पिता के बीच असहमतियों और नकारात्मक टिप्पणियों का प्रतिदिन सामना करने वाले बच्चों की जिंदगी कई बार दिशाहीन हो जाती है।

यह समस्या केवल आम परिवारों तक सीमित नहीं है। चर्चित और संपन्न परिवारों में भी रिश्तों का बिखराव बच्चों को प्रभावित करता है। यही कारण है कि न्यायालय भी वैवाहिक विवादों में बच्चों के हित और उनकी भावनात्मक स्थिरता को विशेष महत्त्व देते रहे हैं। कुछ समय पहले दिल्ली उच्च न्यायालय में एक वैवाहिक विवाद की सुनवाई के दौरान जुड़वां बच्चियों ने माता-पिता के झगड़ों और आपसी हिंसा को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की थी। बच्चियों की बातों ने यह स्पष्ट कर दिया कि माता-पिता के विवादों की सबसे बड़ी कीमत अक्सर बच्चे चुकाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि अभिभावक केवल तलाक या अलगाव की प्रक्रिया के दौरान ही नहीं, बल्कि साथ रहते हुए भी अपने संबंधों में संयम और सहजता बनाए रखने का प्रयास करें। मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन बच्चों के सामने अपमान, हिंसा और कटुता का प्रदर्शन उनके मन पर स्थायी घाव छोड़ सकता है। अगर रिश्ते बचाना संभव न हो, तो भी बच्चों के हित में सम्मानजनक संवाद और सहयोगपूर्ण सह-अभिभावकत्व आवश्यक है।

बच्चे अक्सर शब्दों से अधिक अपने माता-पिता के व्यवहार से सीखते हैं। इसलिए बड़ों का संवेदनशील, संयमित और संतुलित व्यवहार ही बच्चों के मनोविश्व को सुरक्षित रख सकता है। रिश्तों में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन बच्चों का बचपन मतभेदों की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। आखिर एक सुरक्षित, प्रेमपूर्ण और संवादपूर्ण परिवार ही उस मजबूत पीढ़ी की नींव रख सकता है, जो जीवन की चुनौतियों से टूटने के बजाय उनका सामना करना सीखे।

जीवन आनंद

अमिताभ स.

'किनारे पर चुपचाप खड़े रहने से बेहतर है, अपने लिए एक नई दुनिया की राह ढूंढ़ते हुए, दस बार लहरों में डूबकर मर जाना।' यह आधुनिक नर्सिंग आंदोलन की अगुआई करने वाली 'लेडी विद द लैंप' फ्लोरेंस नाइटिंगेल का विचार है। इसे यों समझा जा सकता है कि जीवन में आगे बढ़ना चाहते हो, तो बहरे बन जाओ, क्योंकि आसपास के ज्यादातर लोगों की बातें और सुझाव मनोबल गिराने वाले होते हैं। इसलिए हमेशा अपने अंदर की आवाज को सुनो। वहीं से प्रगति का मार्ग शुरू होता है। और फिर, हर किसी में अनंत संभावनाएं हैं। जो आज इतिहास हो गए हैं, वे भी कभी इसी संभावना के अंश रह चुके हैं। बेशक तमाम कोशिशों के बावजूद हार मिले, लेकिन जुटने और जूझने से मुंह न फेरना जरूरी है। इसलिए जीवन को एक विराट खेल की तरह जीना चाहिए। फर्क नहीं पड़ता कि कोई हारे, या कोई जीते. क्योंकि बिना एक के हारे दूसरे की जीत मुमकिन नहीं है।

कभी फुरसत मिलने पर नन्ही-सी चींटी को टकटकी लगा कर गौर से देखना चाहिए। चींटी अपने से कई गुणा बड़ा पत्ता घसीटते इधर से उधर जाती दिख जाएगी। उसे अपने सफर में तमाम रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। वह रुकेगी, रास्ता बदलेगी, फिर अपनी मंजिल की ओर बढ़ जाएगी। अगर उसके रास्ते जमीन पर कोई दरार आ गई, तो वह क्षण भर रुक जाएगी। परिस्थिति का भली-भांति जायजा लेगी, फिर पत्ते को दरार के ऊपर टिका देगी। और खुद धीरे-धीरे पत्ते के ऊपर से गुजर जाएगी। दूसरी तरफ पहुंच कर फिर से पत्ता घसीटने लगेगी, और अपना सफर जारी रखेगी। चींटियां रोज-रोज और बार-बार जाहिर करती हैं कि दरारें कभी बड़ी नहीं होतीं, उन्हें पाटने वाले बड़े होते हैं।

निहायत छोटे जीव की इतनी बड़ी कोशिश सृष्टि के चमत्कार पर चिंतन करने के लिए विवश कर देती है। नन्हे से नन्हा प्राणी भी विश्लेषण, चिंतन और तर्क खोज कर, आने वाली चुनौतियों पर विजय पाने और प्रश्नों के हल की तरकीब खोजने के लिए कितना सक्षम है, लेकिन यहीं अंतिम पड़ाव पर आकर चींटी की कमजोरी उजागर हो जाती है। चींटी उस बड़े पत्ते को, रास्ते की कड़ी मेहनत-मशक्कत और कार्यकुशलता से अपने गंतव्य यानी बारीक छेद तक तो ले गई, लेकिन उसे छेद के अंदर घुसाने में असमर्थ रह जाती है। कोई रास्ता न सूझता, तो बेचारी पत्ते को वहीं छोड़ कर, खाली हाथ अपने घर में घुस जाती है। सच है कि चींटी ने अपनी यात्रा शुरू करने से पहले नतीजे के बारे में नहीं सोचा होगा। वरना वह पहले बिंदु से ही ऐसा न करती। बेशक पत्ता उसके लिए पूरे सफर का सिर्फ बोझ बन कर रह गया। यही जीवन की बड़ी सीख है- जिंदगी का हर मुकाम इंसान की मर्जी का नहीं होता- कभी वक्त रास्ता चुनता है, तो कभी हालात मंजिल बदल देते हैं।

कहा भी जाता है कि जिंदगी की परीक्षा सबसे ज्यादा वफादार होती है, क्योंकि इसका प्रश्नपत्र कभी लीक नहीं होता। हर इंसान अपने घर- परिवार और नौकरी- कारोबार की फिक्र में हरदम डूबा रहता है। इसी उधेड़बुन में कि कहां रहना है, कौन-सी गाड़ी खरीदनी है, कैसे कपड़े पहनने हैं, कौन-से गैजेट नए लेने हैं या उन्हें अद्यतन कराना है! उसके अंतिम पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते तमाम सांसारिक चीजें छूट जाती हैं, या छोड़नी पड़ जाती हैं। जानते- बूझते भी सफर में ढोते-ढोते अहसास ही नहीं रहता और अनजान बने रहते हैं। इसलिए सभी तमाम बोझ ताउम्र ढोते रहते हैं। अंतिम वक्त पर ही जान पाते हैं कि तमाम तामझाम को साथ ले जा नहीं सकते और बेकार में ढोते रहे हैं। जब होश आता है, तब तक इन्हें ढोते-ढोते सारी उम्र निकल चुकी होती है।

दुनिया मेरे आगे

> **'जब तक इंसान को कहीं पहुंचने का राग है, जब तक कुछ पाने का राग है, तब तक मन चंचल रहेगा। हम राग कर रहे हैं, मन दौड़ रहा है। विचारक जोनाथन मार्टेन्सन के शब्द हैं कि 'भावनाएं लहरों की तरह होती हैं। आप उन्हें आने से रोक नहीं सकते, लेकिन आप यह चुन सकते हैं कि किन लहरों की सवारी करनी है।'**

सयाने समझाते आए हैं कि जो हमारे पास है, उसका भरपूर आनंद लिया जाए, अपने रिश्तों को सहेजा जाए, उनसे प्यार किया जाए। जीवन कुदरत की छोटी- छोटी नियामतों को निहारने और स्पर्श करने और आनंदित होने के लिए है, न कि पद तथा शक्ति की अंधदौड़ में अनजाने में जीवन आनंद को खोने के लिए है। आने वाले दिनों की चिंता छोड़कर वर्तमान को खुल कर जीना चाहिए। इसे खेल की तरह खेल लेना चाहिए, हां, इसमें भटक नहीं जाना चाहिए और न ही इसे अति गंभीरता से लेना चाहिए। ओशो कहते हैं, 'जीत और हार मायने नहीं रखती। मायने यह रखता है कि इंसान ने जीवन को सचमुच गहराई से जिया, या उसे केवल काट लिया।'

जब तक ईसान को कहीं पहुंचने का राग है, जब तक कुछ पाने का राग है, तब तक मन अचंचल नहीं हो सकता, चंचल रहेगा। इसमें मन का क्या कसूर है? हम राग कर रहे हैं, मन दौड़ रहा है। विचारक जोनाथन मार्टेन्सन के शब्द हैं कि 'भावनाएं लहरों की तरह होती हैं। आप उन्हें आने से रोक नहीं सकते, लेकिन आप यह चुन सकते हैं कि किन लहरों की सवारी करनी है।' दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि जीवन एक चक्रव्यूह ही है। इस तथ्य को जानते-समझते अपनी ऊर्जा को खत्म करने से बेहतर है, इसका उपयोग आनंद ढूंढ़ने में लगाया जाए। वरना जीवन आनंद छूट जाएगा, क्योंकि जीवन का अंत हो जाता है, चाहतों का नहीं।

सच से बेखबर

एक ओर विकास दर के चमकमाते आंकड़े हैं, तो दूसरी ओर आम आदमी महंगाई से त्रस्त है। आज लगभग हर परिवार का बजट गड़बड़ा गया है। फिर भी हैरानी की बात है कि सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 की वृद्धि को लेकर प्रशस्ति गान किया जा रहा है। इसे विकास की दिशा में मील का पत्थर बताया जा रहा है। वर्ष 2006-07 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था ने लगभग 10.08 फीसद वृद्धि दर्ज की थी। मगर तब किसी ने ढोल नहीं पीटा था। पिछले एक दशक में ऐसा क्या हो गया है कि हर विकास दर पर जश्न मनाया जाने लगा है। जबकि सच्चाई यह है की देश में कल-कारखाने बंद हो रहे हैं। बेरोजगारी चरम पर है। खुदरा एवं थोक महंगाई उच्चतम स्तर पर हैं। नौकरियों में भारी गिरावट आई है। भारत एक गंभीर आर्थिक विरोधाभास का सामना कर रहा है। सुर्खियों में विकास दर की तस्वीर जरूर सुंदर दिखती है, लेकिन हकीकत यह है कि महंगाई के बोझ से दबा आम आदमी विकास की दौड़ में पीछे छूट रहा है। प्रश्न यह है कि क्या पिछली तिमाही में जीडीपी की दर से हमें खुश होकर तथ्यों से आंखें मूंद लेना चाहिए?

– जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर

आपदा का दायरा

'त्रासदी के सबक' (संपादकीय, 31 अगस्त) पढ़ा। नेपाल में बाढ़ की घटना से पता चलता है कि नागरिकों को समय रहते सचेत रहना कितना जरूरी है। यह तो तय है कि इस तरह की घटनाओं को रोकना मुश्किल है, लेकिन समय रहते बचाव तो किया जा सकता है। हाल ही में नेपाल में मची भयानक तबाही पूरे हिमालयी क्षेत्र और भारत के लिए एक गंभीर चेतावनी है। प्राकृतिक आपदाएं भौगोलिक सीमाओं को नहीं मानतीं। मिसाल के लिए नेपाल की पहाड़ियों में होने वाले इस तरह के विनाश का सीधा असर भारत के मैदानी राज्यों पर भी पड़ता है। इससे सबक लेते हुए भारत को अपने आपदा प्रबंधन को मजबूत करना होगा। हिमालयी राज्यों में नदियों के किनारों और कमजोर पहाड़ी ढलानों पर हो रहे अनियंत्रित निर्माण पर तत्काल रोक लगानी होगी। समय रहते अत्याधुनिक तकनीक के जरिए हिमनदों की लगातार निगरानी कर हम भविष्य में होने वाले जानमाल के नुकसान से बच सकते हैं।

– भगवानदास छारिया, इंदौर

कूटनीतिक संदेश

कूटनीति में किसी का नाम लेकर संदेश देना जरूरी नहीं होता। कई बार किसी देश का नाम लिए बिना कही गई बात अधिक प्रभावी होती है। किर्गिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन के 26वें शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की मौजूदगी में आतंकवाद को मानवता के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए कहा गया कि इसके खिलाफ लड़ाई केवल 'क्रिया-प्रतिक्रिया' तक सीमित नहीं रह सकती। आतंकवाद के वित्तपोषण, भर्ती, कट्टरपंथ और सुरक्षित ठिकानों समेत उसके पूरे तंत्र को ध्वस्त करना होगा। जो आतंकवादियों को पनाह और समर्थन देते हैं, उन्हें कड़ा संदेश देना आवश्यक है। आतंकवाद किसी के लिए भी 'रणनीतिक संपत्ति' नहीं हो सकता। इसलिए संदेश किस दिशा में जा रहा था, इसे समझने के लिए किसी अतिरिक्त व्याख्या की आवश्यकता नहीं थी। बिश्केक में भारत का संदेश मूलतः यही था-आतंकवाद के पीछे खड़े तंत्र की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

– युगल किशोर राही, छपरा

भाषा की सीख

जब राष्ट्रीय स्तर का कोई नेता सार्वजनिक मंचों से अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करता है, तो पिर पार्टी के कार्यकर्ता तथा समर्थक उसी भाषा को मानक मान लेते हैं। जबकि नेताओं को यह याद रखना चाहिए कि वे समाज में सार्वजनिक आचरण का पैमाना भी तय करते हैं। आज राजनीतिक भाषण डिजिटल मीडिया की त्वरित प्रतिक्रिया और दृश्यता को ध्यान में रख कर तैयार किए जाते हैं। उत्तेजक वाक्य और अमर्यादित बयान अक्सर तेजी से फैलते हैं, जबकि तथ्य और संदर्भ पीछे छूट जाते हैं। चर्चित होना और विश्वसनीय होना, दो बिल्कुल अलग बातें हैं। उत्तेजना फैला कर कुछ समय के लिए ध्यान तो खींचा जा सकता है, लेकिन उससे साख और जनाधार नहीं बनता है। आक्रामकता लोकतांत्रिक राजनीति की ऊर्जा हो सकती है, लेकिन अभद्रता उसकी शक्ति नहीं बन सकती है।

– एमएम राजावत राज, शाजापुर

प्रदर्शन और पुलिस

राष्ट्रीय राजधानी के संसद मार्ग पुलिस थाने पर फिर धरना-प्रदर्शन की नौबत दुखद ही नहीं, शर्मनाक भी है। जंतर-मंतर पर सीजेपी के आंदोलन के दौरान हुई हिंसा से ही जुड़ा यह मामला है। बहसबाजी के दौरान एक प्रदर्शनकारी छात्रा के पिता पर प्रहार किया गया था और तब मामला एक तरह से शांत हो गया था, लेकिन अब एक कथित हिंदुत्व समर्थक इंफ्लुएंसर ने शेखी बघारने के चक्कर में ऐसा बहुत कुछ कह दिया, जो सरासर अपराध की स्वीकारोक्ति ही है। इस बड़बोले युवक के खिलाफ एससी-एसटी ऐक्ट के तहत मामला दर्ज हो गया है और मुमकिन है, हत्या के प्रयास का मुकदमा भी दर्ज हो जाए। अव्वल तो हिंसा करने और उसकी शेखी बघारने वालों को माहौल खराब करने का रत्ती भर भी मौका नहीं देना चाहिए। धर्म के नाम पर उद्गार अपनी जगह हैं, पर धर्म ऐसे आचरण को कतई स्वीकार नहीं करता है। पुलिस के लिए भी यह एक सबक है कि जिस युवक को उसने हिरासत में लेने के बाद आसानी से छोड़ दिया था, वह कुछ रियायत पाकर कैसे मुसीबत की वजह बन गया? अब न केवल दिल्ली पुलिस के आला अधिकारी, बल्कि सत्तारूढ़ दल के नेता भी आलोचना झेलने को मजबूर हैं।

लोग भूले नहीं हैं, अभी कुछ ही दिनों पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक एफआईआर कराने के लिए घंटों थाने में बैठे रहे थे। अब ताजा प्रदर्शन में सीजेपी के साथ कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं के अलावा दूसरे नेता भी शामिल थे। क्या इस प्रदर्शन को रोका जा सकता था? क्या दिल्ली पुलिस इसे रोकने के लिए सक्षम नहीं थी? अगर कोई वीडियो में किसी को 'खोपड़ी फोड़ने' और साफ बच निकलने पर हर्ष की अभिव्यक्ति कर रहा है, तो पुलिस पहले ही इस मामले का स्वतः संज्ञान ले सकती थी। युवक जो दावे कर रहा है, उसकी अवश्य जांच होनी चाहिए और यथोचित कार्रवाई भी होनी चाहिए। अफसोस, अब बहुत देर करने के बाद, दिल्ली पुलिस ने इस मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप के आरोपों को खारिज किया है। पुलिस अब प्रदर्शनकारी छात्रा के पिता की चोट को मामूली बता रही है, लेकिन उसे प्रदर्शन की वजह से एक गंभीर कानून के तहत मुकदमा दर्ज करना पड़ा है और आरोपी युवक की गिरफ्तारी अब मजबूरी है। काश! दिल्ली पुलिस स्वतः संज्ञान लेकर काम करती, तो उसे काम करने के लिए एक के बाद एक प्रदर्शनों की जरूरत नहीं पड़ती। पुलिस से उम्मीद करनी चाहिए कि वह ऐसे मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर काम करेगी और किसी को अपने ऊपर उंगली उठाने का मौका नहीं देगी।

दिल्ली पुलिस के लिए सबक है कि जिस युवक को उसने हिरासत में लेने के बाद छोड़ दिया था, वह कुछ रियायत पाकर कैसे मुसीबत की वजह बन गया।

फिलहाल, यह स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं कि देश में हो रही जमीनी राजनीति का मिजाज बदल रहा है। क्या विवेकहीनता बढ़ रही है? क्या फैसले केवल राजनीतिक आधार पर होने लगे हैं? सावधान रहना होगा। सोशल मीडिया में बहुत कुछ ऐसा कहा जा रहा है, जिसका मकसद केवल चर्चा में रहना है। चर्चा का स्तर गिर रहा है और नैतिकता की बातें दुर्लभ होने लगी हैं। एक-दूसरे के लिए ऐसे-ऐसे लफ्जों और जुमलों का इस्तेमाल हो रहा है, जिनकी यहां चर्चा भी उचित नहीं है। शिकायतों के तत्काल समाधान के प्रति हमारी लापरवाही बढ़ रही है। जंतर-मंतर पर जो हुआ, उसकी पूरी कहानी अभी सामने नहीं आई है। शासन-प्रशासन की जांच समितियों को न जाने कितना और समय चाहिए? अगर किसी ने भी कानून को हाथ में लिया है, तो उसे जल्द से जल्द कठघरे तक पहुंचाना चाहिए। उम्मीद यही करनी चाहिए कि दिल्ली पुलिस देश के सामने मिसाल पेश करेगी।

हिन्दुस्तान | 75 साल पहले | 05 सितम्बर, 1951

आश्चर्यजनक कदम

पंजाब सरकार ने राज्य में कपड़े के वितरण पर से नियंत्रण हटा दिया है। मौजूदा परिस्थितियों में कोई राज्य सरकार ऐसा कदम उठा सकेगी, इसकी किसी ने कल्पना नहीं की होगी। इसलिए पंजाब सरकार के इस कदम पर आश्चर्य होना स्वाभाविक है। पंजाब में अब थोक और खुदरा व्यापारी चाहे जितनी मात्रा में चाहे जिसको कपड़ा बेच सकेंगे। कपड़े और सूत के एक जिले से दूसरे जिले में जे जाने पर जो रोक लगी हुई थी, उसे भी हटा लिया गया है। हां, कपड़े की कीमतों पर सरकारी नियंत्रण कायम रखा गया है। किन्तु इस नियंत्रण का कोई अर्थ नहीं होगा; कारण वास्तव में पंजाब में कपड़ा नियंत्रित भावों से भी सस्ता मिल रहा है। स्थिति यह है कि केन्द्रीय कपड़ा कमिश्नर ने पंजाब के लिए जितनी गांठें निर्धारित की हैं, पंजाब के व्यापारियों ने उन गांठों को भी नहीं उठाया है। व्यापारियों के पास कपड़े का काफी स्टाक हो गया। इस जमाशुदा स्टाक को निकालने में सुविधा देने के लिए ही पंजाब सरकार ने यह कदम उठाया है।... अक्तूबर के अन्त में जैसी स्थिति होगी, उसके अनुसार छूट की अवधि को आगे बढ़ाने या पुनः नियंत्रण लागू करने का निर्णय किया जायेगा।

आखिर अकेले पंजाब में ही कपड़े के वितरण पर से नियंत्रण हटाना क्योंकर संभव हुआ? यह सभी को मालूम है कि देश में सरकारी बन्दिशों के बावजूद कपड़े का चोर बाजार चल रहा है। सरकार ने इस असामाजिक प्रवृत्ति को रोकने के लिये कानून बनाये और चोरबाजारी करने वालों को नजरबन्द करने की सजा दी। कहीं-कहीं चोरबाजारी पकड़े भी गये, किन्तु छुट-पुट गिरफ्तारी से कुछ उल्लेखनीय परिणाम नहीं निकला। शायद चोरबाजारी की बुराई इतनी व्यापक हो गयी है और उसमें बड़े-बड़े प्रभावशाली व्यापारी लिप्त हैं, कि छोटी मुर्गियों को हलाल करने से कोई नतीजा नहीं निकल सकता। किन्तु पंजाब में स्वयं राज्यपाल ने चोरबाजारी करने वालों के खिलाफ व्यापक मुहिम शुरू की। उन्होंने खुफिया पुलिस की मार्फत चोरबाजारी करने वालों के खिलाफ जानकारी इकट्ठी की और उसके आधार पर सन्देहास्पद व्यापारियों को नजरबन्द करने के आदेश जारी कर दिये। पंजाब सरकार ने इस बारे में संकोच नहीं किया कि जिस व्यक्ति को उसे नजरबन्द करना है, वह कितना बड़ा व्यापारी है और पैसे की दृष्टि से समाज में उसका क्या स्थान है।

आईएएस वही छोड़ते हैं जिनके पास विकल्प

अनिता भटनागर जैन | पूर्व आईएएस

- पिछले साल सिर्फ 0.03 प्रतिशत ही आईएएस के लिए चयनित हो पाए।
- इस सेवा में राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक निर्माण के अनेक सुअवसर मिलते हैं।
- जो भी हम प्राप्त करना चाहते हैं, उसके लिए केवल एक ही जीवन है।

शाम का धुंधलका था। हमारी धूल-धूसरित गाड़ी उबड़-खाबड़ सड़क पर हिचकोले खाती हुई आगे बढ़ी, तो हेडलाइट सामने लगी होर्डिंग पर पड़ी। उसे देखकर मैं अवाक् रह गई। सुदूर ग्रामीण इलाके में ऐसी होर्डिंग- 'आईएएस कोचिंग एक्सपर्ट द्वारा...।' अनेक राज्यों में विद्यार्थियों के साथ अपने अब तक के 'ऑनलाइन इंटरैक्टिव सेशन' में जब मैंने यह पूछा कि वे क्या बनना चाहते हैं, तो 70 प्रतिशत का उत्तर यही मिला कि आईएएस। किसी ने शायद मजाक में कहा था कि अब सिविल सर्विस परीक्षा तो नेशनल हॉबी बन गई है।

ऐसे में, हाल ही में एक आईएएस अधिकारी के सेवा से त्यागपत्र का विषय व्यापक चर्चा का विषय बन गया है। हर व्यक्ति अपनी सोच के अनुसार इस त्यागपत्र की पृष्ठभूमि पर अटकलें लगा रहा है। अनेक लोगों के विचारों को पढ़कर बचपन की हाथी और छह-दृष्टिहीन व्यक्तियों की कहानी याद आ गई। हाथी तो एक ही था, पर हरेक व्यक्ति ने अपने दृष्टिकोण से उसे अलग समझा।

इस त्यागपत्र का इतनी प्रतिक्रिया का विषय बनना स्वाभाविक था। आखिर आईएएस जैसी सेवा से कोई त्यागपत्र क्यों देगा? इस सेवा में चयनित होना ही चमत्कार से कम नहीं माना जाता, जिसमें अथक परिश्रम के अलावा ईश्वरीय शक्ति को भी श्रेय दिया जाता है। इस तीन चरण की परीक्षा में, जिसमें पूरा एक वर्ष लगता है, साल 2025 में करीब छह लाख अभ्यर्थियों में से कुल 958 रिक्तियों में आईएएस के लिए 180 चयनित हुए, यानी जो लोग इस तपस्या-रूपी परीक्षा को देते हैं, उनमें से सिर्फ 0.03 प्रतिशत ही आईएएस के लिए चयनित हो पाए।

हमारे देश की सिविल सेवा को सरदार वल्लभभाई पटेल ने 'स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया' कहा था। इस सेवा में राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक निर्माण के अनेक सुअवसर मिलते हैं। वैसे तो हर सेवा, उद्योग, आदि से राष्ट्र-निर्माण में योगदान होता है, पर इस सेवा में समाज के हाशिये पर बैठे व्यक्तियों का कल्याण कर पाने की क्षमता है। अनेक राज्यों में इस सेवा का बड़ा सामाजिक स्टेटस भी है। विवाह के लिए इस सेवा के लड़कों की बहुत मांग होती है। जीवन भर की आर्थिक सुरक्षा, समयबद्ध प्रोन्नति और छठे वेतन आयोग के बादनिर्धारित वेतन, आदि नेइसे और आकर्षक बना दिया है।

बहरहाल, हालिया इस्तीफा इकलौता प्रकरण नहीं है। पहले भी त्यागपत्र हुए हैं और कई ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। जैसी कि खबरें हैं, साल 1995 से 2025 के बीच करीब 300 आधिकारियों ने आईएएस, आईपीएस, आईएफएस सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली। कई अधिकारी सेवा छोड़कर विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र, प्रतिष्ठित देश और विदेशी निजी विश्वविद्यालयों में गए, तो कुछ प्रतिष्ठित पत्रकार बन गए। कुछ अधिकारियों ने सेवा छोड़कर चुनाव लड़ा और मंत्री भी बने।

सर्विस छोड़ने के कई कारण हो सकते हैं। आईएएस में प्रत्येक अधिकारी को सर्विस हेतु राज्य आवंटित होते हैं। कुछ अधिकारी अपने मूल राज्य से दूरी के कारण पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में कठिनाई या पूर्णतया भिन्न माहौल और संस्कृति में रहने से समस्या का अनुभव करते हैं। शुरुआती काल में अनेक छोटे स्थानों पर पोस्टिंग होती है, जहां कई सहूलियतें नहीं होतीं। फिर विवाह और परिवार, जीवन-यात्रा के महत्वपूर्ण अंग हैं। पति-पत्नी, दोनों में से एक निजी क्षेत्र में हो, तो जरूरी नहीं कि वे एक स्थान पर ही रहें। जीवन में नौकरी का काफी महत्व है, परंतु सदैव परिवार और रिश्तों की कीमत पर नहीं।

सोशल मीडिया के कारण सेवा की परिस्थितियों में व्यापक बदलाव आया है। सिविल सेवक सातों दिन 24 घंटे जवाबदेह हैं। एक विडंबना यह भी है कि प्रायः विशिष्ट

उनके मनोबल को प्रभावित किया। स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार, आईएएस में 70 फीसदी से अधिक अधिकारी आईआईटी, आईआईएम या एमबीबीएस पृष्ठभूमि के पाए जाते हैं। कुछ विशिष्ट शैक्षिक पृष्ठभूमि के अधिकारियों को यह लगता है कि सेवा में उनके हुनर का उपयोग नहीं हो पा रहा है, उन्हें कार्य संतुष्टि नहीं मिल रही है, इसलिए वे त्यागपत्र दे देते हैं।

महिला अधिकारियों की अलग चुनौतियां होती हैं। प्रायः जिस स्थान पर पति या बच्चे हैं, वहां तैनाती नहीं मिल पाती। कई बार महिला अधिकारी तैनाती के स्थान पर अकेले ही निवास करती हैं। ऐसे में, एकाकीपन होना स्वाभाविक है। यद्यपि आईएएस में महिला अधिकारियों की संख्या 21 से 23 प्रतिशत है, फिर भी समान बैच के पुरुष अधिकारी को चुनौतीपूर्ण पोस्टिंग मिल जाती हैं, पर महिला अधिकारी को वैसी पोस्टिंग मिले, यह जरूरी नहीं है, तो कुंठा होना स्वाभाविक है।

प्रत्येक मनुष्य भिन्न है। हर व्यक्ति की इच्छा, स्वप्न, सफलता, खुशी, चुनौती, सब अलग होती है। जो भी हम प्राप्त करना चाहते हैं, उसके लिए केवल एक ही जीवन है। अगर आईएएस अधिकारी सेवा का परित्याग करना चाहता है, तो यह उसका व्यक्तिगत अधिकार और निर्णय है। वैसे सर्विस छोड़ना उनके लिए ही संभव हो पाता है, जिनके पास दूसरे विकल्प हो।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

सेवा त्यागने की एक बड़ी वजह दबाव भी

आमोद कुमार | वीआरएस लेने वाले आईएएस

- एक वजह तो दबाव है, जो राजनीतिक गैर-राजनीतिक, कुछ भी हो सकता है।
- चौबीस बाई सात की नौकरी में परिवार के लिए समय नहीं बचता।
- निजी क्षेत्र के मनोनुकूल मौके भी कई अधिकारियों को आकर्षित करते हैं।

इसमें कोई दोराय नहीं कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) सिर्फ इस देश की नहीं, पूरी दुनिया की सबसे अच्छी नौकरी है। कम उम्र में ही इसमें बड़ी जिम्मेदारियां मिलती हैं। इसमें मिलने वाला सेवा-संतुष्टि का भाव भी अन्य नौकरियों में विरल है। यहां तक कि पद छोड़ने वाले अधिकारी भी मानते हैं कि आईएएस बहुत अच्छी नौकरी है और इसमें हर किसी को जाना चाहिए। फिर भी, कुछ अधिकारी अपना सेवा-काल पूरा नहीं करना चाहते, जिसके कुछ कारण होते हैं।

आमने-सामने

इन कारकों को 'पुल' और 'पुश' में बांटना उचित होगा। 'पुल' कारक वे हैं, जो सरकारी सेवा से बाहर निकलने के लिए आपको आकर्षित करते हैं, जबकि 'पुश' सेवा छोड़ने के लिए मजबूर करने वाले कारक हैं। हर अधिकारी के लिए अलग-अलग कारण हो सकते हैं। पहले 'पुल' कारकों की चर्चा। इसमें पहला कारण है, निजी क्षेत्रों में अवसरों की प्रचुरता और उनमें आर्थिक आकर्षण। असल में, निजी क्षेत्र बहुत तेजी से विकसित हो रहा है। मसलन, उदारीकरण के दौरान एक आईएएस अधिकारी और निजी क्षेत्र के समान ओहदे के किसी अफसर के वेतन में जहां एक और पांच का अनुपात था, वह बढ़कर अब एक और दस का हो चुका है। दूसरा, निजी क्षेत्र का एक तय दायरा होता है और इसमें तय लोगों से ही वास्ता पड़ता है। इसके उलट, आईएएस अधिकारियों के कामकाज का दायरा काफी व्यापक होता है। इसमें उन्हें न्यायपालिका से भी जूझना पड़ता है, और नेताओं व कारोबारियों से भी। वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ तमाम एजेंसियों से भी उन्हें साबका रखना पड़ता है। तीसरा कारण अधिकारियों की मानसिकता है। सरकारी क्षेत्र में जहां 60 साल तक सेवा देने का मौका मिलता है, वहीं निजी क्षेत्र में यह 70 साल तक हो सकता है। ऐसे में, कुछ अधिकारियों को लगता है कि बाद में निजी क्षेत्र का हिस्सा बनना ही है, तो जल्द ही ऐसा क्यों न कर लिया जाए।

चौथा कारण है, अनुभव कमाना। कई आईएएस अधिकारी निजी क्षेत्र के कामकाजी माहौल को समझने के लिए पद छोड़ते हैं। हालांकि, कई बार यह कदम उनके लिए दूर के ढोल जैसा बन जाता है। पांचवां कारण, परिवार की चिंता। उन्हें लगता है कि सरकारी क्षेत्र में रहकर वे अपने बच्चों के लिए उतना कुछ नहीं कर सकेंगे, जो सिस्टम से बाहर निकलकर कर सकते हैं। और, छठा कारक है, मन की करना। कई आईएएस अधिकारी मनोनुकूल काम करना चाहते हैं, लेकिन पूंजीगत या अन्य अभाव उनके कदम रोक देते हैं। फिर, सरकारी नौकरी के समानांतर कोई अन्य काम करने की उन्हें मनाही भी होती है, इसलिए पद छोड़ना उन्हें ज्यादा उचित लगता है।

'पुश फैक्टर' की बात करें, तो पहला कारण है- अल्पधिक स्थानांतरण। कुछ अधिकारियों को बार-बार स्थानांतरित किया जाता है। कई बार तो उन्हें इसकी वजह भी नहीं बताई जाती। दूसरा, लंबे समय तक ऐसे पद पर नियुक्त कर देना, जो अधिकारी के मनलायक नहो अथवा मुख्य धारा से अलग हो। इससे अधिकारी के लिए बहुत कुछ करने को नहीं होता। तीसरा- पदोन्नति रोक देना, वह भी बिना कारण बताए, अवैधानिक रूप से। मसलन- केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 'इम्पैनलमेंट' होता है, यानी पदोन्नति के आधिकारिक पैनल या सूची में अधिकारियों के नाम शामिल किए जाते हैं। इसमें सरकार किसी का भी नाम दे सकती है। सीनियर-जूनियर का भी ध्यान नहीं रखा जाता। तो, जब अफसर यह देखता है कि उसके अधीनस्थ को पदोन्नति दे दी गई है, जिसकी कोई ठोस वजह भी नहीं, तो वह पद छोड़ने का फैसला कर सकता है।

चौथा कारण है, भविष्य में ऊंचे पद पर पहुंचने की संभावना न देखना। और, पांचवां, कामकाज का दबाव। एक आईएएस अफसर के लिए नौकरी चौबीस घंटे की होती है। उसका फोन दिन-रात बजता रहता है। नतीजतन, वह अपने परिवार व बच्चों को जरूरी समय नहीं दे पाता। उत्तर प्रदेश में तो छुट्टी का यह आलम है कि होली, दीपावली या 31 दिसंबर जैसे मौकों पर रात-रात भर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग होती रहती है। ऐसे में, शांतिपूर्ण जीवन की चाह में अधिकारी पद छोड़ देता है। हालांकि, पद छोड़ने की एक बड़ी वजह दबाव भी है, जो राजनीतिक भी हो सकता है और गैर-राजनीतिक भी। कभी-कभी अधिकारी के खिलाफ ऐसी जांच शुरू हो जाती है, जिसका कोई भविष्य नहीं होता, पर इस बहाने उसे पांच-दस साल जरूर परेशान किया जाता है। किसी से झगड़ा होने, लंबी छुट्टी न मिलने अथवा भावावेश में भी अधिकारी पद छोड़ते हैं। कभी-कभी स्वास्थ्य कारण भी वजह बनते हैं।

एक बात और, जो 'कला संकाय' की पृष्ठभूमि से आते हैं, उनको सरकारी सेवा से बाहर नौकरी मिलनी मुश्किल होती है, यानी उनका 'पुल फैक्टर' कमजोर होता है, वेशक 'पुश फैक्टर' मजबूत हो। जबकि, आईआईटी, आईआईएम जैसे क्षेत्रों से आने वाले अधिकारियों को सेवा से बाहर आकर्षक नौकरी आसानी से मिल जाती है। वैसे, कई अधिकारियों में यह भावना भी होती है कि उनकी बनाई नीतियां चूंकि लाखों-करोड़ों लोगों को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए तमाम मुश्किलों ('पुश') के बावजूद वे 'पुल' की तरफ नजर नहीं डालते।

अगर मैं अपनी बात करूं, तो मेरे पद छोड़ने में 'पुल' और 'पुश', दोनों कारक जिम्मेदार हैं। मैंने आईआईटी, कानपुर से बीटेक और एमटेक किया है। अमेरिका के हार्वर्ड से 'पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन' (लोक प्रशासन) से मास्टर्स की डिग्री ली। आईएएस, लखनऊ से पीएचडी हूं। इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश के दो-दो मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया, यूएसएड की एक बड़ी परियोजना का हिस्सा बना, और तो और 65-70 देशों की यात्राएं कीं। फिर, अपने सेवा-कार्य के दौरान कई ऐसे काम किए, जिससे मुझे संतुष्टि भी हासिल हुई। लेकिन, सरकारी नौकरी के प्रति मुझमें बहुत आकर्षण नहीं बचा। हां, 'पुश फैक्टर' यह था कि बीते कुछ समय से मुझे 'सांड्स पॉलिटिक्स' दी जा रही थी। हालांकि, उस समय का इस्तेमाल मैंने पीएचडी करने और घुमने-फिरने में किया था।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

गुरु और शिक्षक का फर्क

आधुनिक शिक्षक के संबंध में कुछ भी कहना थोड़ा कठिन है। इसलिए कठिन है, क्योंकि शिक्षक पहले कभी दुनिया में था ही नहीं। पहले के जमाने में गुरु थे और वे शिक्षक से बहुत भिन्न थे। शिक्षण उनका धंधा नहीं था, उनका आनंद था। शिक्षण पहली दफे धंधा बना है और शिक्षण के धंधा बनते ही शिक्षक गुरु होने की हैसियत खो देता है।

पुराने युगों में कभी सोचा ही नहीं गया था कि शिक्षण भी कभी धंधा बन सकता है, लेकिन अब बन गया है। उसका परिणाम यह हुआ है कि शिक्षण संस्थाएं फैक्टरियों और कारखानों से ज्यादा नहीं रह गई हैं। कारखानों में चीजें बनाई जाती हैं, विश्वविद्यालयों में आदमी ढाले जाते हैं, इतना ही फर्क है। शिक्षक गुरु नहीं हैं, लेकिन उनके मन में यह भ्रम है, अभी भी गुरु होने का। इससे शिक्षक को बड़ा कष्ट है, उसे पीड़ा भी बहुत है। वह आदर तो उतना ही चाहता है, जितना गुरु को मिलता था।

मैं जितने शिक्षकों से मिला, सब जगह उनकी तकलीफ यही थी कि विद्यार्थी आदर नहीं दे रहे हैं। उसे पता ही नहीं है कि गुरु नाम का प्राणी और बात थी। उसे आदर की आकांक्षा छोड़ देनी चाहिए और या फिर गुरु होने की हिम्मत जुटानी चाहिए। ऐसा नहीं है कि गुरु को आदर देना पड़े। बात उल्टी है। जिसे हमें आदर देना ही पड़ता है, उसे ही गुरु कहते हैं। जो हमारे आदर को खींच लेता है, उसे ही हम गुरु कहते हैं।

गुरु वह है, जो किसी की आत्मा को जगा दे, किसी के व्यक्तित्व को गरिमा दे दे, उसके बंद फूल खिल जाएं। शिक्षक वह है, जो पुरानी पीढ़ियों द्वारा अर्जित सूचनाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का काम करे और विदा हो जाए। वह महज मध्यस्थ है।

ओशो

एस जयशंकर | विदेश मंत्री

जीएसएलवी-एफ17 पहला इमेजिंग उपग्रह है, जिसने पृथ्वी की अवलोकन क्षमता को बढ़ाया है। इसरो, भारतीय उद्योग, स्टार्टअप और शोध संस्थानों के बीच तालमेल अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र के साथ आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ रहा है।

योग्य शिक्षकों से सार्थक होगी शिक्षा

शिक्षक दिवस (5 सितंबर) की सार्थकता तभी जमीन पर सही मायने में उतरेगी, जब विद्यार्थियों से शिक्षक को पूरा सम्मान और शिक्षकों का विद्यार्थियों को आशीर्वचन मिले। शिक्षक सरकारी हो या निजी अथवा कोचिंग संस्थानों से संबंधित, अपने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक, सरल, सस्ती और सुलभ शिक्षा प्रदान कर सकें, तभी उनकी सार्थकता है। सभी जानते हैं कि सरकारी स्कूल की बुनियादी सुविधाओं की दशा और दिशा कैसी है। वहीं, इनके मुकाबले के लिए निजी स्कूलों की महंगी शिक्षा खड़ी है।

ठीक वैसे ही, देश में तेजी से बढ़ते कोचिंग संस्थान और लाखों विद्यार्थियों के उन पर टिके भविष्य को देखा जाना चाहिए, जहां अत्यंत ही महंगी फीस, हजारों/लाखों विद्यार्थियों में से सैकड़ों का सफल होना एवं शेष की सामान्य स्थिति बनी रहती है। इन तीनों ज्वलंत परिस्थितियों में पल रही है हमारी यह शिक्षा पद्धति। मसलन, कहीं फीस कम है, तो वहां बुनियादी सुविधाओं की कमी है। कहीं बुनियादी सुविधाएं और पढ़ाई ठीक है, तो वहां आम अभिभावकों के लिए फीस अझेल से भी भारी होती जा रही है। जहां उच्च शिक्षा के लिए प्रतिस्पर्द्धी ज्ञान उपलब्ध कराया जाता है, वहां तो फीस अनाप-शनाप वसूली जा रही है, जबकि बुनियादी सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। कहीं भी ऐसी समानता नहीं है, जहां गरीब विद्यार्थी भी आसानी से शिक्षा पा सके। मध्यम वर्ग के अभिभावक तो जैसे-तैसे पेट काटकर या ऋण आदि लेकर अपने बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी पूरी कर लेते हैं, इसके बावजूद उनके बच्चे अच्छे रोजगार के लिए भटकते रहते हैं। ऐसे माहौल में अभिभावकों की आशाएं तो धूमिल होती ही हैं, साथ ही विद्यार्थी की स्थिति भी दयनीय होने लगती है।

इन सब परिस्थितियों को देखते हुए यदि सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं ठीक हो जाएं व बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलने लग जाए, तो बच्चों के साथ ही अभिभावकों को भी राहत मिल सकती है। देश में शिक्षक प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और न ही शिक्षा पाने वाले विद्यार्थियों की। जरूरत है राजनीतिक, सामाजिक और सरकारी चेतना/जागरूकता की। अतः सरकार सरकारी स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाए, निजी स्कूलों/कोचिंग की लूट कम करे, ताकि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को बेहतर व सस्ती शिक्षा मिल सके और उनमें प्रतिस्पर्द्धी शिक्षा के कारण जो अवसाद/आत्महत्याओं के कारण पनप रहे हैं, वे खत्म हो सकें। तभी शिक्षक भी गौरवान्वित होंगे और विद्यार्थी भी बेहतर शिक्षार्थी होकर देश की उन्नति में सहायक बनेंगे।

शकुंतला नेनावा, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

शिक्षक दिवस

अब शिक्षा का अर्थ हर तरह का ज्ञान

भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षा को जीवन से अलग नहीं माना गया। ज्ञान का अर्थ केवल किसी विषय की जानकारी प्राप्त करना नहीं, बल्कि सत्य की खोज, आत्मानुशासन और जीवन के प्रति सही दृष्टि विकसित करना भी रहा है।

आधुनिक विज्ञान और तकनीक का ज्ञान हमारे लिए उतना ही आवश्यक है, लेकिन उसके साथ मानवीय मूल्यों का समावेश भी जरूरी है। दुनिया के श्रेष्ठ ज्ञान को अपनाते हुए अपनी सांस्कृतिक चेतना और नैतिक आधार को मजबूत रखना किसी विरोधाभास का विषय नहीं है। यही संतुलित शिक्षा की पहचान हो सकती है।

शिक्षक दिवस इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह समाज को शिक्षक के सम्मान की याद दिलाता है। शिक्षक का सम्मान केवल एक दिन पुष्प, उपहार या समारोह तक सीमित नहीं होना चाहिए। शिक्षक को सम्मानजनक कार्य-परिस्थितियां, पर्याप्त संसाधन, निरंतर प्रशिक्षण और समाज में उचित प्रतिष्ठा मिलना भी आवश्यक है। शिक्षक राष्ट्र के भविष्य के निर्माण में प्रत्यक्ष भूमिका निभाता है। इसी के साथ शिक्षकों के लिए भी आत्ममंथन आवश्यक है। विद्यार्थियों को केवल अनुशासन का पाठ पढ़ाना पर्याप्त नहीं है, उन्हें अनुशासन का अनुभव भी कराना होगा। डॉ. राधाकृष्णन का जीवन हमें यही व्यापक संदेश देता है कि शिक्षा मनुष्य को उसके भीतर की श्रेष्ठता से परिचित कराने की प्रक्रिया है। उन्होंने दर्शन को जीवन से जोड़ा और शिक्षा को मानव निर्माण का माध्यम माना। सर्वोच्च सांविधानिक पदों पर रहते हुए भी उनकी पहचान एक शिक्षक और दार्शनिक की रही। शिक्षक दिवस पर हमें केवल डॉ. राधाकृष्णन को याद करने के बजाय उनके जीवन से जुड़े शिक्षा-दर्शन को समझने का प्रयास करना चाहिए। आज भारत ज्ञान, विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति तभी स्थायी और सार्थक होगी जब उसके केंद्र में मनुष्य और मानवीय मूल्य बने रहें।

अंततः शिक्षा का प्रश्न यह नहीं होना चाहिए कि विद्यार्थी बड़ा होकर क्या बनेगा। डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक, उद्यमी या कलाकार- वह कुछ भी बन सकता है। उससे पहले और सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि वह कैसा मनुष्य बनेगा। यदि शिक्षा उसे सत्यनिष्ठ, संवेदनशील, जिम्मेदार और विवेकशील बनाती है तो उसकी सफलता का अर्थ व्यापक हो जाता है। डॉ राधाकृष्णन को बेहतर श्रद्धांजलि शायद यही होगी कि हम शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को फिर से अपने जीवन और व्यवस्था में स्थापित करें। आज पुरानी और नई शिक्षा के बीच कृत्रिम संघर्ष खड़ा करने की नहीं, बल्कि दोनों की श्रेष्ठताओं को जोड़ने की है।

कांतिलाल मांडोत, टिप्पणीकार

छोटी कारों में भी बहुत सुविधाएं

बड़ी कारों की संख्या सड़कों पर लगातार बढ़ रही है, लेकिन छोटी कारें भी कुछ कम नहीं हैं। अब एंट्री लेवल वाली छोटी कारें भी सुविधा या फीचर्स के मामले में कारगर साबित हो रही हैं। भारतीय समाज में एक बड़ा वर्ग है, जिसे छोटी कारों में ही तमाम सुविधाएं चाहिए और कार निर्माता कंपनियां इस मांग की पूर्ति में लगी हुई हैं। जहां बड़ी कारें या एसयूवी महंगी होती हैं, वहीं छोटी कारों का किफायती होना भी उन्हें व्यावहारिक विकल्प बना देता है। कैसे? बता रही हैं शबनम

भारतीय कार बाजार में खरीदारों की पसंद बदल रही है। 2025 में पैसेंजर व्हीकल बिक्री में एसयूवी की हिस्सेदारी 55.4 फीसदी तक पहुंच गई, जबकि हैचबैक की हिस्सेदारी करीब 23 फीसदी। इसके बावजूद छोटी कारें लगभग हर कंपनी की कारों के जखीरे का हिस्सा हैं। दरअसल, कीमत, माइलेज और रखरखाव का खर्च भी खरीदारी के फैसले में अहम भूमिका निभाता है, जहां एंट्री-लेवल कारें एसयूवी के मुकाबले बढ़त बनाती हैं।

छोटी कारें, फायदे का सौदा

नए ड्राइवरों के लिए उपयुक्त : कम लंबाई और ऊंचाई के कारण इन्हें तंग जगहों में चलाना आसान होता है। ये कारें नए ड्राइवरों के लिए भी सुविधाजनक रहती हैं।

बेहतर फ्यूल-एफिशिएंसी : छोटे इंजन और वजन में हल्की होने के कारण इनकी फ्यूल-एफिशिएंसी बेहतर रहती है। यानी कम ईंधन में ज्यादा माइलेज।

फ्लेक्सिबल कार्गो एरिया: कई एंट्री लेवल कारों में रियर सीटों को फोल्ड करने की सुविधा मिलती है, ताकि जरूरत पड़ने पर केबिन में अतिरिक्त जगह बनाई जा सके। 4 मीटर से कम कारों को कुछ मामलों में टैक्स-रजिस्ट्रेशन में लाभ मिल सकता है। छोटे टायरों का रिप्लेसमेंट खर्च भी कम रहता है, जबकि कॉम्पैक्ट आकार के कारण ब्लाइंड स्पॉट अपेक्षाकृत कम हो सकते हैं।

अब आधुनिक फीचर्स से लैस : जैसे मारुति सुजुकी सेलेरियो। इसके कुछ वेरिएंट में 7-इंच टचस्क्रीन, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, एबीएस के साथ ईबीडी, 6 एयरबैग मानक और हिल-होल्ड असिस्ट मिलते हैं। हुंडई एक्सटर जैसी माइक्रो एसयूवी में और मारुति स्विफ्ट के बेस वेरिएंट में 6 एयरबैग स्टैंडर्ड हैं, जबकि एक्सटर में डुअल-कैमरा डैशकैम और बलेनो में 360-डिग्री कैमरा व हेड-अप डिस्प्ले मिलता है। टाटा पंच और एक्सटर में सनरूफ, वायरलेस चार्जर और वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो/एपल कारप्ले जैसे फीचर्स हैं। वहीं, टाटा टियागो आईसीएनजी की डुअल-सिलेंडर तकनीक सीएनजी होने के बावजूद पूरा बूट स्पेस देती है।

किफायती कीमत में शानदार कार का मजा : मारुति सुजुकी ऑल्टो के10, एस-प्रेसो और सेलेरियो, रेनो क्विड, टाटा टियागो, हुंडई ग्रैंड आई10 निओस और हुंडई एक्सटर जैसे विकल्प 8 लाख रुपये तक में आते हैं। ऑल्टो के10 की कीमत 3.70 लाख रुपये से शुरू है। यह कार 24-25 किमी/लीटर तक माइलेज देती है। एस-प्रेसो 3.50 लाख रुपये से शुरू है। पेट्रोल में 25 और सीएनजी में 32.73 किमी/किग्रा तक माइलेज देती है। सेलेरियो की शुरुआती कीमत 4.70 लाख रुपये है। माइलेज 26 किमी/लीटर तक है। क्विड 184 मिमी ग्राउंड क्लीयरेंस और 279 लीटर बूट स्पेस के साथ 4.53 लाख से शुरू होती है। वहीं, प्रीमियम सेगमेंट में एक्सटर और टियागो करीब 6 लाख से शुरू होती हैं।

क्या ये कारें आगे काम आएंगी?

भविष्य के लिहाज से एंट्री-लेवल कारें उन खरीदारों के लिए व्यावहारिक विकल्प बनी रह सकती हैं, जो कम बजट में कार खरीदना चाहते हैं और लोन, ईएमआई, ईंधन व रखरखाव का खर्च सीमित रखना चाहते हैं। पेट्रोल और सीएनजी मॉडल के साथ ई20 ईंधन के अनुकूल कारों की उपलब्धता भी इन्हें आने वाले कुछ वर्षों तक प्रासंगिक बनाए रख सकती है। हालांकि, बढ़ती ईंधन कीमतों और प्रदूषण के बीच छोटी इलेक्ट्रिक कारों की मांग बढ़ सकती है। पर, इनकी ऊंची शुरुआती कीमत अभी बजट खरीदारों के लिए बड़ी बाधा है।

पेट्रोल या सीएनजी?

जिनकी रोजाना ड्राइविंग ज्यादा है, उनके लिए सीएनजी कम रनिंग कॉस्ट के चलते बेहतर विकल्प हो सकती है। कम ड्राइविंग में पेट्रोल वेरिएंट की शुरुआती कम कीमत फायदेमंद रहती है। कम सालाना ड्राइविंग में भी पेट्रोल वेरिएंट किफायती रहता है। चुनाव सालाना ड्राइविंग और बजट के हिसाब से करें।

जरूरत अनुसार मौजूद विकल्प

- **मजबूती, सेफ्टी और खराब रास्तों के लिए:** पंच, कैगर, मेग्नाइट जैसी कारें।
- **ज्यादा माइलेज और लो-मेंटेनेंस के लिए:** स्विफ्ट, वैगनआर, ग्लांजा जैसी कारें।
- **प्रीमियम फीचर्स और सनरूफ के लिए:** एक्सटर, पंच बेहतरीन विकल्प।

विशेषज्ञ की राय

कार खरीदने का फैसला फैशन, दिखाने या लोकप्रियता के आधार पर नहीं बल्कि जरूरत, बजट और लंबे समय की उपयोगिता के आधार पर होना चाहिए। कार खरीदते समय कौन फीचर्स से ज्यादा सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। ग्राहक यह जरूर जांच लें कि संबंधित मॉडल को भारत एनसीएपी में कितनी रेटिंग मिली है। बेहतर सुरक्षा के लिए 5 स्टार रेटिंग कार को प्राथमिकता देना समझदारी भरा फैसला होगा।

रानीजॉय मुखर्जी, ऑटोमोटिव एक्सपर्ट

विविध

200 करोड़ की नई हाइपर कार

लक्जरी हाइपरकार निर्माता बुगाटी ने अपनी नई और दुनिया भर में इकलौती बुगाटी बुयार से पर्दा उठा दिया है। फ्रांसीसी भाषा में बुयार का मतलब कोहरा होता है। इसे वैसा ही रूप देने की कोशिश भी दिखती है। इसे सैटिन ग्रीन रंग में कार्बन-फाइबर

बॉडी के साथ बनाया गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसकी कीमत 20 मिलियन डॉलर होगी, यानी यह कार 165-175 करोड़ रुपयों के आसपास पड़ेगी। भारत की इंपोर्ट ड्यूटी वगैरह को मिला लें, तो भारत में इसकी कीमत 200 करोड़ रुपये तक पहुंचेगी। यह कार बुगाटी के नए सोलिटेयर प्रोग्राम का पहला अनूठा काम है। इसका असली कमाल इंजन में है। 1,578 हॉर्सपावर की ताकत वाला इसका डब्लू16 इंजन कार को महज 2.5 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटा की तूफानी रफ्तार पर पहुंचा देता है। प्रदूषण से जुड़े कड़े नियमों व इलेक्ट्रिक/हाइब्रिड गाड़ियों की बढ़ती मांग के कारण बुगाटी मशहूर 8.0-लीटर डब्लू16 पेट्रोल इंजन को हमेशा के लिए बंद कर रही है। बुयार्ड इस इंजन की आखिरी कार है।

दुनिया की पहली फोल्डिंग मोटरसाइकिल

आज की तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों को देखकर यह कहना मुश्किल होगा कि एक वक्त में कुछ मोटरबाइक्स केवल 32 किलो की तैयार की गई थीं और वे फोल्ड भी हो जाती थीं। दरअसल, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सेना ने द वेलबाइक को पैराशूट से सीधे युद्धक्षेत्र में उतारने के लिए बनाया था। 198सीसी की यह बाइक मोड़कर छोटे स्टील के डिब्बे में रखी जाती थी, जिसे जमीन पर उतरते ही सैनिक महज 11 से 15 सेकंड के भीतर खोलकर स्टार्ट कर लेते थे। यह 'पंकिट बाइक' आधुनिक स्कूटर्स, मोपेड्स और फोल्डिंग टू-व्हीलर्स की नींव बनी थी।

एसयूवी और इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बढ़ती रेंज

इलेक्ट्रिक स्कूटर से प्रीमियम एसयूवी तक, नए मॉडल ग्राहकों के लिए नए विकल्प ला रहे हैं। इस कड़ी में सिंपल वेव और एथर कोनार्क लॉन्च हो चुके हैं, जबकि कुछ नए मॉडल जल्द बाजार में आ सकते हैं

नई गाड़ी

एथर का नया ई-स्कूटर कोनार्क

कोनार्क में छह वेरिएंट मिल रहे हैं। चार एस लाइनअप में हैं, जो किफायती रेंज में आते हैं। पूरी लाइनअप में 100 से 200 किमी तक की रेंज वाले विकल्प मिलते हैं और टॉप स्पीड 70 किमी/घंटा है।

बैटरी और चार्जिंग : कोनार्क एस में 2.1 केडब्लूएच और 3.5 केडब्लूएच की बैटरी के विकल्प मिलते हैं। वहीं, स्मार्टडैश, इको और पावर राइडिंग मोड दिए गए हैं। गूगल मैप्स, ऑटो होल्ड, रिवर्स और चोरी का अलर्ट जैसे फीचर्स भी मिलते हैं। चार रंगों में है और बैटरी पर 10 साल तक की वारंटी मिलती है।

किफायती भी : शुरुआती कीमत 99,999 रुपये है, जो बजट में बेहतर विकल्प हो सकता है। इसका मुकाबला टीवीएस आईक्यूब, बजाज चेतक और विडा वीएक्स2 जैसे मॉडलों से हो सकता है।

सिंपल एनर्जी के स्कूटर में मिलेगा बड़ा स्टोरेज

इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में सिंपल एनर्जी का नया इलेक्ट्रिक स्कूटर भी मुकाबला बढ़ा रहा है।

कितने वेरिएंट : यह तीन वेरिएंट में आता है। वेव+ में 5 केडब्लूएच बैटरी के साथ 243 किमी तक की रेंज और 90 किमी/घंटा की टॉप स्पीड मिलती है। वेव और वेव एस की रेंज क्रमशः 171 और 132 किमी है।

70 लीटर स्टोरेज : स्कूटर में 70 लीटर अंडर-सीट स्टोरेज, 920 मिमी लंबी सीट और फ्लैट फ्लोरबोर्ड दिया गया है। इसमें 7-इंच टीएफटी स्क्रीन, रिवर्स असिस्ट जैसे फीचर मिलते हैं। कंपनी के अनुसार, वेव+ 0 से 40 किमी/घंटा की रफ्तार 3.3 सेकंड में पकड़ लेता है। बैटरी को 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज करने में करीब 2 घंटे 15 मिनट लगते हैं। कीमत 1.10 लाख रुपये बताई जा रही है। डिलिवरी जल्द शुरू हो सकती है।

हाइब्रिड-डीजल के साथ सोरेंटो

किआ सोरेंटो भारत में पेश हो चुकी है। यह कंपनी की फ्लैगशिप 3-पंक्ति की एसयूवी है, जिसे हाइब्रिड और डीजल पावरट्रेन के साथ पेश किया गया है। इसमें 10 एयरबैग, 360-डिग्री कैमरा व एडीएएस जैसे फीचर हैं। शुरुआती कीमत 27.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है।

मित्सुबिशी पजेरो की दमदार वापसी

मित्सुबिशी ने पांचवीं जनरेशन की पजेरो को नए 7-सीटर अवतार में पेश किया है। इसमें 2.4-लीटर वलीन डीजल इंजन, 480 एनएम टॉर्क और नया 8-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स मिलता है। एस-एडब्ल्यूसी, 230 मिमी ग्राउंड क्लीयरेंस, 14.3-इंच स्क्रीन इसके प्रमुख फीचर्स हो सकते हैं। इसे पहले थाईलैंड में लॉन्च किया जाएगा। भारत में भी आने की उम्मीद लगाई जा रही है।

-फीचर डेस्क

ऑनलाइन मोबाइल गैजेट के बड़े दावों से रहें सावधान

लंबी वीडियो कॉल हो, मोबाइल से वीडियो शूट करना हो या गेमिंग का शौक हो। मोबाइल का इस्तेमाल अब कई जरूरतों के लिए हो रहा है। इन्हीं जरूरतों को आसान बनाने के लिए लोग ईयरबड्स, माइक्रोफोन, पावर बैंक और गेमिंग कंट्रोलर जैसे गैजेट ऑनलाइन खरीद रहे हैं। खरीदारी से पहले कुछ बातों की जांच करना भी जरूरी है

टिप्स

मोबाइल के साथ इस्तेमाल होने वाले गैजेट अब रोजमर्रा की जरूरत बनते जा रहे हैं और ऑनलाइन आसानी से मिल जाते हैं। हालांकि, ऑनलाइन हर गैजेट अपने दावे पर खरा उतरे, जरूरी नहीं। इसलिए सिर्फ कीमत देखकर खरीदारी न करें।

मोबाइल से मेल खाता गैजेट लें : ईयरबड्स, गेमिंग कंट्रोलर, ऑटोजी एडॉप्टर या वायरलेस चार्जर खरीदने से पहले देखें कि वह आपके मोबाइल मॉडल के साथ काम करेगा या नहीं। चार्जर में पोर्ट और चार्जिंग क्षमता, मेमोरी कार्ड में फोन की अधिकतम सपोर्ट क्षमता जैसी जानकारी भी जांचें।

गेमिंग के लिए गैजेट खरीदें तो: गेमिंग कंट्रोलर, ईयरबड्स या हेडफोन लेते समय सिर्फ डिजाइन और कीमत न देखें। कनेक्शन मजबूत है या नहीं, गेम खेलते समय आवाज और स्क्रीन में तालमेल बना रहता है या नहीं और बैटरी कितनी चलती है, यह जरूर जांचें। कंट्रोलर आपके मोबाइल और पसंदीदा गेम के साथ काम करता है या नहीं, यह भी देख लें।

मोबाइल से शूटिंग के लिए: मोबाइल माइक्रोफोन, सेल्फी स्टिक या ट्राइपॉड जैसे गैजेट लेते समय कनेक्टर, मोबाइल के साथ कम्पैटिबिलिटी और इस्तेमाल का तरीका देखें। माइक्रोफोन में सिर्फ क्रिस्टल क्लियर साउंड जैसे दावों के बजाय रिव्यू में ऑडियो की गुणवत्ता जांचें।



ज्यादा सफर करते हैं तो : पावर बैंक खरीदते समय सिर्फ बैटरी पावर न देखें। आउटपुट, चार्जिंग स्पीड और अपने फोन के लिए जरूरी पोर्ट की जानकारी भी जांचें। मेमोरी कार्ड लेते समय फोन की अधिकतम सपोर्ट क्षमता और कार्ड की वास्तविक स्टोरेज जांचें।

नया है या पुराना, जांच लें : प्रोडक्ट की पैकेजिंग, सील, मॉडल नंबर और मैन्युफैक्चरिंग डेट देखें। रिफर्बिश्ड प्रोडक्ट हो तो उसकी जानकारी स्पष्ट रूप से दी गई है या नहीं, यह भी जांचें।

वारंटी और रिटर्न की शर्तें : वारंटी में मरम्मत होगी या प्रोडक्ट बदलेगा, सर्विस सेंटर उपलब्ध है या नहीं और बिल जरूरी है या नहीं, यह जांच लें। रिटर्न की अवधि और शर्तें भी पढ़ें।

नकली रिव्यू को ऐसे पहचानें : सिर्फ स्टार रेटिंग पर भरोसा न करें। एक जैसी भाषा वाले, एक साथ पोस्ट किए गए या गैर उपयोगी जानकारी वाले रिव्यू संदेह पैदा कर सकते हैं। नवीनतम फोटो वाले रिव्यू और उपभोक्ताओं के अनुभव जरूर पढ़ें। -श्वेता राकेश

रोजनामचा

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष : वाणी में मधुरता रहेगी, परंतु फिर भी मन परेशान हो सकता है। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

वृष : मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी बातचीत में संतुलित रहें। धैर्य शीलता भी बनाए रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें।

मिथुन : किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। आत्मसंयत रहें। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से धन मिल सकता है। कारोबार में भागदौड़ भी अधिक रहेगी।

कर्क : मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। पदन-पाटन में रुचि बढ़ेगी। पिता और संतान की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

सिंह : आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परंतु मन परेशान भी रहेगा। मानसिक शांति बनाए रखने के प्रयास करें। किसी संपत्ति से आय में वृद्धि हो सकती है।

कन्या : मन परेशान रहेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा।

तुला : मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है।

वृश्चिक : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु : आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

मकर : आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन भी बनेंगे। रहन-सहन अत्यधिक रहेगा।

कुंभ : मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। यात्रा से लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

मीन : शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन आदि बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। मवन सुख में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। वाहन सुख में कमी आ सकती है।

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋषिकांत गोस्वामी

05 सितंबर, शनिवार, शक संवत्: 14, भाद्रपद, (सौर) 1948, पंजाब पंचांग: 20, भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083, इस्लाम: 22, रबि-उल्लावल, 1448 विक्रमी संवत्: भाद्रपद कृष्ण नवमी तिथि रात्रि 09.54 मिनट तक पश्चात दशमी तिथि, मृगशीर्ष नक्षत्र रात्रि 09.31 मिनट तक पश्चात आद्रा नक्षत्र, वज्र योग दोपहर 12.47 मिनट तक पश्चात सिद्धि योग, चन्द्रमा वृष राशि में प्रातः 10.19 मिनट तक उपरांत मिथुन राशि।

सूर्य दक्षिणायन। प्रातः 09 बजे से प्रातः 10.30 मिनट तक राहुकाल। श्री गुग्गा नवमी। गोकुलाष्टमी। नन्दोत्सव।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

ज्योतिष संबंधी सेवाओं का अपना ऑफिस किस दिशा में बनाएं-

- वास्तु शास्त्र के अनुसार जिन व्यक्तियों का कार्य ज्ञान, आध्यात्मिक परामर्श व धर्म संबंधी परामर्श का होता है, उनके लिए ईशान कोण का विशेष महत्व होता है।
- इस स्थान पर बैठकर कार्य करने से व्यक्ति में ग्रहणशीलता, एकाग्रता बढ़ती है।
- इस स्थान पर नियमित रूप से बैठने, ध्यान साधना करने से सूक्ष्म अनुभूतियों की क्षमता विकसित होने लगती है।
- ईशान कोण में पूर्व मुखी बैठकर अपना कार्य करना चाहिए, क्योंकि पूर्व दिशा ज्ञान एवं प्रकाश की दिशा होती है तथा उत्तर दिशा धन एवं अवसरों की दिशा होती है।

वर्ग पहेली: 8442

बाएं से दाएं
1. रुकना; अड़ना; उलझना; फंसना (4)
5. दूरी; निर्मोह; परजन भाव; वेगानापन; (5)
6. महानगर का; महानगर से संबंधित (6)
7. जो बहुत दूर तक व्याप्त हो; चारों ओर फैला हुआ; छाया हुआ; भरा हुआ (3)
9. ज्योतिषी; गणना करने वाला; गणिज्ञ; लेखापाल (3)
10. खून; रक्त; लहू; रक्त वर्ण; शोणित; कुंकुम (3)
13. मरने के बाद (6)
14. निर्वासन का दंड; निर्वासित किए जाने की स्थिति (2,3)
15. निरंतर; दन दन शब्द सहित (4)

ऊपर से नीचे
1. अनुपयुक्त समय; बुरा समय; समय से पूर्व; समय के बाद (4)
2. छोटी कथा; कथासार (4)
3. धर्मशाला; पाथशाला; यात्रियों के ठहरने का स्थान; विश्रामस्थल (3)
4. शपथपूर्वक दिया गया लिखित कथन; हलफिया बयान; हलफनामा (5)
5. जांच करना; परीक्षा लेना (4,3)
8. जितना अधिक हो सकता हो उतना (5)
11. अंगीकार करना; अपना बनाना; ग्रहण करना; अनुसरण करना (4)
12. काटने के बाद बचा अंश (4)
13. जलना; मुरझाना; सूखना; अंत होना; प्राण त्यागना; समाप्त होना (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली: 8441

सुडोकू: 8396

*मध्यम

		9			3		4	
3	5		1				6	
		4				2		1
5				6			7	
			5		8			
	8			2				3
9		1				6		
	2				6		1	9
	3		7			5		

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू: 8395

1	4	3	5	2	9	6	8	7
8	6	2	3	1	7	9	4	5
9	7	5	4	6	8	2	1	3
4	3	1	9	7	6	5	2	8
5	2	7	1	8	4	3	6	9
6	9	8	2	5	3	1	7	4
2	5	9	8	4	1	7	3	6
3	8	6	7	9	2	4	5	1
7	1	4	6	3	5	8	9	2

दैनिक जागरण

परिवर्तन का विरोध भी प्रगति में बाधक बनता है

इसरो का नया अध्याय

आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा द्वीप पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने सफलता का एक नया अध्याय लिखा। यह देश के पहले इमेजिंग सैटेलाइट के लांच के रूप में सामने आया। यह एक अत्याधुनिक अर्थ इमेजिंग सैटेलाइट है। यह देश को रियल टाइम निगरानी और रणनीतिक डाटा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह सैटेलाइट भारत को ऐसी क्षमता से लैस करेगा, जिसकी आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यह सैटेलाइट किसी क्षेत्र पर लगातार नजर रखने की क्षमता से लैस है। पृथ्वी से हजारों किमी ऊपर से यह सैटेलाइट भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ आसपास के सागरों और रणनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार निगाह रख सकेगा। यह बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवातों, जंगलों की आग, पर्यावरणीय बदलावों की निगरानी में भी सहायक होगा। इसीलिए इसे अंतरिक्ष में भारत की आंख कहा जा रहा है। इसकी महत्ता का अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि इसके प्रक्षेपण के समय नौसेना और वायुसेना के अधिकारी श्रीहरिकोटा में मौजूद थे। स्पष्ट है कि इस सैटेलाइट का उपयोग केवल नागरिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में भी मदद करेगा।

इसरो की नवीनतम सफलता अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है। अंतरिक्ष में भारत की एक और छलांग का महत्व इससे बढ़ जाता है, क्योंकि कुछ समय से इसरो का भरोसेमंद रॉकेट पीएसएलवी लगातार नाकाम हो रहा था। इसके चलते इसरों की सैटेलाइट लॉन्चिंग क्षमता को लेकर सवाल उठने लगे थे। यह अच्छा हुआ कि इसरो के विज्ञानियों ने इन सवालों का जवाब शानदार तरीके से दिया। इस सफल मिशन ने भारत की अंतरिक्ष एजेंसी को एक नई ऊर्जा प्रदान की है। इसके बाद भी यह ध्यान रहे कि इसरो को अभी कई चुनौतियों का सामना करना है। इनमें कई सैटेलाइट को लॉन्चिंग के साथ गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन भी है। गगनयान का पहला मानव रहित मिशन इसी वर्ष के अंत तक प्रस्तावित है। चूंकि अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए भी खोल दिया गया है, इसलिए इसरो के सामने एक अन्य चुनौती कुशल मानव संसाधन को बनाए रखने की भी है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि इसरो बजट और संसाधनों की कमी के चलते प्रतिभाओं के अभाव का सामना न करने पाए, क्योंकि यदि ऐसा होता है तो महत्वपूर्ण अनुसंधान कार्यों पर विपरीत असर पड़ सकता है। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए कि इसरो के भावी मिशन तय समय में पूरे हों। इस अंतरिक्ष एजेंसी के लिए यह भी आवश्यक है कि वह हर मामले में आत्मनिर्भर बने और अपनी उत्कृष्टता सिद्ध करती रहे, क्योंकि आने वाले समय में प्रतिस्पर्धा बढ़ने वाली है।

उचित कदम

उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में लंबे समय से गैरहाजिर रहने और मरीजों के इलाज में लापरवाही बरतने वाले डाक्टरों की बर्खास्तगी जरूरी कदम है। लंबे समय से ड्यूटी से गायब रहने वाले डाक्टरों की सामूहिक बर्खास्तगी से शासन की निगरानी और उसकी सख्ती का संदेश पुख्ता होगा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जिन 26 डाक्टरों को बर्खास्त किया है, उनमें रेडियोलाजिस्ट जैसे विशेषज्ञ भी शामिल हैं। कैंसर जैसी बीमारी में किसी रेडियोलाजिस्ट की कितनी आवश्यकता होती है, यह सर्वविदित है। किसी डाक्टर का यदि सरकारी सेवा से मोहभंग हो गया हो तो उन्हें स्वयं पद त्याग देना चाहिए। पद पर बने रहकर सेवा कार्य न करें, यह मान्य नहीं हो सकता। सरकार को यह भी समीक्षा करनी चाहिए कि एक ओर अच्छे डाक्टरों का अभाव है तो दूसरी ओर पिछले एक वर्ष में 40 से अधिक डाक्टरों को सेवा से मुक्त क्यों करना पड़ा है। स्वास्थ्य विभाग को तो व्यवस्था ऐसी बनानी चाहिए, जिसमें गैरहाजिरी या लापरवाही सामने आने का इंतजार न करना पड़े, समय रहते इसकी पहचान हो सके। सरकारी अस्पताल गरीब और सामान्य वर्ग के मरीजों की सबसे बड़ी उम्मीद हैं। ऐसे में वहां डाक्टर की अनुपस्थिति का अर्थ इलाज का टलना या फिर निजी अस्पताल का खर्च उठाना ही है। कार्रवाई के साथ जवाबदेही का भाव सघन होगा तभी अच्छी सेवा से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में आम आदमी का भरोसा बना रहेगा।

> सरकारी अस्पताल गरीब और सामान्य वर्ग के मरीजों की सबसे बड़ी उम्मीद हैं, यहां सेवा में जड़ता से लोग परेशान होते हैं

प्रमाणित होती अर्थव्यवस्था की मजबूती

एस. महेंद्र देव

आर्थिक आकलन के तौर-तरीकों की आलोचना स्वागतयोग्य है, लेकिन सुविधाजनक निष्कर्ष कभी सही परिणाम नहीं दे सकते

सौरभ गर्ग

अवधेश राजपूत

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 31 अगस्त को पहली तिमाही के वृद्धि दर के आंकड़े सामने आने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर काफी चर्चा हो रही है। अकादमिक जगत के एक वर्ग ने इन आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि राष्ट्रीय आय और जीडीपी की गणना की पद्धति में कुछ ऐसी समस्याएं हैं, जिनकी वजह से इन आंकड़ों की विश्वसनीयता पर संदेह होता है। इसकी पड़ताल आवश्यक है।

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में दर्ज 7.8 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि के पीछे कई महत्वपूर्ण और निरंतर उपलब्ध आर्थिक संकेतकों का मजबूत आधार है। ये संकेतक अर्थव्यवस्था के विस्तार की मजबूती को प्रमाणित करते हैं। जैसे वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 18.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह माल ढुलाई और कारोबारी मांग में मजबूती का संकेत देती है। कंपनियां भविष्य में मांग बढ़ने की उम्मीद में वाहनों के बेड़े का विस्तार कर रही हैं। निवेश के मोर्चे पर भी काफी मजबूती दिखाई दे रही है। पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में 15.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मशीनरी और उपकरणों के आयात में 51.5 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी हुई। सीमेंट उत्पादन, तैयार स्टील की खपत और बुनियादी ढांचे तथा निर्माण से जुड़ी वस्तुओं के उत्पादन में भी मजबूत वृद्धि हुई। ई-वे बिल बनने की संख्या में भी दोहरे अंकों में वृद्धि जारी रही। जीएसटी की दरों में बड़े स्तर पर बदलाव और युक्तिसंगत बनाने के बाद सकल जीएसटी संग्रह में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन सभी संकेतकों को एक साथ देखने से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की वास्तविक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं और आर्थिक वृद्धि का आधार काफी व्यापक है। पहली तिमाही में बाहनों की जोरदार बिक्री से संकेत मिलता है कि अपनी पसंद और आवश्यकता पर खर्च करने को लेकर लोगों की क्षमता बढ़ी है, जिसने मांग को मजबूती प्रदान की है। कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र, तीनों में बैंक ऋण की व्यापक वृद्धि हुई है। मजबूत निवेश, माल ढुलाई में तेजी और बैंक ऋण के विस्तार का होना इसका संकेत है कि अर्थव्यवस्था का यह विस्तार टिकाऊ है।

वृद्धि को लेकर संदेह का एक पहलू मौजूदा कीमतों और स्थिर कीमतों पर जीडीपी के बीच कीमतों में किए जाने वाले समायोजन यानी जीडीपी डिफ्लेशन को लेकर है। यह चिंता तब भी बनी हुई है, जबकि आधार वर्ष में बदलाव के दौरान गणना की पद्धति में काफी सुधार किए गए हैं। पहली तिमाही के नतीजे आने के बाद जीडीपी डिफ्लेटर को लेकर जो सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी सवाल उठाया गया है, वह भी इसी मुद्दे से जुड़ा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली बेहतर पद्धतियों के अनुरूप संशोधित राष्ट्रीय आय के आंकड़ों में कीमतों के समायोजन के लिए अब थोक मूल्य सूचकांक यानी डब्ल्यूपीआइ की जगह नए उत्पादक मूल्य सूचकांक यानी पीपीआइ का उपयोग किया गया है। हालांकि, डिफ्लेशन की पद्धति और कीमतों से जुड़े आंकड़ों के स्रोत दोनों में एक साथ बदलाव किए जाने के कारण हाल में जीडीपी डिफ्लेटर में आए बदलावों को समझना कुछ मुश्किल हो गया है।

हमने विनिर्माण क्षेत्र में 'डबल डिफ्लेशन' पद्धति अपनाई है। इसमें उत्पादन और उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं (मध्यवर्ती खपत) की कीमतों में बदलाव को अलग-अलग समायोजित किया जाता है। इसके बाद दोनों के वास्तविक मूल्यों के अंतर से वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) निकाला जाता है। राष्ट्रीय आय की गणना में यह दुनिया भर में अपनाई जाने वाली सबसे बेहतर पद्धति मानी जाती है। जब उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की कीमतें तैयार उत्पादों की कीमतों से ज्यादा तेजी से बढ़ती हैं, तो मौजूद कीमतों पर जीवीए की वृद्धि वास्तविक जीवीए की वृद्धि से कम हो सकती है। जब उत्पादन और कच्चे माल, दोनों की कीमतें बढ़ रही हों, तब भी जीवीए का निहित डिफ्लेटर नकारात्मक हो सकता है। विकसित देशों में भी डबल डिफ्लेशन पद्धति अपनाने पर इस तरह के परिणाम सामने आए हैं। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी तैयार उत्पादों की कीमतों की तुलना में अधिक रही। इससे जीवीए डिफ्लेटर कम हुआ। इसके अलावा, कुछ सेवा क्षेत्रों में कीमतों में बहुत कम वृद्धि होने के कारण जीवीए डिफ्लेटर और सामान्य सीपीआइ और डब्ल्यूपीआइ के बीच अंतर और बढ़ गया। स्थिर कीमतों पर जीवीए का अनुमान सामान्य या समग्र मूल्य सूचकांकों के आधार पर नहीं लगाया जाता। इसके लिए अलग-अलग प्रकार के उत्पादन और उसमें इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं के लिए 300 से अधिक उत्पादक मूल्य और अन्य मूल्य सूचकांकों का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए अलग-अलग और व्यापक स्तर के कुछ आंकड़ों को सामने रखकर इन जीवीए अनुमानों पर सवाल उठाना उचित नहीं। इससे एक ऐसी सांख्यिकीय व्यवस्था को लेकर जनता में गलत धारणा बन सकती है, जिसे अधिक पारदर्शी और बेहतर बनाने के लिए लगातार सुधार किया गया है।

एक अध्ययन में भारत की राष्ट्रीय आय की गणना की पद्धति पर अनुचित तरीके से सवाल उठाए गए हैं। इसमें यह मान लिया गया है कि जीडीपी वृद्धि को कथित रूप से जरूरत से ज्यादा दिखाए जाने के कारण भारत के वास्तविक प्रदर्शन और इस काल्पनिक तुलना वाले देश के प्रदर्शन के बीच जो अंतर निकाला गया है, वह वास्तव में "निचली सीमा" है, लेकिन इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि जीडीपी की गणना की पद्धति में आखिर गलती कहां है। आर्थिक आकलन की किसी प्रणाली की आलोचना स्वागतयोग्य है, क्योंकि इससे सुधार की दिशा स्पष्ट हो सकती है, लेकिन भ्रामक टिप्पणियों और सुविधाजनक निष्कर्षों से यह संभव नहीं होता। विशेष तौर से तब जब अर्थव्यवस्था के लगभग सभी प्रमुख क्षेत्र तेजी का संकेत कर रहे हैं।

(देश प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष और सौरभ गर्ग साख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव हैं। आलेख में मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार एटनी साइरिएक का भी योगदान है)

response@jagran.com

स्कूली कक्षाओं को चाहिए योग्य शिक्षक

कुछ महीने पहले मुझे ऐसे युवाओं के साथ समय बिताने का अवसर मिला, जो करीब दो वर्षों से देश के अलग-अलग भागों में कम संसाधनों वाले स्कूलों में शिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। ये युवा इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र, वकालत, पत्रकारिता और साहित्य के ग्रेजुएट्स हैं और इनमें से किसी का भी लक्ष्य शिक्षक बनना नहीं था। उनका बस एक उद्देश्य था-स्कूल में पढ़ाकर उस भारत से परिचित होना, जो उनके अनुभवों से अलग है। इनकी साफ दिखाई दे रहा था कि समाज और देश को किन बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है और कहां बदलाव लाना जरूरी है। आखिर इन युवाओं में ऐसा क्या अलग था? मेरा निष्कर्ष है कि पढ़ाना ही नेतृत्व करना है। स्कूल में पढ़ाने का मतलब है अपना सर्वश्रेष्ठ देना।

शिक्षक की जिम्मेदारी सिर्फ छात्रों की पढ़ाई तक ही सीमित नहीं रहती। वे उन्हें समय की पाबंदी, सहानुभूति और ईमानदारी जैसे मूल्य सिखाते हैं। वे सुनिश्चित करते हैं कि विद्यार्थी नियम से स्कूल आएं, क्लास की गतिविधियों में हिस्सा लें और विश्वास रखें कि उनके भीतर भी क्षमता है। विद्यार्थी जितना शिक्षकों के शब्दों से सीखते हैं, उतना ही उनके आचरण से। जब शिक्षक विद्यार्थियों की एकाग्रता के साथ बेहतर करने और अच्छा भविष्य रचने की सीख देते हैं, तो उसका प्रभाव आगे चलकर समाज और देश पर पड़ता है। जब शिक्षक किसी ऐसे स्कूल में पढ़ाते हैं, जहां संसाधनों की कमी हो तब ये बातें और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं, क्योंकि यहीं वह जगह है, जहां भारत की चुनौतियां अपने सबसे स्पष्ट रूप में दिखाई देती हैं। किसी कम आय वाले इलाके की आठवीं कक्षा की कल्पना कीजिए। शिक्षक को पहले ही हफ्ते पता चल जाता है कि कई बच्चों का पढ़ने का स्तर दूसरी कक्षा का है। स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित, कुपोषण, आर्थिक तंगी से परेशान ये बच्चे क्या ध्यान लगाकर पढ़ पाएंगे? जात-पात, लिंग भेद, पंथ-संप्रदाय, सभी का असर इस पर पड़ता है कि कौन कक्षा में बोलेगा, कौन घर से काम करके ला पाएगा और कौन भविष्य के सपने देखने का साहस करेगा। सेकेंडरी स्कूल तक पहुंचते-पहुंचते बच्चों के सामने मोबाइल स्क्रीन और डिजिटल मीडिया की दुनिया खुल जाती है, जहां अक्सर बड़ों से उन्हें पर्याप्त मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। बच्चों के विकास के इस महत्वपूर्ण दिनों में एक शिक्षक की जिम्मेदारी केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि और अधिक जटिल और बहुआयामी बन जाती है।

प्रभय राज सिन्हा

जैसे कई देशों में युवाओं की फौज में भर्ती अनिवार्य है, वैसे ही भारत में हर युवा को शिक्षण में भर्ती शुरू करनी चाहिए

शिक्षक के साथ मूल्यों का भी समावेश करें शिक्षक। फाइल

कल्पना कीजिए कि एक युवा शिक्षक पूरी तैयारी के साथ कक्षा में पहुंचता है। उसे चंद ही मिनटों में पता चल जाता है कि कई विद्यार्थी पाठ्यक्रम की किताब तक ठीक से पढ़ नहीं पा रहे हैं। तब वह किताब को परे रखकर, परिस्थिति के अनुसार अपना तरीका बदलता है। वह पढ़ाने के सरल तरीके ढूंढता है, कहानियां सुनाता है और उन कहानियों को रोजमर्रा के जीवन से जोड़ता है। पढ़ाने के तरीके में इस तरह के बदलाव करना एक आम बात है। ऐसे अनुभव इस विश्वास को जन्म देते हैं कि गहरी चुनौतियों के बावजूद भारत में अभूतपूर्व सामाजिक सुधार और विकास की संभावना है। जब शिक्षक देखते हैं कि जिस बच्चे से जून में कोई उम्मीद नहीं थी, वह अक्टूबर आते-आते पूरा पाठ सस्वर पढ़ रहा है, तब वे यह बात ठिमाग से निकाल देते हैं कि देश कभी बदल नहीं सकता। शिक्षक देख लेते हैं कि जो संभव है, वह साकार भी हो सकता है। नगर निगम स्कूल में दूसरी कक्षा के बच्चों को पढ़ा रहे एक स्नातक ने दो ही वर्षों में विद्यार्थियों में तीन सालों की शैक्षणिक प्रगति दिखाई, स्कूल व्यवस्था को बदला और अपने प्रयास को सफल बनाने के लिए कारपोरेट साझेदारी से समर्थन जुटाया। आज वह एक विश्वस्तरीय कंसल्टिंग फर्म में लीडर हैं। टीच फार इंडिया, भूमि, गांधी फेलोशिप और एजुकेट गर्ल्स जैसी पहलों ने ऐसे युवा स्नातकों का समूह तैयार किया, जो देश की जमीनी सच्चाइयों से परिचित हैं। ये स्नातक अब टेक्नोलाजी, कंसल्टिंग और सामाजिक उद्यम के क्षेत्रों में संस्था निर्माता, विचारक एवं उद्यमियों के रूप में काम कर रहे हैं।

देश में स्नातकों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इनमें से कई ऐसे हैं, जो देश के लिए कुछ करने के लिए तत्पर हैं। सवाल यह है कि क्या उन्हें देश की जमीनी सच्चाई की समझ है? जिस तरह कई देशों में युवाओं की फौज में भर्ती अनिवार्य है, उसी तरह शायद भारत में हर युवा को शिक्षण में अनिवार्य भर्ती शुरू करनी चाहिए। जिसकी इच्छा पढ़ाने की न हो, वह किसी और रूप में स्कूल में योगदान दे। भारत ही एक ऐसा देश है, जहां इतने काबिल लोग और स्कूली बच्चों का संयोजन है। समस्याओं के उपाय खोजने के लिए हमें किसी और देश की ओर देखने की आवश्यकता नहीं है। स्थिति, सामर्थ्य और आशा, सब हमारे पास हैं। हमें अपनी स्कूली कक्षाओं में और काबिल लोग चाहिए। केवल विद्यार्थी के रूप में नहीं, शिक्षक के रूप में भी, ताकि वे भारत को जान सकें और समय आने पर उसका नेतृत्व कर सकें।

(लेखक टीच फार इंडिया सहित अशोका विश्वविद्यालय एवं इंडिएम स्कूल आफ बिजनेस बोर्ड के सदस्य हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

सह-अस्तित्व

संपूर्ण ब्रह्मांड एक अदृश्य ऊर्जा जाल से आबद्ध है, जहां हर जीव और तत्व परस्पर जुड़े हुए हैं। एकाकीपन केवल एक भ्रम है। सृष्टि का मूल आधार पृथकता नहीं, बल्कि 'सह-अस्तित्व' की शाश्वत डोर है। अनगिनत भेदों और विषमताओं के पीछे अभेद चेतना प्रवाहित हो रही है।

अध्यात्म की दृष्टि से मानवीय चेतना का विकास तभी संभव है, जब हम अंतर्मन में छिपी मनोग्रंथियों का विसर्जन करें। अहंकार आत्मा का ऐसा आवरण है, जो व्यक्ति को स्वयं को विशिष्ट और दूसरों को तुच्छ समझने की भ्रांति में धकेलता है। जब यह भ्रांति टूटती है, तो व्यक्तित्ववादी संकीर्णता समाप्त होती है। स्वयं को 'विशिष्ट' मानने के बजाय 'समष्टि का अंग' मानना ही अहं का सच्चा विसर्जन है। अधिकार की भावना केवल नियंत्रण और सत्ता की लिप्सा जगाती है। आध्यात्मिक मार्ग पर 'अधिकार' की जगह 'उत्तरदायित्व' और 'सेवा' का भाव स्थान लेता है।

'मेरा' और 'तेरा' का भाव मन में संकीर्णता और भय का बीज बोता है। जब आसक्ति अनासक्ति में परिवर्तित होती है, तब व्यक्ति संपूर्ण संसार को अपने ही स्वरूप में देखने लगता है और करुणा स्वाभाविक रूप से प्रस्फुटित होती है। अपने ही विचारों या हठ पर अड़े रहना आंतरिक शांति को भंग करता है। आग्रह का अर्थ है संकीर्ण मानसिक पूर्वाग्रह। जब हम विचारों के आग्रह को छोड़कर उदारता और ग्राह्यता को अपनाते हैं, तब मन में शांति का विस्तार होता है। जब तक मनुष्य अहं, अधिकार, ममत्व और आग्रह के बंधनों को ढीला नहीं करता, तब तक सह-अस्तित्व की अनुभूति संभव नहीं है। इन चारों मनोग्रंथियों का विसर्जन ही वास्तव में मानव चेतना का नवजागरण है, जिससे जीवन में समरसता, करुणा और शाश्वत आनंद का प्रादुर्भाव होता है।

ललित गर्ग

मिट्टी से बनी प्रतिमा को प्राथमिकता

रेणु जैन

आगामी 14 सितंबर से देशभर में गणेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। वस्तुतः यह उत्सव हमारी आस्था, श्रद्धा और संस्कृति का ऐसा पर्व है, जिसमें भगवान गणेश का स्वागत पूरे उत्साह के साथ किया जाता है। लेकिन बदलते समय के साथ इस पवित्र पर्व के सामने पर्यावरण संरक्षण की एक बड़ी चुनौती भी खड़ी हो गई है। प्लास्टर आफ पेरिस यानी पीओपी से बनी मूर्तियां देखने में भले ही आकर्षक और भव्य लगती हों, लेकिन इनके निर्माण से लेकर विसर्जन तक पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव गंभीर चिंता का विषय है। यही कारण है कि देश के कई शहरों में पीओपी की मूर्तियों के निर्माण उपयोग तथा विसर्जन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

> उत्सवों का सीजन शुरू हो रहा है। ऐसे में गणेशजी या अन्य भगवान की प्रतिमा निर्माण में मिट्टी का ही उपयोग हो

वस्तुतः पीओपी की मूर्तियों के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे सामान्य प्राकृतिक मिट्टी की तरह आसानी से पानी में नहीं घुलतीं। विसर्जन के बाद इनके अवशेष जलाशयों में लंबे समय तक बने रहते हैं। मूर्तियों को आकर्षक बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कई प्रकार के रासायनिक और चमकीले रंग भी पानी के लिए चिंता का कारण बनते हैं। इन रंगों में मौजूद कुछ रसायन पानी की गुणवत्ता प्रभावित कर सकते हैं और जलीय जीवों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं।

ऐसे में सवाल यह है कि जिस जल को हम जीवन मानते हैं, उसे अपने ही हाथों से प्रदूषित क्यों करें? जिस नदी को मां का दर्जा देते हैं, उसी में ऐसा पदार्थ क्यों डालें, जिससे उसका पानी और उसमें रहने वाला जीव-जगत प्रभावित हो? आस्था का अर्थ केवल पूजा करना नहीं, बल्कि उस प्रकृति का सम्मान करना भी है, जिसने हमें जीवन दिया है। इसीलिए अब समय आ गया है कि गणेश उत्सव की परंपरा को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ा जाए तथा राष्ट्रीय स्तर पर मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाएं ही बिराजित की जाएं। मिट्टी की प्रतिमा प्राकृतिक होती है और विसर्जन के बाद पर्यावरण पर पीओपी की तुलना में कम बोझ डालती है। इसके साथ ही मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने वाले स्थानीय कुम्हारों और शिल्पकारों को रोजगार मिलता है तथा हमारी पारंपरिक कला और संस्कृति भी जीवित रहती है।

प्रशासन को भी केवल आदेश जारी करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। शहरों के साथ-साथ आसपास के गांवों में भी निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि प्रतिबंधित सामग्री से मूर्तियों का निर्माण और बिक्री न हो। गणेश उत्सव समितियों और आम नागरिकों को भी आगे आकर पर्यावरण अनुकूल प्रतिमाओं को बढ़ावा देना चाहिए। गणेश उत्सव संपन्न होने के बाद यदि हमारे तालाब, नदियां और जलाशय साफ रहें और प्रकृति मुस्कुराती रहे, तो इससे बड़ी भगवान की भक्ति हमारे लिए और क्या हो सकती है। प्रकृति की सुरक्षा हम सबका दायित्व है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

पश्चिमी जगत का दोहरा मापदंड

'अंधविरोध का वैचारिक गठबंधन' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में प्रणय कुमार ने अमेरिका प्रवास के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डा. मोहन भागवत के कार्यक्रम का विरोध करने वाले न्यूयार्क के मेयर जोहरान ममदानी की आड़े हाथों लेते हुए बिल्कुल ठीक प्रश्न उठाया है कि किसी को सुने बगैर ही अस्वीकार कर देना कितना औचित्यपूर्ण है? अमेरिका जैसे लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर अपनाया जाने वाला यह पाखंड वहां के लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता के झंडाबरदार संगठनों की मनमानी नीतियों को उजागर करने के लिए काफी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत का ऐसा विराट स्वयंसेवी संगठन है, जो सौ वर्ष की संघर्षपूर्ण यात्रा के बाद अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। जिस अमेरिका में ममदानी जैसे लोगों ने अपनी सुविधानुसार डा. भागवत के कार्यक्रम का आयोजन से पूर्व ही विरोध करना शुरू कर दिया, उसी अमेरिका की धरती पर वहां के हिंदू संगठनों द्वारा ऐसा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अमेरिका के अलावा अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने भी प्रतिभाग कर संघ प्रमुख के सारगर्भित संबोधन को सुना और उसकी सराहना की। अंधविरोध की भी एक सीमा होती है, लेकिन ममदानी तो संघ का विरोध करते हुए उस सीमा को भी लांघ गए। कदाचित वह और उनके सहयोगी भारत में नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस की संघ विरोधी विचारधारा से इतने अधिक प्रभावित हैं कि संघ प्रमुख के न्यूयार्क पहुंचते ही उन्होंने अपना संघ विरोधी एजेंडा लागू कर दिया।

मेलबाक्स

ऐसे में प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या अमेरिकी लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का यही मापदंड है कि किसी को सुने बिना ही खारिज कर दिया जाए?

ड. वीपी पाण्डेय, अलीगढ़ (उप्र)

ज्ञान बढ़ाने वाला आलेख

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जब कुछ भी संवेदनशील बोलकर इंटरनेट मीडिया के माध्यम से लोग बायरल हो जाते हैं या राजनीतिक गलियारे में अपना कद बड़ा दिखाने की खुरपेंहमी पाल लेते हैं, ऐसे में रामानंद शर्मा का लेख बेहद तार्किक, सटीक और विद्वतपूर्ण आलेख शुक्रवार को पढ़ने को मिला। इससे बौद्धिक स्तर पर न सिर्फ संतोष मिला, बल्कि यह भरोसा भी हुआ कि सच्ची पत्रकारिता व जिम्मेदार मीडिया आज भी लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। इस समाचार पत्र के संपादक को सच में बधाइयां कि वे ऐसे विद्वतपूर्ण आलेख को छापकर लोगों के ज्ञान को समुन्नत करने के साथ ही गलत नैरेटिव और सच्चता और संस्कृति के खिलाफ दुष्प्रचार करने वालों को उनके अल्पज्ञता का अहसास भी कर रहे हैं। हर तरफ जहां बड़ी संख्या में लोग इंटरनेट मीडिया और अन्य माध्यमों से झूठ को प्रचारित कर समाज में नफरत की अग्नि भड़काए रखना चाहते हैं कुछ लोग, ताकि वे अपने स्वार्थ की रोटी सेकना जारी रख सकें। वैसे में जागृति हेतु मीडिया को जागरूक और सच्चता भूमिका निभाने की अत्यंत आवश्यकता है।

जय कृष्ण कुमार, (अध्यापक) बांका, बिहार

हिमालय की निरंतर निगरानी

शुक्रवार को प्रकाशित संपादकीय आलेख हिमालयी राज्यों की चुनौती पढ़ा। हिमालय भारत की प्राकृतिक धरोहर के साथ करोड़ों लोगों के जीवन और आजीविका का आधार है। ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने और ग्लेशियल झीलों के बढ़ते खतरे ने हिमालयी राज्यों के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। नेपाल में ग्लेशियर फटने से आई बाढ़ जैसी घटनाएं इस खतरे की गंभीरता को रेखांकित करती हैं। सीमापार स्थित ग्लेशियरों की निगरानी के लिए भारत, नेपाल, भूटान और चीन के बीच साझा तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही हिमालयी क्षेत्र में सड़क, बांध, बिजली और पर्यटन परियोजनाओं का निर्माण पर्यावरणीय संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर किया जाए। नदियों के किनारे अनियंत्रित निर्माण और बाढ़ क्षेत्र में रिसार्ट बनाने पर रोक जरूरी है।

हिमांशु शेखर, केसपा, गयाजी

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, जीव एजीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी* दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615600, E-mail: delhi@ndi.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

आजकल

सिंधु जल संधि पर भारत का दृढ़ रवैया

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में हालिया आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उनके देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, लिहाजा इसे राजनीतिक सौदेबाजी का हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए। लेकिन भारत ने विश्व मंच पर फिर स्पष्ट कर दिया है कि जब तक पाकिस्तान अपनी धरती से संचालित होने वाले आतंकी नेटवर्क के विरुद्ध पर्याप्त कार्रवाई नहीं करेगा, तब तक सिंधु जल संधि निलंबित रहेगी



अपनी भारत विरोधी गतिविधियां जारी रखने के बावजूद भारत से सिंधु नदी का पानी चाहता है पाकिस्तान। फाइल

श्री राम शा
shriramshaw@nda.jagran.com

वर्ष 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित करने के भारत के ऐतिहासिक और दृढ़ निर्णय ने दक्षिण एशिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। अप्रैल, 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए उस नृशंस आतंकवादी हमले के बाद, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी, भारत ने स्पष्ट कर दिया कि "खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते।" इस कठोर कदम ने दशकों से भारत की उदारता का अनुचित लाभ उठाने वाले पाकिस्तान को अंततः घुटनों पर ला खड़ा किया है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान की और से मांगी जा रही सहानुभूति इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भारत की यह नीति न केवल समयोचित है, बल्कि पूरी तरह से न्यायसंगत भी है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि : भारत के भूगोल की पृष्ठभूमि को समझने प्रयास करें तो सिंधु नदी प्रणाली में छह प्रमुख नदियां- सिंधु, चेनाब, झेलम, रावी, ब्यास और सतलुज शामिल हैं। वर्ष 1947 में भारत के विभाजन के बाद, भूगोल की वास्तविकताओं के कारण भारत अपस्ट्रीम (ऊपरी तटवर्ती) राष्ट्र बना और पाकिस्तान का कृषि-प्रधान पंजाब क्षेत्र इन नदियों के पानी पर निर्भर हो गया। विश्व बैंक की मध्यस्थता से 19 सितंबर, 1960 को हुई इस संधि में भारत ने उदारता का परिचय दिया था।

आंकड़ों के स्तर पर यह संधि अत्यधिक रूप से पाकिस्तान के पक्ष में झुकी हुई थी। भारत ने सिंधु प्रणाली के कुल पानी का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा (पश्चिमी नदियां- सिंधु, चेनाब और झेलम) पाकिस्तान को सौंप दिया, जबकि स्वयं केवल 20 प्रतिशत हिस्सा (पूर्वी नदियां- सतलुज, ब्यास और रावी) अपने पास रखा। भारत ने पाकिस्तान को गुलाम कश्मीर में जल संसाधन बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए लगभग 6.2 करोड़ पाउंड (वर्तमान मूल्य के अनुसार लगभग 2.5 अरब डालर) की भारी-भरकम राशि बतौर मुआवजा दी। यानी अपस्ट्रीम देश (जहां से नदी का जल आगे की ओर बढ़ता हो) होने और बहुसंख्यक मात्रा में पानी छोड़ने के बावजूद भारत ने ही डाउनस्ट्रीम देश (जिस देश को नदी का पानी दिया जा रहा हो या छोड़ा जा रहा हो) को भुगतान किया। संधि ने भारत के आंतरिक विकास पर कड़े भौगोलिक और तकनीकी प्रतिबंध लगाए, जैसे पश्चिमी नदियों पर सीमित सिंचित क्षेत्र और जल भंडारण की पाबंदियां, जबकि पाकिस्तान पर कोई अवरोध नहीं थी।

पाकिस्तान द्वारा संधि का दुरुपयोग : भारत का आचरण निरंतर इस संधि के अनुरूप कायम रहा। पिछले छह दशकों में भारत ने वर्ष 1965, 1971 और 1999 के युद्धों के दौरान भी इस संधि का पूरी तरह सम्मान किया। इसके विपरीत, पाकिस्तान ने इस समझौते को कभी भी सद्भाव का प्रतीक नहीं माना, बल्कि इसका उपयोग भारत के विकास में रोड़े अटकाने के लिए एक कूटनीतिक हथियार के रूप में किया। बगलिहार, किशनगंगा, पाकल दुल और तुलबुल जैसी भारत की प्रत्येक जलविद्युत परियोजना पर पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के नाम पर अड़ंगे डाले। यह सब तब हुआ जब पाकिस्तान ने अपनी भूमि का उपयोग भारत के खिलाफ निरंतर सीमा पार आतंकवाद फैलाने के लिए किया, चाहे वह 2001 का संसद हमला हो, वर्ष 2008 के मुंबई हमला हो या फिर पिछले वर्ष पहलगाम हमला। पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर झूठा 'वाटर बार' का नैरेटिव फैलाकर भारत को एक संभावित आक्रामक देश के रूप में चित्रित करने का कुत्सित प्रयास किया, ताकि वह अपने आंतरिक कुप्रबंधन और जलवायु परिवर्तन से उपजी विफलताओं से ध्यान भटका सके।

सुरक्षा पर संधि का प्रतिकूल प्रभाव : इस अत्यधिक असमान संधि के कारण भारत को, विशेषकर जम्मू-कश्मीर और उत्तर भारत के राज्यों को भारी आर्थिक और विकास संबंधी क्षति उठानी पड़ी है। जम्मू-कश्मीर, जो इन पश्चिमी नदियों के मुहाने पर स्थित है, अपनी असीम जलविद्युत क्षमता का पूर्ण दोहन करने से वंचित रह गया। राजस्थान और पंजाब के शुष्क क्षेत्रों में जो कृषि समृद्धि आ सकती थी, वह संधि की दमनकारी पाबंदियों की भेंट चढ़ गई। पाकिस्तान के कारण भारत के कई इलाकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

मध्यस्थता न्यायालय : इस बीच नई दिल्ली ने यह स्पष्ट कर दिया है कि द्विपक्षीय समझौते एकतरफा नहीं चल सकते। जब तक पाकिस्तान अपनी धरती से संचालित होने वाले आतंकवाद के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह और अपरिवर्तनीय रूप से समाप्त नहीं करता, तब तक जल सहयोग को बहाल नहीं किया जाएगा। नीदरलैंड के हेग में स्थित मध्यस्थता न्यायालय के उस निर्णय को भी भारत ने खारिज कर दिया है, जिसमें निलंबन को अनुचित ठहराया गया था। भारत की दृढ़ता राय है कि आतंकवाद और कूटनीति या व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। भारत ने न्यायालय के अधिकार को नकारते हुए उसके निर्णय को कानूनी रूप से अमान्य बताया है। इस बीच भारत ने एक बार यह दोहराया है कि सिंधु जल संधि अभी स्थगित है। यह बयान न्यायालय के उस फैसले के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि संधि

बिजनेस

आरबीआइ ने पांच संस्थाओं पर लगाया जुर्माना

मुंबई: आरबीआइ ने शुक्रवार को बताया कि कुछ निश्चित नियमों का पालन नहीं करने पर उसने पांच संस्थाओं पर जुर्माना लगाया है। एक अधिसूचना के अनुसार, ट्रांसयूनियन सिबिल पर 26.82 लाख, सीआरआइएफ हाई मार्क क्रेडिट इन्फार्मेशन सर्विसेज पर 6.89 लाख, इक्वाफिक्स क्रेडिट इन्फार्मेशन फिनसर्व पर 1.19 लाख, सम्मान फिनसर्व पर 4.20 लाख और हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस पर 6.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। (प्रेट)

ई-कामर्स के जरिये निर्यात को बढ़ावा देने के सरकारी उपायों से देश के छोटे शहरों में व्यापारियों के कारोबार को बड़ी बढ़त मिलेगी।
– गौरव सिसोदिया, वाइस प्रेसिडेंट, पेपोनीर इंडिया

सेंसेक्स	76,515.43 ▲ 362.57	निफ्टी	23,897.70 ▲ 24.25	सोना प्रति 10 ग्राम	₹ 1,60,900 ▲ ₹ 1,400	चांदी प्रति किलो ग्राम	₹ 2,40,500 (बदलाव नहीं)	$ डालर	₹ 94.43 ▼ ₹ 0.08	कूड प्रति बैरल	$ 95.14

एक नजर में

कोल गैसीफिकेशन योजना में कोई आवेदन नहीं

नई दिल्ली: केंद्र सरकार की कोयले से गैस बनाने वाली महत्वाकांक्षी प्रोत्साहन योजना कोल गैसीफिकेशन कंपनियों को आकर्षित नहीं कर पाई है। 37,500 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन वाली इस योजना के लिए अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है। इस योजना के तहत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि सात सितंबर है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि जब तक समय सीमा समाप्त नहीं होती, तब तक आवेदन की संख्या बताना संभव नहीं होगा। (प्रेट)

नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर विदेशी मुद्रा भंडार

मुंबई: आरबीआइ ने शुक्रवार को बताया कि 28 अगस्त को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 11.475 अरब डालर बढ़कर 740.803 अरब डालर के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। केंद्रीय बैंक के अनुसार, बीते सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार का एक बड़ा हिस्सा यानी विदेशी मुद्रा आस्तियां 9.337 अरब डालर बढ़कर 600.67 अरब डालर हो गया। इस दौरान सोने के भंडार का मूल्य 2.191 अरब डालर बढ़कर 116.409 अरब डालर हो गया। (प्रेट)

2030 तक एक लाख लोगों की छंटनी करेगी फाक्सवैगन

मुंबई: जर्मन कार कंपनी फाक्सवैगन खर्च कम करने की बड़ी योजना के तहत 2030 तक एक लाख कर्मचारियों की छंटनी करेगी। यह वैश्विक आटो इंडस्ट्री में अब तक का सबसे बड़ा पुनर्गठन है। कंपनी ने कुछ दिनों पहले 50 हजार नौकरियों में कटौती का एलान किया था। अब लगभग 50 हजार और घट कम करने की घोषणा की है। इस तरह कुल कटौती समूह के कुल कर्मचारियों की संख्या का लगभग 15 प्रतिशत है। फाक्सवैगन समूह ने कार माडलों की संख्या को आधा करने का फैसला किया है। अगले आठ सालों में जर्मनी में चार उत्पादन संयंत्र बंद करने पर भी विचार हो रहा है। (आइएनएस)

अस्थिर बाजार में दस्तक को तैयार मेगा आइपीओ

सेबी ने जियो प्लेटफार्म्स के बाद एनएसई के 30 हजार करोड़ रुपये के निर्गम को दी मंजूरी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : शेयर बाजार की चाल बहुत उत्साह वाली नहीं रही है। जनवरी के बाद से लगातार गिरावट का माहौल है। इस दौरान निफ्टी करीब 8-9 प्रतिशत और सेंसेक्स दस प्रतिशत तक नीचे आ चुका है। फिर भी आर्थिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) लाने की तैयारी में जुटी कंपनियों का उत्साह बना हुआ है। सेबी ने पिछले दस दिनों में जियो प्लेटफार्म्स के करीब 37,700 करोड़ रुपये और नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) का करीब 30 हजार करोड़ रुपये के आइपीओ को मंजूरी दी है। काफी लंबे समय बाद भारतीय बाजार में कुछ ही महीनों के अंतराल पर इतने बड़े निर्गम आने वाले हैं। इसके अलावा अगले दो महीनों में दर्जनभर अन्य कंपनियों के भी आइपीओ आएंगे।

बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को एनएसई के आइपीओ लाने संबंधी प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी प्रदान कर दी। रायटर के मुताबिक, 21 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में यह आइपीओ बाजार में आ सकता है। यह इश्यू करीब 30 हजार करोड़ रुपये का होगा और एनएसई इस दौरान 14.89 करोड़ शेयर बेचेगा। यह निर्गम पूरी तरह से बिक्री पेशकश पर आधारित होगा। इसका आशय यह है कि शेयर बिक्री से एनएसई की कोई रकम हासिल नहीं होगी। इसके मौजूदा शेयरधारक अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे। अगर 30 हजार करोड़ रुपये का आइपीओ आता है तो एनएसई का बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ रुपये से ज्यादा होगा। एनएसई के लगभग 1.80 लाख शेयरधारक हैं। यह शेयर बाजार के इतिहास का अभी तक सबसे बड़ा आइपीओ होगा। हालांकि, यह रिकार्ड ज्यादा नहीं रहेगा, क्योंकि इसके दो-तीन महीनों के भीतर ही जियो का आइपीओ आएगा, जिसका आकार 37,700 करोड़ रुपये होगा। ये दोनों निर्गम मिलकर बाजार से 67-68 हजार करोड़ रुपये जुटाएंगे। इसके अलावा भी सेबी के पास कुछ बड़े आइपीओ के प्रस्ताव हैं। इसमें फोनपे (12,000 करोड़ रुपये), जेप्टो (10-11 हजार करोड़ रुपये)। इन कंपनियों की तरफ से भी इस साल के अंत तक बाजार में दस्तक देने की तैयारी है। ओयो का करीब 6,650 करोड़ रुपये का इश्यू भी इसी श्रेणी में है। इसके साथ ही हीरो फिनकार्प जैसी एनबीएफसी भी कतार में हैं। सितंबर में रेंटोमोजो, कानोहर इलेक्ट्रिकल्स, करमतारा और आर्किल जैसे छोटे-मझोले अन्य कई निर्गम आने वाले हैं।

- 21 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में आ सकता है आइपीओ, 14.89 करोड़ शेयर बेचेगा एनएसई
- इस साल के अंत तक विभिन्न कंपनियां प्राथमिक बाजार से जुटाएंगी एक लाख करोड़ रुपये

अभी तक का सबसे बड़ा आइपीओ हुंडई इंडिया का रहा

अब तक की बात करें तो इस साल शुरुआती छह महीनों के दौरान छोटी और मझोली कंपनियों ने आइपीओ बाजार में उतरने की हिम्मत दिखाई। पश्चिम एशिया संकट की वजह से कुछ कंपनियों ने आइपीओ लाने में देरी करना ही उचित समझा। बाजार की कमजोरी के बावजूद बड़ी संख्या में निवेशकों ने आइपीओ में पैसा लगाया। अभी तक का सबसे बड़ा आइपीओ हुंडई इंडिया का रहा और उसने अक्टूबर, 2024 में 27,859 करोड़ रुपये की राशि जुटाई थी। वहीं 2022 में एलआइसी ने 20,557.23 करोड़, पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशन ने 18,300 करोड़ (2021), टाटा कैपिटल 15,511.87 करोड़ (2025) और कोल इंडिया ने 15,200 करोड़ (2010) रुपये बाजार से जुटाए थे।

आठ महीनों में कंपनियों ने 74 हजार करोड़ जुटाए

जनवरी से अगस्त के दौरान करीब 60 से 62 आइपीओ के जरिये बाजार से लगभग 72 से 74 हजार करोड़ रुपये जुटाए गए। इसमें करीब 69 प्रतिशत राशि जुलाई और अगस्त में जुटाई गई। जुलाई में 12 इश्यू से करीब 28,648 करोड़ और अगस्त में 23 निर्गमों से 22,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए गए हैं।

एलआइसी है एनएसई में सबसे बड़ी शेयरधारक

एनएसई की सबसे बड़ी शेयरधारक एलआइसी है और उसके पास 10.72 प्रतिशत हिस्सेदारी है। हालांकि, वह आइपीओ में कोई शेयर नहीं बेचेगी। शेयर बेचने वाले प्रमुख शेयरधारकों में कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड, अरंडा इन्वेस्टमेंट्स (मारिशस) प्राइवेट लिमिटेड, बैंक आफ बड़ौदा, स्टाक होल्डिंग कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड, जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन आफ इंडिया, द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी शामिल है। एसबीआइ के पास अभी एनएसई में 3.23 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

अफ्रीका व दक्षिण अमेरिका को बढ़ रहा भारतीय निर्यात

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : वैश्विक उथल-पुथल खासकर पश्चिम एशिया, यूरोप और अमेरिका के युद्ध में फंसे होने के बावजूद भारत का निर्यात अफ्रीका व दक्षिणी अमेरिकी देशों की मदद से बढ़ रहा है। पांच साल पहले तक भारत का अधिकतम निर्यात अमेरिका और यूरोप के बाजार में होता था। अगर इन दो जगहों पर निर्यात प्रभावित होता था तो कुल निर्यात में कमी दर्ज की जाती थी। हालांकि, पिछले कुछ सालों में खासकर कोरोना काल और उसके बाद पिछले डेढ़ साल से विदेश व्यापार को लेकर अमेरिका के रुख में बार-बार होने वाले बदलाव को देखते हुए भारत ने दुनिया में नए-नए बाजार की तलाश शुरू की और उसका नतीजा अब दिखने लगा है।

इसी का नतीजा है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 के अप्रैल-जुलाई में भारत के वस्तु निर्यात में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जबकि अमेरिका के बाजार में इस अवधि में भारतीय निर्यात में सिर्फ तीन प्रतिशत बढ़ोतरी रही। यूरोप के भी प्रमुख देशों में भारत का निर्यात 2.5 से लेकर 13 प्रतिशत तक बढ़ा। दूसरी तरफ, चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-जुलाई में दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया, मिस्र, केन्या, मोजांबिक, टोगो, तंजानिया जैसे देशों में भारतीय वस्तुओं का निर्यात 20-80 प्रतिशत तक बढ़ता हुआ दिख रहा है। दक्षिण अमेरिका के ब्राजील, मैक्सिको, पेरु, चिली जैसे देशों में भी भारतीय निर्यात की बढ़ोतरी दर 50 प्रतिशत से अधिक है।

कोरोना काल के बाद से ही भारत ने निर्यात और आयात के लिए वैकल्पिक बाजार की तलाश तेज कर दी थी। अमेरिका द्वारा पारस्परिक शुल्क के एलान के बाद से तो 100 से अधिक देशों में भारत के राजदूत व दूतावास के अधिकारी भारतीय व्यापार की संभावनाओं की तलाश और तेज कर दिया और भारतीय वस्तुओं की मार्केटिंग शुरू की। हालांकि अब भी अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के बाजार में भारतीय वस्तुओं की हिस्सेदारी चीन से काफी कम है। अफ्रीका में 50 से अधिक देश हैं और अफ्रीका के कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत है तो भारत की मात्र छह प्रतिशत। दक्षिण अमेरिका में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए भारत पेरू, चिली, ब्राजील जैसे देशों के साथ व्यापार समझौते की तैयारी कर रहा है ताकि इन देशों के माध्यम से पूरे लैटिन अमेरिका में भारतीय वस्तुओं का बाजार वहां खुल सके।

- पांच साल पहले तक भारत का अधिकतम निर्यात अमेरिका और यूरोप के बाजार में होता था
- विदेश व्यापार को लेकर अमेरिका के रुख में बदलाव के बाद भारत ने तलाशे नए बाजार

अप्रैल से जुलाई में पिछले साल के मुकाबले निर्यात में वृद्धि (%में)

अमेरिका	3.0
नाइजीरिया	27.7
मिस्र	33.5
मेक्सिको	24
तंजानिया	131
दक्षिण अफ्रीका	69
मोजाबिक	89
घाना	27.7
चिली	12
केन्या	81

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या क्लिक करें jagran.com

आरबीआइ दिसंबर से शुरू कर सकता है रेपो रेट में वृद्धि

नई दिल्ली, एएनआइ: यूनियन बैंक आफ इंडिया का मानना है कि बैंकिंग प्रणाली में ज्यादा नकदी को नियंत्रित करने और बढ़ती महंगाई को रोकने के लिए आरबीआइ रेपो रेट बढ़ाने का सिलसिला दिसंबर से शुरू कर सकता है। बैंक का मानना है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में केंद्रीय बैंक रेपो रेट को 5.75-6 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है।

यूनियन बैंक ने एक रिपोर्ट में कहा है कि 25 आधार अंक की दो से तीन बार वृद्धि होगी, जिससे रेपो रेट मौजूदा 5.25 प्रतिशत से बढ़कर 5.75-6 प्रतिशत हो जाएगी। यह अनुमान मजबूत आर्थिक विकास, बढ़ती महंगाई और वैश्विक वित्तीय हालात के मिले-जुले असर पर आधारित हैं। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब 31 अगस्त तक आरबीआइ की विशेष स्वैप सुविधा के तहत विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़कर लगभग 136 अरब डालर हो गया है। इसमें से 127.23 अरब डालर विदेशी मुद्रा जमा योजना के जरिये आए, जबकि बाकी हिस्सा विदेशी मुद्रा में लिए गए लोन और बाहरी वाणिज्यिक ऋण से आया। रिपोर्ट के अनुसार, भारी प्रवाह की वजह से बैंकिंग प्रणाली में नकदी तेजी से बढ़ी है। जून के मध्यम में नकदी 4.82 लाख करोड़ रुपये थी जो अगस्त के मध्य तक बढ़कर 8.05 लाख करोड़ रुपये हो गई। एक अनुमान के अनुसार 11 सितंबर तक बैंकिंग प्रणाली में नकदी बढ़कर लगभग 14.17 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी और इस तरह आरबीआइ के लिए नकदी प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बन जाएगी।

यूनियन बैंक ने कहा कि अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व सितंबर में दरें बढ़ाता है और आरबीआइ बैंकिंग प्रणाली में मौजूद अतिरिक्त नकदी को अवशोषित करता है तो अक्टूबर में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में ही दरों में वृद्धि की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

- यूनियन बैंक ने कहा- रेपो रेट को 5.75 से 6 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है केंद्रीय बैंक
- डालर प्रवाह बढ़ने के बाद अब आरबीआइ के लिए नकदी प्रबंधन एक अहम नीतिगत चुनौती

बैंकिंग प्रणाली से 6.02 लाख करोड़ रुपये वापस लिए

मुंबई, प्रेट: बैंकों में सरप्लस नकदी के रिकार्ड उच्चस्तर पर बने रहने के चलते आरबीआइ ने शुक्रवार को दो परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामी के जरिये 6.02 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वापस ली। केंद्रीय बैंक को तीन दिवसीय वीआरआरआर नीलामी में सात लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 5,41,975 करोड़ रुपये की बोलियां मिलीं और उसने उन्हें स्वीकार कर लिया। यह नीलामी 5.24 प्रतिशत की ब्याज दर पर आयोजित की गई थी। एक अन्य वीआरआरआर नीलामी में 1.5 लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले बैंकों ने 5.24 प्रतिशत की ब्याज दर पर आरबीआइ के पास 60,419 करोड़ रुपये रखे।

धातु और तेल शेयरों में खरीदारी से चार दिन की गिरावट थमी

मुंबई, प्रेट: धातु, निजी बैंक और तेल व गैस शेयरों में खरीदारी के चलते घरेलू बाजारों में चार दिन से जारी गिरावट शुक्रवार को थम गई और दैनों प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 362.57 अंक बढ़कर 76,515.43 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इसमें 730.28 अंक तक की तेजी दर्ज की गई। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी 24.25 अंक की मामूली वृद्धि के साथ 23,897.70 पर समाप्त हुआ।

सेंसेक्स में टाटा स्टील, रिलायंस, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, अदाणी पोर्ट्स, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर बढ़कर बंद हुए।

अंतरराष्ट्रीय

बलूच विद्रोहियों ने मार गिराए 25 पाकिस्तानी सैनिक

क्वेटा, आइएएनएस: पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोहियों ने पाकिस्तानी सेना को फिर निशाना बनाया है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने शुक्रवार को प्रांत के जियारत और सुराब जिलों में पाकिस्तानी बलों को निशाना बनाकर किए गए दो हमलों की जिम्मेदारी ली। इन हमलों में 25 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं।

- बीएएच ने बलूचिस्तान में दो हमलों की ली जिम्मेदारी
- पाकिस्तानी सेना व पुलिस के खिलाफ तेज किए हमले

बलूच आर्मी। फाइल

बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने एक बयान में कहा कि लड़ाकों ने जियारत क्रास पर पाकिस्तानी सैन्य काफिले के चार वाहनों पर हमला। इनमें से एक सैन्य ट्रक समेत दो वाहन तबाह हो गए और 18 सैनिक मारे गए। हमले में घायल पांच सैनिक किसी तरह बचकर निकल गए और काफिले से हथियार जब्त कर लिए गए। बीएलए का फतेह स्क्वाड भी हमले में शामिल रहा। बीएलए के मीडिया आउटलेट हक्काल ने जियारत क्रास पर किए गए हमले का एक मिनट और 11 सेकेंड का एक वीडियो भी जारी किया है। इस फुटेज में सशस्त्र लड़ाके पाकिस्तानी सैन्य वाहनों के पास खड़े नजर आ रहे हैं, जो आग में जल रहे हैं, जबकि कई शव और हथियार भी देखे जा सकते हैं। बीएलए प्रवक्ता के बयान में सुराब के हाजिका इलाके में एक अन्य हमले की भी जानकारी दी गई। यहां बीएलए के स्पेशल टैक्टिकल आपरेशन स्क्वाड ने बिस्फोटक लदे वाहन को रिमोट के माध्यम से उड़ा दिया, जिससे एक सैन्य वाहन के परखचे उड़ गए और सात सैनिक मारे गए। बीएलए ने पिछले महीने प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों में पाकिस्तानी बलों के खिलाफ 36 अभियानों की जिम्मेदारी ली थी। इन हमलों में 33 जवान मारे गए थे। वहीं पाकिस्तानी सेना ने शुक्रवार को दावा किया कि पिछले 72 घंटों के दौरान 48 आतंकियों को मार गिराया गया।

सेना के ड्रोन हमले में महिला की मौत: मानवाधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन बलूच बायस फार जस्टिस ने शुक्रवार को बलूचिस्तान के खुजदार जिले के जहरी इलाके में पाकिस्तानी सेना के अभियान की आलोचना की। इस अभियान के दौरान ड्रोन हमले में एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

ट्रंप की फोटो वाला 1 डालर का सिक्का लांच होते ही आउट आफ स्टाक

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर वाला एक डालर का सिक्का। एपी

वाशिंगटन, एएनआइ: अमेरिका की आजादी की 250वीं सालगिरह पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर वाला नया एक डालर का सिक्का लांच होने के कुछ ही घंटे के भीतर आउट आफ स्टाक हो गया। इस एक डालर सिक्के की बिक्री आधिकारिक तौर पर बुधवार दोपहर अमेरिकी मिंट के आनलाइन कैटलाग के जरिए शुरू हुई। मांग में तुरंत तेजी आई, जिससे वेबसाइट पर आने वाले लोगों को बर्चुअल वेटिंग रूम में जाना पड़ा और इंतजार का समय एक घंटे से भी अधिक हो गया।

'द वाल स्ट्रीट जर्नल में छपे मोहन भागवत के विज्ञापन ने गर्व महसूस कराया'

वाशिंगटन, आइएएनएस: हिंदू अमेरिकी नेताओं ने गुरुवार को अमेरिकी अखबार 'द वाल स्ट्रीट जर्नल' में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को लेकर छपे एक पूरे पेज के पेड विज्ञापन का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एकता और विविधता के प्रति सम्मान का संदेश देने वाले इस विज्ञापन ने समुदाय को अपनी विरासत पर गर्व महसूस कराया।

डॉ. ओक यांच्या सोसायटीजवळ सुरू झालेल्या औद्योगिक शेडमुळे होणारा प्रचंड आवाज हा त्यांचा पहिला प्रत्यक्ष संघर्ष ठरला. त्यांनी त्याविरोधात न्यायालयात दाद मागितली. अखेरीस त्या औद्योगिक उपक्रमावर निर्बंध आले. त्यानंतर त्यांनी रुग्णालयाबाहेरच्या सार्वजनिक आरोग्याच्या लढ्याची जबाबदारी स्वीकारली. १९८०च्या दशकात मुंबईत 'डिस्को दांडिया' सुरू झाला. खेळाच्या मैदानांवर रात्रभर चालणाऱ्या कार्यक्रमांमधील प्रचंड क्षमतेच्या ध्वनिक्षेपकांमुळे परिसरातील रहिवाशांना मोठा त्रास होत होता. डॉ. ओक यांनी अशा एखाद्या कार्यक्रमाविरोधात तक्रार करण्यापेक्षा प्रश्नाला कायदेशीर आणि सार्वजनिक आरोग्याचा आधार दिला. 'सोसायटी फॉर क्लीन एन्व्हायर्नमेंट'च्या माध्यमातून त्यांनी ध्वनीपातळीची माहिती गोळा केली. पोलीस कायद्यातील तरतुदींचा अभ्यास केला. वृत्तपत्रांतून या प्रश्नावर लेखन केले. त्याला महाराष्ट्रभरातून प्रतिसाद मिळाला. शेकडो नागरिकांनी ध्वनिप्रदूषणाच्या तक्रारी पाठवल्या. यातून एक गोष्ट स्पष्ट झाली, ती म्हणजे हा काही मोजक्या संवेदनशील लोकांचा प्रश्न नव्हता. त्रास सर्वत्र होता. अभाव होता तो सामूहिक प्रतिकाराचा.

न्यायव्यवस्थेला महत्त्वाचा प्रश्न विचारला

१९८५ मध्ये आवाजाबाबतच्या जागतिक संशोधनाचा संदर्भ देत डॉ. ओक यांनी उच्च न्यायालयाला एखाद्या नागरिकाला दुसऱ्या नागरिकाच्या आवाजापासून राज्य संरक्षण देऊ शकते का, हा तात्कालिक प्रश्न विचारला. उत्तर शोधण्यासाठी न्यायालयाने नेमलेल्या तज्ज्ञ समितीने ध्वनिक्षेपकांच्या वापरावर वेळेच्या आणि जागेच्या मर्यादा घालण्यासह अनेक सूचना केल्या. शांतता क्षेत्रांमध्ये विशेष संरक्षण, रात्रीच्या वेळी ध्वनिक्षेपकांवर बंदी आणि

विशेष विश्लेषण

विनायक परब
vinayak.parab@loksatta.com

डीजेविरोधात उभ्या राहिलेल्या विद्यानंद बापट यांच्या संघर्षाने ध्वनिप्रदूषणाचा प्रश्न पुन्हा एकदा सार्वजनिक चर्चेच्या केंद्रस्थानी आणला आहे. या चर्चेत एक नाव अभावानेच ऐकू येते ते डॉ. यशवंत ओक यांचे. ८० च्या दशकापासून ध्वनिप्रदूषणाच्या विरोधात ते लढले. त्यांच्यामुळेच देशात ध्वनिप्रदूषण नियमन आणि नियंत्रण नियमावली अस्तित्वात आली.

अनावश्यक कर्कश आवाजावर नियंत्रण यासारख्या संकल्पना पुढे आल्या. पण अनेकांना हा परंपरा तसेच धर्मावरील हल्ला वाटला. पण डॉ. ओक यांनी ध्वनिप्रदूषणाकडे पाहण्याची दृष्टी बदलण्यास सरकारलाही भाग पाडले. पूर्वी फक्त 'सार्वजनिक त्रास' म्हणून पाहिल्या जाणाऱ्या आवाज या घटकाकडे डॉ. ओक यांच्या लढ्यानंतर प्रदूषण या दृष्टिकोनातूनही पाहिले जाऊ लागले.

पण नियम असूनही विविध परवानग्यांचा आधारे रात्री उशिरापर्यंत ध्वनिक्षेपक सुरू ठेवले जात होते. मग पुन्हा न्यायालय. डॉ. ओक, डॉ. प्रदीप राव आणि पर्यावरण कार्यकर्त्यांनी एकत्रितपणे कायद्याची अंमलबजावणी करण्याची मागणी केली. न्यायालयानेही ध्वनिप्रदूषण नियंत्रणासंबंधी कायदे आणि नियम अधिक सुसंगत करण्याचे निर्देश दिले. त्यानंतरही पोलीस अनेकदा आवाजाची प्रत्यक्ष मोजणी करत नसल्याचे निदर्शनास आले. अखेरीस २००० साली केंद्र सरकारने 'ध्वनिप्रदूषण (नियमन आणि नियंत्रण) नियमावली' जारी केली. त्यानंतरही उत्सवांसाठी विशेष सवलतींची मागणी सुरूच राहिली.

शांतता ही चैनीची गोष्ट नाही

ध्वनिप्रदूषणाबाबत डॉ. ओक यांनी मांडलेला सर्वात महत्त्वाचा मुद्दा म्हणजे 'जुलुमाचे श्रोते' हा होय. घराजवळ रात्री डीजे सुरू झाला आणि बंद खिडक्यांमधूनही सारे काही भेदत त्याचा आवाज घरात घुमत असेल, तर तुम्ही त्या आवाजाची निवड केलेली नसते. तुम्हाला तो ऐकवला जात असतो. याचे परिणाम केवळ कानांपुरते मर्यादित नसतात. सततचा अत्याधिक आवाज श्रवणशक्तीवर परिणाम करू शकतो, चिडचिड आणि मानसिक तणाव वाढवू शकतो, झोपेचा व्यत्यय आणू शकतो आणि कालांतराने आरोग्याच्या विविध समस्या निर्माण करू शकतो. म्हणूनच शांतता हा काही निवडक लोकांचा विशेषाधिकार नाही, हे न्याय

दैनिक भास्कर 'श्रेष्ठ शिक्षक' सम्मान के विजेता शिक्षक... 21,890 शिक्षकों में से चुने गए विजेता

सोशल इम्पैक्ट टीचर अवॉर्ड
माधुरी मोयदे (मध्यप्रदेश)

2500 बेटियों को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया

बच्चे अपने साथ होने वाले गलत व्यवहार को पहचान सकें और जरूरत पड़ने पर अपनी सुरक्षा भी कर सकें, इसके लिए इस शिक्षिका ने जागरूकता को अपनी मुहिम बनाया। बाल सुरक्षा और दुर्व्यवहार के प्रति जागरूकता के लिए डेली कॉलेज इंदौर की माधुरी मोयदे अब तक 10 हजार से ज्यादा बच्चों तक पहुंच चुकी हैं। इसके साथ 2500 से अधिक लड़कियों को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिलाया गया है।

उन्होंने किशोरियों के स्वास्थ्य पर भी लगातार काम किया। मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियानों से 10 हजार से अधिक किशोरियों और महिलाओं को जोड़ा। वहीं जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई न छूटे, इसके लिए मध्यप्रदेश में 15 रेमेडियल कोचिंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। करियर गाइडेंस कार्यक्रमों से भी 5000 से ज्यादा विद्यार्थियों को जोड़ा गया। शिक्षा को पर्यावरण से जोड़ने के लिए 40 सरकारी स्कूलों में हर्बल गार्डन तैयार किए, ताकि बच्चे पौधों और उनके उपयोग को सीधे समझ सकें। बच्चों ने 5000 सीड बॉल भी तैयार कीं।

शिक्षा को पर्यावरण से जोड़ने के लिए 40 सरकारी स्कूलों में हर्बल गार्डन तैयार किए, ताकि बच्चे पौधों और उनके उपयोग को सीधे समझ सकें। बच्चों ने 5000 सीड बॉल भी तैयार कीं।

को पर्यावरण से जोड़ने के लिए 40 सरकारी स्कूलों में हर्बल गार्डन तैयार किए गए, ताकि बच्चे पौधों और उनके उपयोग को सीधे समझ सकें।

बच्चों ने 5000 सीड बॉल भी तैयार कीं। महिला आत्मनिर्भरता के लिए 500 से अधिक महिलाओं को रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। इन सामाजिक पहलों के लिए उन्हें 2025 में मध्यप्रदेश के महिला एवं बाल विकास विभाग का राष्ट्रमाता पद्मावती सम्मान भी मिला।

इंस्पिरेशनल/इनोवेटिव टीचर
मेहुलकुमार प्रजापति (गुजरात)

गुजराती में एप, ऑफलाइन वाईफाई सर्वर बनाए

मेहसाणा के गोविंदपुरा प्राथमिक विद्यालय में कभी बिजली, इंटरनेट और आधुनिक संसाधनों की कमी थी। शिक्षक मेहुलकुमार प्रजापति ने इसे बच्चों के लिए बाधा नहीं बनने दिया। 24 वर्षों से यहां पढ़ा रहे मेहुल ने तकनीक को गांव के बच्चों की जरूरत के हिसाब से ढाला। कोडिंग में ओज़ेसी की बाधा आई तो एमआईटी एप इनवेंटर की मदद से गुजराती में स्क्रैच कोडिंग ऐप और वीडियो कोर्स तैयार कर दिए। बच्चे कोडिंग सीखते हुए स्मार्ट सेंसर मॉडल बनाने लगे। उनके मॉडल IISER पुणे और चिल्ड्रन्स यूनिवर्सिटी गांधीनगर में राष्ट्रीय स्तर पर सराहे गए।

इंटरनेट की समस्या का भी स्थानीय समाधान निकाला। ऐसा ऑफलाइन वाई-फाई एमएसएस सर्वर स्थापित किया, जो करीब 100 मीटर के दायरे में बिना इंटरनेट काम करता है। इससे 60 टैबलेट पर बच्चे 1200 से अधिक प्रश्नों वाले ऐप और QR क्विज से पढ़ते हैं। स्कूल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए समुदाय को जोड़ा और करीब

14 लाख रुपए का सीएसआर सहयोग जुटाया। इससे 17 कंप्यूटर, स्मार्ट पैनल और किट उपलब्ध कराई गई। इसका असर उपलब्धियों में भी दिखा -NMMS और ज्ञान साधना मेरिट में 23 से अधिक बच्चों ने सफलता हासिल की। मेहुल ने यह प्रयोग अपने स्कूल तक सीमित नहीं रखा। उनसे 4,086 से अधिक विद्यार्थी जुड़े हैं।

वे 1,950 से अधिक शिक्षकों को आईसीटी प्रशिक्षण दे चुके हैं। भारत सरकार ने उन्हें 'राष्ट्रीय आईसीटी पुरस्कार 2022' और गुजरात सरकार ने 'श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार' से सम्मानित किया।

रूरल चेंज मेकर अवॉर्ड
बालाजी बाबूराव जाधव (महाराष्ट्र)

अंग्रेजी माध्यम छोड़ मराठी स्कूल में आए 40 बच्चे

महाराष्ट्र के सतारा जिले के एक ग्रामीण सरकारी स्कूल में कभी दूरदराज के बच्चे सीमित संसाधनों में पढ़ते थे। शिक्षक ने इसी कमी को स्कूल की ताकत बनाने की ठानी। सीएसआर से लाखों रुपए जुटाकर स्कूल में एआई लैब बनाई और बच्चों को तकनीक से जोड़ा। आज यहां बच्चे वेब और ऐप बनाने से लेकर ई-कंटेंट, फ्लिपबुक और लैपटॉप पर कहानी लिखने व रिकॉर्ड करने तक सीख रहे हैं। पढ़ाई का दायरा गांव से दुनिया तक पहुंचाया गया। बच्चों को जापानी, फ्रेंच और जर्मन भाषाएं सिखाई जा रही हैं। 40 से अधिक देशों के साथ वर्चुअल कॉन्फ्रेंस कराई गईं, ताकि ग्रामीण बच्चे दुनिया के विद्यार्थियों और विशेषज्ञों से संवाद कर सकें। स्कूल में किताबी पढ़ाई के साथ जिंदगी के हुनर भी सिखाए जाते हैं।

बच्चों के लिए वित्तीय साक्षरता और 'पेपरलेस बैंक' का प्रयोग किया

बालाजी सिर्फ अपने स्कूल तक नहीं रुके। वे महाराष्ट्र के दूरदराज के स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए अब तक 200 से अधिक कार्यशालाएं भी कर चुके हैं।

गया। वे शतरंज, तीरंदाजी, आत्मरक्षा और लाठी-काठी के साथ वारली पेंटिंग, भरतकाम और सुडोकू सीखते हैं। घड़ी और साबुन बनाना भी उनकी गतिविधियों का हिस्सा है। स्कूल के कचरे से उपयोगी मॉडल बनाकर रीसाइक्लिंग भी सीखते हैं। इन प्रयोगों का असर ऐसा हुआ कि शहरी क्षेत्रों के बच्चे बसों से इस ग्रामीण सरकारी स्कूल में पढ़ने आते हैं। इसी वर्ष अंग्रेजी माध्यम छोड़कर 40 बच्चों ने यहां मराठी माध्यम में प्रवेश लिया है।

37 राज्य स्तरीय पुरस्कार टैबलेट के विजेता शिक्षक

1. मुकेश कुमार, बाड़मेर (राजस्थान)
2. डॉ. राजेन्द्र कुमार निर्मल, बूंदी (राजस्थान)
3. अनिल कुमार अरोरा, भिवानी (हरियाणा)
4. दिनकर विजयवर्गीय, टोंक (राजस्थान)
5. चंदर शेखर, बाड़मेर, (राजस्थान)
6. रामनरेश गुर्जर, जयपुर, (राजस्थान)
7. ध्वनि आमेटा, डूंगरपुर (राजस्थान)
8. कृष्णा शर्मा, खैरथल (राजस्थान)
9. दीपक जोशी, बीकानेर (राजस्थान)
10. महेश चंद्र शर्मा, जयपुर (राजस्थान)
11. पूनम चंद मेघवाल, बीकानेर (राजस्थान)
12. डॉ. नरेन्द्र महर्षि, कोटपुतली (राजस्थान)
13. महेश सोनी, देवास (मध्यप्रदेश)
14. सुधा दुबे, भोपाल (मध्यप्रदेश)
15. धनराज वाणी, जोबट (मध्यप्रदेश)
16. डॉ. स्मिता राशि, भोपाल (मध्यप्रदेश)
17. नमन जैन, जबलपुर (मध्यप्रदेश)
18. वीरेंद्र कुमार बंजारे, कोरबा(छत्तीसगढ़)
19. सौरभ कुमार जैन, अंबिकापुर (छत्तीसगढ़)
20. राजेन्द्र कुमार ठाकुर, अंबागढ़ (छत्तीसगढ़)
21. नोहार चंद्र, कोरबा (छत्तीसगढ़)
22. राकेशकुमार प्रजापति, पालनपुर (गुजरात)
23. प्रवीण हिम्मतभाई राठौड़, अमरेली (गुजरात)
24. अमरजीत सिंह परमार, भावनगर(गुजरात)
25. पारस दवे, भुज (गुजरात)
26. डॉ. धर्मेंद्र कुमार पटेल, धरमपुर, (गुजरात)
27. करसन भाई पटेल, गांधीनगर (गुजरात)
28. अविनाश पाटिल, धुले (महाराष्ट्र)
29. श्रीमति स्पृहा सुरेश इंदु, चेंबूर (महाराष्ट्र)
30. नामदेव बेलदार, ज्वंबकेश्वर, (महाराष्ट्र)
31. सुभाष चंदर, रेवाड़ी (हरियाणा)
32. नितिन सुमन, गढ़शंकर (पंजाब)
33. ममता रानी, नवादा (बिहार)
34. आनन्द कुमार झा, सहरसा (बिहार)
35. अजय कुमार, वाराणसी (यूपी)
36. निशा सक्सेना, इटावा (यूपी)
37. विजय कुमार हीर, हमीरपुर (हिमाचलप्रदेश)

भास्कर 'श्रेष्ठ शिक्षक' सम्मान

40 विजेता शिक्षकों की कहानियों की ई-बुक देखने और शेयर करने के लिए QR कोड स्कैन करें।

ग्राउंड रिपोर्ट

पहले बच्चों की ब्रेन रीडिंग करते हैं शिक्षक, फिर शुरू होता है पढ़ाई का सिलसिला

दीपक आनंद
कोटा (राजस्थान)

कोटा को आज 'शिक्षा की काशी' कहा जाता है। उसे यह पहचान दिलाने और देश के हर राज्य से स्टूडेंट्स को यहां खींचने के पीछे सबसे बड़ी ताकत यहां के टीचर हैं। यहां के शिक्षकों की खासियत पढ़ाने की टेक्निक नहीं, बल्कि हर बच्चे को समझकर उसे आगे बढ़ाने की मेंटरशिप है। क्लासरूम में आते ही पढ़ाई शुरू नहीं होती। पहले टीचर बच्चे की क्षमता, सीखने के तरीके और कमजोरियों को समझते हैं, फिर पढ़ाई की रणनीति बनाते हैं। जेईई-नीट की तैयारी कराने वाले सैकड़ों आईआईटीयन और एमबीबीएस टीचर खुद भी लगातार पढ़ते हैं। पढ़ाई के साथ वे कभी बच्चों के साथ डांस करते हैं तो कभी गप-शप कर उनका तनाव कम करते हैं।

कोटा में 'टीचर को ब्रांड' बनाने की कहानी वीके बंसल से शुरू होती है। 25 वर्ष की उम्र में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से जूझने के बाद टीचिंग की राह चुनी। 1981 में छात्र पुनीत को पढ़ाना शुरू किया। 1990 में उनके तीन विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में रैंक हासिल की। यहां सबसे बड़ा मोड़ 2000 में आया, जब उनके छात्र नितिन गुप्ता ने आईआईटी-जेईई में ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की। बंसल की पढ़ाने की इसी काबिलियत ने उन्हें कोटा में 'स्टीफन हॉकिंग' जैसी पहचान दिलाई। कोटा फैक्ट्री सीरीज में जीतू भइया का टायर मॉडल यहां के नितिन विजय सर की क्लासरूम स्टडी से प्रभावित है। वे एनवी सर के नाम से प्रसिद्ध हैं। उनके छात्र गूगल-माइक्रोसॉफ्ट और नासा में काम कर रहे हैं। वे बताते हैं कि हाल में उनकी मुलाकात सुनील नामक छात्र से हुई। सुनील पढ़ाई में औसत छात्र था। उसमें पढ़ने की इच्छाशक्ति थी। उन्होंने सुनील से यह कहा कि सिर्फ अपने इंप्रूवमेंट पर ध्यान दो रिजल्ट अपने आप अच्छा हो जाएगा। साल 1986 में राजेश माहेश्वरी ने पड़ोस के एक विद्यार्थी को पढ़ाना शुरू किया। उनकी समझाने की शैली से प्रभावित होकर कुछ और विद्यार्थी उनसे जुड़ते गए। अब वो रोबोट टीचर कंसेप्ट लेकर आए हैं, जो बच्चों को उसके लेवल के हिसाब से क्वेश्चन पेपर देता है। इनकी एक बड़ी टीम बच्चों की मेंटरशिप और स्ट्रेस मैनेजमेंट पर काम करती है।

कोटा जेईई एडवांस्ड के 12 और नीट के 13 ऑल इंडिया टॉपर देने वाला देश का एकलौता शहर है। सबसे अधिक साइंस के सवाल यहीं हल किए जाते हैं। शिक्षकों के हर दिन 12 से 14 घंटे पढ़ने-पढ़ाने में बीत जाते हैं। सात-आठ घंटे की क्लास से पहले शिक्षकों को संबंधित टॉपिक्स की तैयारियों में तीन से चार घंटे देने होते हैं।

कृपया अपना फीडबैक दीजिए

शिक्षक दिवस की विशेष सामग्री आपको कैसी लगी? अपना फीडबैक देने के लिए यह QR कोड स्कैन कीजिए।

अभिव्यक्ति

प्रेरणा

अगर मैं नाकाम रहता तो भी मुझे अफसोस नहीं होता, क्योंकि मैंने कोशिश की थी।-जेफ बेजोस

संपादकीय

हमारी नीतियों के केंद्र में किसान भी दिखने चाहिए

चीनी के दाम बांधो, बड़े शहरों के लिए प्याज एक्सप्रेस चलाओ, गेहूं-चावल का निर्यात रोको, दाल के दाम बढ़ें तो आयात करो- इन तमाम नीतियों में किसान कहां है? दाम बढ़ता है तो किसान को फायदा होता है, लेकिन महंगाई शब्द राजनीतिक रूप से नुकसानदेह है। देश में इस वर्ष कृषि- जिसमें पशु-कुक्कुट-मत्स्य पालन भी शामिल हैं- का कुल ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) 52.08 लाख करोड़ रुपए था। इसमें 9.31 करोड़ कृषक परिवार लगे हैं। यानी प्रति परिवार उत्पादन हुआ 46,600 रु.। कृषि में इनपुट कास्ट 50% होती है और यह तब है, जब इसमें परिवार का अपना श्रम, खेती में लगी रकम, जमीन के मूल्य पर मिलने वाला ब्याज और खेती के उपकरणों का डेप्रिसिएशन (आखिरी दो पर उद्योगों को छूट मिलती है) शामिल नहीं किया गया है। इन किसान परिवारों में 86% के पास दो हेक्टेयर से कम जमीन है यानी इस वर्ग के 8.06 करोड़ किसान परिवारों के पास कुल 14.65 करोड़ हेक्टेयर ऑपरेशनल जोत का आधा ही है। तब ऐसे हर परिवार के हाथ प्रति माह 16,200 रु. का ही उत्पादन आता है। बड़े 14% किसानों के पास जमीन का बाकी आधा हिस्सा है, यानी इनके हाथ उत्पादन का हर माह 1,12,500 आता है। चूंकि कृषि में इनपुट लागत आधी है लिहाजा 8.06 करोड़ लघु-सीमान्त किसान परिवारों की आय 8100 रु. प्रतिमाह ही रह जाती है। इस पर विचार करना होगा।

जीने की राह

पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

यदि अन्न साध लिया तो समझें कि आधा मेडिटेशन भी हो गया

बहुत सारी जोड़ियां इस संसार में मशहूर हैं। ऐसे ही स्वभाव और आचरण की भी कुछ जोड़ियां हैं, जिनका तालमेल ठीक से बैठना चाहिए। जैसे ज्ञान के साथ विवेक, शील के साथ सदाचार, सत्य के साथ अहिंसा, सुख के साथ शांति, प्रेम के साथ आनंद, चरित्र के साथ नैतिकता। और यह तालमेल तभी सही बैठेगा, जब हम इसे आत्मा से समझें। हम सभी को अपने शरीर पर इतना दबाव बनाना चाहिए, मन को इतना नियंत्रित करना चाहिए कि हम अपनी आत्मा की तरफ यात्रा करें। कुछ लोग कहते हैं हमारे लिए ध्यान करना कठिन है तो एक प्रयोग किया जा सकता है- अपने खानपान के प्रति जागरूक हो जाएं। अन्न का गहरा असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। अगर अन्न शुद्ध है तो हमारे ब्रेन-गट एक्सिस को मजबूत करेगा। यह बात तो अब आहार वैज्ञानिकों ने घोषित कर दी है कि खुशी देने वाले 95% हार्मोन आंतों में बनते हैं। आंतों को शुद्ध रखने के लिए अन्न-शुद्धि बड़ी आवश्यक है। और यदि अन्न साध लिया तो आधा मेडिटेशन तो हो गया।

•Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

डिफ्रेंट एंगल • बदल रहा है हमारी कला का लैंडस्केप...

छोटे शहरों की आवाजें सुनाई देने लगी हैं हमारी कहानियों में

देशकाल

रीटा कोठारी
अशोका यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी की प्रोफेसर और भाषाविद्

'शहर से दस किलोमीटर' नाम के अपने उपन्यास में नीलेश रघुवंशी ने भोपाल से कुछ दूर एक ऐसी जिंदगी का जिक्र किया है, जो फल-फूल रही है, मुश्किलों और चुनौतियों से भरी है, लेकिन साथ ही बहुत गहरी और दार्शनिक भी है। इस कस्बे और उस शहर के बीच- जो अपनी सीमाओं के बाहर किसी और जिंदगी से बेखबर है- आने-जाने का सफर कहानी कहने वाली नैरेटर की साइकिल तय करती है। एक सुत्रधार और एक रिकॉर्ड की तरह, यह साइकिल उस जगह की आखिरी निशानियों में से एक है, जो अब शहर के एक ऐसे बे-पहचान, नव-उदारवादी और साधारण से विस्तार में बदल चुकी है, जिसे पहचानना मुश्किल है।

उपन्यास में साइकिल से जुड़ी बचपन की यादें खूब उभरने लगती हैं, क्योंकि 'बचपन में छोटे-छोटे पांव बड़े-बड़े पंख होते हैं।' एक स्त्री नैरेटर हमें उन दिनों की याद दिलाती है, जब काले डंडे वाली साइकिलें थीं, न कि गुलाबी खूबसूरत दिखती लेडीज साइकिलें जो अब मिलती हैं। ऐसी कल्पना ही कहां थीं कि लड़कियां साइकिल चलाएंगी। परंतु हमारी नैरेटर तो इस तरह की जेंट्स साइकिल भी ऐसे चलाती- 'मैं धड़ल्ले से तो साइकिल चलाने लगी। कभी झुककर तो कभी तनकर, कभी सीटी बजाते हुए तो कभी लहराते हुए, कभी हैंडिल और खुद को तिरछा करते हुए, कभी एक हाथ छोड़कर, तो कभी सीट से ऊपर उठकर दोनों हाथ छोड़ते हुए। मैं साइकिल के साथ लहराने लगी।'

साइकिल सिर्फ एक रोमांच नहीं, एक पोलिटिक्स भी है- एक समय और जीवन-शैली का निशान भी है, जब वह सिर्फ गरीबी या मजबूरी की प्रतीक नहीं थी। यह उपन्यास पढ़ते हुए, मैं चली गई बीते हुए दिनों में- भूतकाल जो एक टाइम भी है और स्पेस भी। मुझे पुरानी बातें याद आ गईं- अजमेर में बिताई गर्मियों की लंबी और धीमी दुपहरियां, जहां मेरी मां का मायका है। मैं हर गर्मी में वहां जाती थी और घंटों कर्नल रंजीत और राजहंस के उपन्यास पढ़ती थी, जिन्हें मैं प्रभात टॉकीज के पास एक छोटी-सी दुकान से किराए पर लेती थी। सिंधी मोहल्ले से प्रभात टॉकीज तक का रास्ता चढ़ाई वाला था और खुले नालों की बदबू से भरा होता था। लेकिन मैं खुश रहती थी, क्योंकि उसी दुकान से मुझे साइकिल भी मिल जाती थी, जहां से मैं किताबें लेती थी। पूरे दिन के लिए साइकिल का किराया एक रुपये से भी कम होता था। साइकिल चलाने और उपन्यास पढ़ने के मजे ने उन गर्मियों को खास बना दिया था।

अलग-अलग जगहों पर समय का एहसास अलग-अलग होता है। यह वह समय नहीं है, जो हमारी घड़ियों में टिक-टिक करता है, बल्कि वह है, जो बैकग्राउंड में शांत और स्थिर रहता है- जैसे कोई खिड़की हो, जिससे अंदर और बाहर दोनों तरफ देखा जा सके। बड़े शहरों में समय का यह रूप देखने को नहीं मिलता।

इस समय की शांति को बहुत कम लेखक पकड़ पाते हैं, लेकिन जब वे ऐसा करते हैं, तो हमें विनोद कुमार शुक्ल, सारा राय या नीलेश रघुवंशी जैसे लेखक मिलते हैं। लेकिन क्या 'बरेली की बर्फी' या 'तनु वेड्स मनु' जैसी फिल्में- जिन्हें अब छोटे शहर की फिल्में कहा जाता है- उनमें यह शांति सिनेमाई रूप से दिखाई देती है? इस सवाल का जवाब देने से पहले, कोई यह पूछ सकता है कि आखिर 'छोटा शहर' क्या है?

अजमेर के साथ मेरा अनुभव शायद एक छोटे शहर जैसा ही था, और मुझे पूरा यकीन है कि आज का अजमेर मेरी इस परिभाषा को चुनौती देगा। असल में,

छोटा शहर वो जगह है, जिसमें मध्यम वर्ग की नई आकांक्षाएं और ख्वाहिशें उपज रही हैं और उनसे वह जूझता है। इस जद्दोजहद को फिल्मों ने कॉमेडी के रूप में दर्शाया है, तनाव के तौर पर नहीं। हम गोरियों के गांव और बम्बई-कलकत्ते के कालाबाजार को पीछे छोड़ आए हैं।

जो न तो गांव है और न ही शहर, उसे अकसर छोटा शहर कहा जाता है- एक ऐसी श्रेणी जिसे 'नहीं' (यानी जो नहीं है) के आधार पर परिभाषित किया जाता है।

पिछले एक-दो दशकों में हमने छोटे शहर पर आधारित फिल्मों और सीरियलों की बाढ़ देखी है। इनकी शुरुआत शायद 'बंटी और बबली' से हुई थी। आप देखिए कि बंटी न सिर्फ जगह छोड़ना चाहता है, पर वक्त की धीमी रफ्तार से भागना भी चाहता है। फुरसतगंज इस टाइम और स्पेस को साथ में किस खूबसूरती से मिलाता है, जहां से नए इंडिया के बेचैन नौजवान दूर भागना चाहते हैं। बबली पंकिनगर की हैं। जब हम बरेली या धनबाद या मिर्जापुर आते हैं, तो इनमें अपने अस्तित्व को बनाये रखने की बात है। छोटा शहर एक स्टेशन नहीं और न ही 'मदर इंडिया' वाला गांव है।

छोटा शहर वो जगह है, जिसमें मध्यम वर्ग की नई आकांक्षाएं और ख्वाहिशें उपज रही हैं और उनसे वह जूझता है। इस जद्दोजहद को फिल्मों ने कॉमेडी के रूप में दर्शाया है, तनाव के तौर पर नहीं। हम गोरियों के गांव और बम्बई-कलकत्ते के कालाबाजार को पीछे छोड़ आए हैं। जिन्हें गहराई चाहिए, उन्हें शहर से कुछ मील दूर जाना होगा, और वह भी साइकिल पर!

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

दूरदृष्टि • हमें महज एआई यूजर्स बनने से आगे बढ़ना होगा

एआई सीखने की जगह नहीं लेगा, पर उसका तरीका जरूर बदलेगा

बदलती शिक्षा

प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल
आईआईटी जोधपुर के निदेशक

जेन-जी और जेन-अल्फा ऐसी शैक्षणिक दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं, जो पिछली पीढ़ियों से बिल्कुल अलग है। इनके पास इंटरनेट, डिजिटल प्लेटफॉर्म, स्मार्टफोन, एआई तक अभूतपूर्व पहुंच है। आज एक छात्र दुनिया के बेहतरीन संसाधनों से सीख सकता है, एआई को लर्निंग असिस्टेंट की तरह इस्तेमाल कर सकता है, जटिल प्रणालियों का सिमुलेशन कर सकता है, बड़े डेटासेट का विश्लेषण कर सकता है और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में बैठे लोगों से सहयोग कर सकता है।

लेकिन जानकारी तक पहुंच को ज्ञान और एआई तक पहुंच को बुद्धिमत्ता नहीं समझना चाहिए। आज की शिक्षा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि छात्र सिर्फ जानकारी और जवाब हासिल करना न सीखें, बल्कि आलोचनात्मक ढंग से सोचें, सही सवाल पूछें, तर्क करें, रचनात्मक तरीके से काम करें और अपने फैसलों की जिम्मेदारी भी लें। शिक्षा व्यवस्था को अब सूचना-केंद्रित मॉडल से दक्षता, जिज्ञासा और प्रॉब्लम-सॉल्विंग-सेंट्रिक मॉडल की ओर बढ़ना होगा।

एआई शिक्षा में सीखने की जगह तो नहीं लेगा, लेकिन उसे बढ़ाने वाला माध्यम जरूर बनेगा। छात्र इसका इस्तेमाल जानकारी पाने, वैकल्पिक व्याख्याएं समझने, तत्काल फीडबैक लेने और अलग-अलग परिस्थितियों का सिमुलेशन करने के लिए कर सकते हैं। लेकिन जरूरी है कि उनकी बुनियादी समझ इतनी मजबूत हो कि वे एआई के जवाब पर सवाल उठा सकें, उसकी गलती पहचान सकें और जानकारी को वेरिफाई कर सकें।

सबसे विकसित एआई मॉडल भी गलती कर सकते हैं, इसलिए छात्रों को एआई के जवाब को आंख मूंदकर स्वीकार करने की बजाय उसे परखने और तकनीक का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने की क्षमता विकसित करनी होगी। लक्ष्य सिर्फ एआई यूजर नहीं, बल्कि स्किल्ड, इनोवेटिव और जिम्मेदार मनुष्य तैयार करना होना चाहिए।

जब जानकारी हर जगह उपलब्ध है तो शिक्षक को भी अपनी भूमिका बदलनी होगी। टीचर अब सिर्फ जानकारी पहुंचाने वाला व्यक्ति नहीं हो सकता। उसे मेंटर, फैसिलिटेटर, चिंतक और मार्गदर्शक की भूमिका निभानी होगी। छात्रों को यह समझने में मार्गदर्शन देना होगा कि कौन-सी जानकारी विश्वसनीय है, ज्ञान कैसे निर्मित होता है और उसे मानवता के लिए सार्थक समाधान में कैसे बदला जा सकता है।

जेन-जी और जेन-अल्फा के डिजिटल रूप से सक्षम होने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें अनुशासन की कम जरूरत है। बल्कि उन्हें अलग तरह के अनुशासन की जरूरत है। उन्हें अपना ध्यान नियंत्रित करना, तकनीक का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करना, लगातार काम करना, नैतिक फैसले लेना और अपने काम के परिणामों के प्रति जवाबदेह रहना सीखना होगा।

अब शिक्षक-छात्र सम्बंध भी शिक्षा के केंद्र में रहेंगे और एआई के दौर में इसकी भूमिका और महत्वपूर्ण होगी। शिक्षा में तकनीक को मानवीय पक्ष का विकल्प नहीं, बल्कि उसका सहायक बनाना होगा।

मौजूदा शिक्षा व्यवस्था की बुनियाद आज भी प्रासंगिक है। बदलाव का मतलब पुराने सिस्टम को खत्म करना नहीं, बल्कि उसे अगले चरण तक ले जाना है। गणित, विज्ञान, इंजीनियरिंग, ह्यूमैनिटीज, कम्युनिकेशन, नैतिकता और आलोचनात्मक-चिंतन जैसे बुनियादी विषयों को बनाए रखते हुए इन्हें एआई, डेटा साइंस,

एआई का इस्तेमाल सीखें, लेकिन यह भी जानें कि कब इस्तेमाल नहीं करना है। तकनीक एक टूल है, जो समय के साथ बदलती रहेगी। वह इंसानी क्षमता को बढ़ा सकती है, लेकिन यह तय नहीं कर सकती कि उस क्षमता का सार्थक और जिम्मेदार इस्तेमाल क्या होगा।

रोबोटिक्स, उन्नत मैन्युफैक्चरिंग, बायोटेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर्स, ऊर्जा, स्वास्थ्य-सेवा और जलवायु तकनीकी जैसे उभरते क्षेत्रों से जोड़ना होगा।

हमें अब शिक्षा को ज्यादा लचीला और बहुआयामी बनाना होगा। एनजी, हेल्थकेयर, मोबिलिटी, जलवायु परिवर्तन, कृषि, जल, शहरीकरण सम्बंधी 21वीं सदी की समस्याओं का समाधान किसी एक विषय के जरिए नहीं हो सकता। इसके लिए इंजीनियरों, वैज्ञानिकों, डिजाइनरों, समाज-विज्ञानियों और नीति-निर्माताओं को अपने-अपने दायरों से बाहर निकलकर साथ काम करना होगा।

जेन-जी और जेन-अल्फा टेक्नोलॉजी के साथ सहज हैं। यह उनकी बड़ी ताकत है। चुनौती तब आती है जब तेजी से सूचनाओं को केंज्यूम करने की आदत गहराई से सीखने और समझने के लिए जरूरी धैर्य की जगह ले लेती है। इसलिए क्लासरूम में सीखने का ऐसा माहौल भी हमें बनाना होगा, जहां छात्र गहराई से एक्सप्लोर करना भी सीखें। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

बिजनेस ब्रीफ

फोक्सवैगन में 50,000 कर्मियों की और छंटनी

वॉल्फसबर्ग | जर्मन कार कंपनी फोक्सवैगन के बोर्ड ने इतिहास के सबसे बड़े पुनर्गठन के तहत अतिरिक्त 50,000 कर्मचारियों की छंटनी का प्लान मंजूर कर लिया है। इससे 2030 तक कुल कटौती 1 लाख तक पहुंच जाएगी। कंपनी चार जर्मन प्लांट्स के भविष्य पर भी विचार कर रही है। मॉडल्स की संख्या आधी करने की योजना है।

फ्रांस की रिटेल कंपनी कारफूर की भारत वापसी

नई दिल्ली | फ्रांस की रिटेल कंपनी कारफूर अपैरल ग्रुप के साथ भारत में दूसरी बार एंट्री कर चुकी है। कंपनी ने ग्रेटर नोएडा में 50,000 वर्ग फुट का पहला स्टोर खोला है। कंपनी तीन साल में करीब 50 स्टोर खोलने का लक्ष्य रखती है और क्लस्टर मॉडल अपनाएगी। विस्तार के लिए मर्जर-अधिग्रहण के विकल्प पर भी विचार करेगी।

डेटा सेंटर: भारतीय जीडीपी में केवल 0.13% योगदान

नई दिल्ली | मूडीज की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अरबों डॉलर के डेटा सेंटर निवेश के बावजूद 2030 तक जीडीपी में सिर्फ 0.13% का योगदान होगा। उच्च आयात निर्भरता के कारण घरेलू मूल्यवर्धन सीमित रहेगा। रोजगार सृजन भी मामूली रहने की उम्मीद है, क्योंकि यह क्षेत्र पूंजी-गहन है।

24% लोग हफ्ते में 16+ घंटे मुफ्त काम कर रहे

मुंबई | भारत में 24% कर्मचारी हफ्ते में 16 या उससे ज्यादा घंटे अनपेड वर्क करते हैं। यह जानकारी एडीपी के एक सर्वे से सामने आई है। इसकी रिपोर्ट कहती है कि इस मामले में भारत का आंकड़ा सर्वे में शामिल देशों में सबसे ज्यादा है। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, करीब दो-तिहाई कर्मचारी कम से कम 6 घंटे मुफ्त काम करते हैं।

किफायत • मेमोरी चिप 4 गुना महंगी होने से बढ़ीं कीमतें, बजट ग्राहक फिर अपनाने लगे 4जी फोन

दाम बढ़ने का असर...स्मार्टफोन की कुल बिक्री 10% घटी, पर 4जी की 40% बढ़ी

अंकिता सिंह | नई दिल्ली

स्मार्टफोन में इस्तेमाल होने वाली मेमोरी चिप की कीमतें सिर्फ एक साल में करीब चार गुना बढ़ चुकी हैं। इसका सीधा असर देश के बजट स्मार्टफोन बाजार पर पड़ा है। 5जी फोन महंगे होने से ग्राहक 4जी फोन की तरफ लौट रहे हैं। दूसरी तिमाही में 4जी फोन की बिक्री में 40% उछाल आया, जबकि स्मार्टफोन की कुल बिक्री 10% घट गई।

काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में 4जी स्मार्टफोन की बिक्री तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 40% बढ़ी है। इसके साथ कुल बिके फोन में 4जी की हिस्सेदारी 12% हो गई, जो जनवरी-मार्च तिमाही में सिर्फ 7% थी। इसके उलट, भारत में कुल स्मार्टफोन शिपमेंट सालाना आधार पर 10% घट गई। यह बीते छह साल में जून तिमाही की सबसे बड़ी गिरावट है। रिसर्च डायरेक्टर तरुण पाठक ने कहा, 'आगामी महीनों में मेमोरी की कीमतें पांच गुना तक जा सकती हैं।'

नया ट्रेंड: अप्रैल-जून में सिर्फ 4जी फोन की बिक्री बढ़ पाई

आंकड़ा	बढ़ी/घटी
4जी फोन की बिक्री	40%
कुल स्मार्टफोन शिपमेंट	10%
₹15,000 से कम के फोन	45%
4जी की बाजार हिस्सेदारी	7 ➡ 12%

नोट: 4जी फोन की बिक्री में उछाल तिमाही दर तिमाही, कुल शिपमेंट, ₹15 हजार से कम दाम के फोन में गिरावट सालाना, स्रोत: काउंटरपॉइंट

महंगाई • जून तक स्मार्टफोन की औसत कीमत 15% बढ़ी

- सितंबर 2025 से अब तक डीरैम और एनएएनडी मेमोरी चिप की कीमतें लगभग 4 गुना बढ़ चुकी हैं।
- इसके चलते ₹15,000 से कम दाम के स्मार्टफोन के पुर्जों की कुल लागत में मेमोरी चिप की हिस्सेदारी बढ़कर 45% से ज्यादा हो गई, जो एक साल पहले तक 20% से कम थी।
- नतीजतन जून तिमाही के आखिर तक स्मार्टफोन की औसत कीमत करीब 15% बढ़ गई, लगभग हर बड़ी कंपनी ने 2026 में कई बार दाम बढ़ाए।

आकर्षण • 5जी फोन के औसत दाम ₹32,200, 4जी के ₹10,300 ही

5जी फोन काफी महंगे...
ग्लोबल मार्केट रिसर्च और कंसल्टिंग फर्म आईडीसी के मुताबिक, भारत में अब 5जी फोन की औसत कीमत 341 डॉलर यानी ₹32,200 रुपए हो चुकी है। इनके दाम सालाना 15.2% बढ़े हैं।

4जी फोन दो तिहाई सस्ते...
औसत दाम हालांकि सालाना 48% बढ़कर 109 डॉलर यानी ₹10,300 हो गए हैं। फिर भी ये 5जी स्मार्टफोन के मुकाबले करीब दो-तिहाई सस्ते हैं। इसलिए इनका आकर्षण बढ़ रहा है।

कंपनियों की रणनीति...
आईडीसी की एनालिस्ट उपासना जोशी के मुताबिक, कंपनियां अब 4जी मॉडल दोबारा लॉन्च कर रही हैं। इनमें एलसीडी स्क्रीन और पुरानी एलपीडीडीआर 4x मेमोरी जैसे सस्ते पुर्जे लग रहे हैं।

भास्कर नॉलेज
क्या यह ट्रेंड टिकेगा?

- काउंटरपॉइंट की अलग रिपोर्ट कहती है कि मेमोरी संकट लंबी अवधि में ₹28,000 से कम कीमत वाले फोन में भी 5जी चिप अपनाने की रफ्तार तेज करेगा, 2026 में 5जी की पैठ 50% से ज्यादा रहने का अनुमान है।
- मेमोरी कंपनियां पुरानी एलपीडीडीआर 4 टेक्नोलॉजी चरणबद्ध तरीके से बंद करके एलपीडीडीआर5 की ओर बढ़ रहीं हैं। ज्यादातर 4जी चिप पुराने इंटरफेस पर बने हैं, जिन्हें अपग्रेड करना महंगा पड़ रहा है।
- काउंटरपॉइंट के रिसर्च डायरेक्टर तरुण पाठक का कहना है कि स्मार्टफोन के पुर्जों की कीमतें अगले साल से पहले सामान्य होने की संभावना नहीं है। ऐसे में इस इंडस्ट्री के लिए किफायत सबसे बड़ी चुनौती बनी रहेगी।

भरोसा • अनिल चक्रवर्ती ने ली नारायण की जगह

फोटोशॉप देने वाली अडोबी की कमान फिर भारतीय के हाथ

आईआईटी-बीएचयू से पढ़े अनिल चक्रवर्ती 1 दिसंबर को सीईओ बनेंगे

भास्कर न्यूज | मुंबई

फोटोशॉप के लिए मशहूर अमेरिकी सॉफ्टवेयर कंपनी अडोबी ने भारतीय मूल के अनिल चक्रवर्ती को अगला सीईओ नियुक्त किया है। चक्रवर्ती इसी साल 1 दिसंबर को शांतनु नारायण की जगह लेंगे और कंपनी के बोर्ड में भी शामिल होंगे। करीब दो दशक से अडोबी का नेतृत्व कर रहे नारायण कार्यकारी चेयरमैन बनेंगे।

इस नियुक्ति के साथ अडोबी की कमान लगातार दूसरी बार भारतीय मूल के अधिकारी के पास रहेगी। चक्रवर्ती ने आईआईटी-बीएचयू से कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में बीटेक किया। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से पीजी और पीएचडी की डिग्री ली। चक्रवर्ती ने पद से ज्यादा सीखने, सही नेतृत्व के साथ काम करने और लंबी अवधि के मौकों को अहमियत दी। वे इनफॉरमेटिका के सीईओ जैसा शीर्ष पद छोड़कर जनवरी 2020 में अडोबी से जुड़े थे। 2021 में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि अडोबी आने की बड़ी वजह नारायण और उनके नेतृत्व वाली टीम के साथ काम करने का मौका था। छह साल बाद वही अधिकारी नारायण के उत्तराधिकारी चुने गए हैं।

एआई प्रोडक्ट्स, कॉरपोरेट क्लाइंट सेगमेंट में प्रदर्शन ने दावेदारी मजबूत की

भास्कर किस्सा

7 साल पहले कहा था- एआई काम करे, पर फैसले इंसान ले

2019 में इनफॉरमेटिका के सीईओ रहते हुए चक्रवर्ती ने मैकिंजी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि बड़े और दोहराव वाले काम एआई से कराए जा सकते हैं। लेकिन निर्णय की जरूरत वाले मामले इंसानों के पास रहने चाहिए। यदि एआई 90% संवेदनशील डेटा पहचान ले तो शेष 10% की जांच विशेषज्ञ कर सकते हैं। इससे उनकी ये सोच सामने आती है कि एआई इंसानों का विकल्प नहीं है।

एआई के इस दौर में अडोबी के लिए अनिल ही सहीः नारायण

चक्रवर्ती को एडोब के बिजनेस की गहरी समझ है। बड़े बदलावों और नए प्रोडक्ट्स को सफल बनाने का उनका प्रमाणित रिकॉर्ड है। एआई के दौर में कंपनी की ग्रोथ का नेतृत्व करने के लिए वे सही व्यक्ति हैं। -शांतनु नारायण, अडोबी के मौजूदा सीईओ

एआई से कारोबार बचाने, बढ़ाने की चुनौती

चक्रवर्ती ऐसे समय पद संभालेंगे, जब एआई अडोबी के लिए अवसर और चुनौती, दोनों है। सस्ते और नए एआई डिजाइन उपकरण फोटोशॉप, इलस्ट्रेटर जैसे प्रोडक्ट को चुनौती दे रहे हैं।

अडोबी ने लीडरशिप के लिए चक्रवर्ती को ही क्यों चुना?

- कंपनी की आधिकारिक घोषणा चक्रवर्ती के चयन के चार स्पष्ट आधार बताती है। कारोबार की गहरी समझ, बड़े बदलावों को संभालने का अनुभव, एआई प्रोडक्ट को बाजार तक पहुंचाने का रिकॉर्ड और बड़ी कंपनियों वाले ग्राहक कारोबार पर पकड़।
- कंपनी के स्वतंत्र निदेशक फ्रैंक कैल्डेरोनी के मुताबिक, बोर्ड ने कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद सर्वसम्मति से चक्रवर्ती को चुना। बीते साढ़े छह वर्षों में उन्होंने ग्राहक-अनुभव बिजनेस और दुनियाभर के बिक्री अभियानों को विस्तार दिया। उन्होंने प्रतिभाओं को बनाए रखने और अडोबी के वर्क-कल्चर को आगे बढ़ाने में भी बड़ी भूमिका निभाई।

कंपनी फाइलिंग होगी आसान, केंद्र ला रहा ऑटो-अप्रूवल समेत 5 बड़े बदलाव

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

कंपनी मामलों के मंत्रालय कंपनियों के लिए सरकारी फाइलिंग सिस्टम आसान बनाने की तैयारी में है। आईआईसीए की सलाह पर तैयार इस प्रस्ताव का मकसद कम फॉर्म, कम दोहराव और ऑटोमेशन है।

इन बदलावों का प्रस्ताव

1. **फॉर्म कमः** मिक्स्ड डेटा वाले फॉर्म मर्ज होंगे, 'एक बार भरो, हर जगह इस्तेमाल करो' जैसा सिस्टम बनेगा।
2. **ऑटो-अप्रूवलः** डायरेक्टर बदलना, लोन-चार्ज अपडेट, शेयर कैपिटल बदलना जैसे रुटीन काम बिना मैनुअल जांच के ऑटो-अप्रूव होंगे।
3. **फॉर्म में डिटेल पहले सेः** कंपनी की मौजूदा डिटेल पहले से भरी आएगी, बस बदलाव भरने होंगे।
4. **आसान प्रक्रियाः** जीएसटी, इनकम टैक्स, सेबी, आरबीआई, ईपीएफओ जैसे सिस्टम से डेटा जुड़ने पर बार-बार जानकारी नहीं देनी होगी।
5. **सरल फॉर्मः** छोटी-मोटी कंपनियों, एमएसएमई के लिए सरल सालाना रिटर्न और कम फॉर्म का प्रस्ताव।

राहत • अमेरिका में दरें बढ़ने की आशंका कम, सुधरा रुझान

चार दिन की सुस्ती टूटी, सेंसेक्स 363 अंक चढ़ा, पर लगातार चौथे हफ्ते टूटा

भास्कर न्यूज | मुंबई

बाजार में चार दिन से जारी गिरावट शुक्रवार को थम गई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड की तरफ से ब्याज दरें बढ़ाए जाने की आशंका कम होने से मेटल, प्राइवेट बैंक और तेल-गैस शेयरों में खरीदारी हुई। सेंसेक्स 362.57 अंक यानी 0.48% चढ़कर 76,515 पर और निफ्टी 24 अंक यानी 0.10% चढ़कर 23,898 बंद हुआ। निफ्टी कारोबार के दौरान 24,000 के पार निकला, लेकिन ऊपरी स्तर पर मुनाफा वसूली से बहुत टिक नहीं सकी।

इस हफ्ते सेंसेक्स और निफ्टी, दोनों में करीब 1% गिरावट आई। यह लगातार चौथा हफ्ता है, जब बेंचमार्क इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। मिडकैप सूचकांक 0.2% गिरा, जबकि स्मॉलकैप सूचकांक 0.2% चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा। मेटल सूचकांक 1% से ज्यादा बढ़ा। दूसरी ओर ऑटो, आईटी, सरकारी बैंक, फॉर्मा और रियल एस्टेट इंडेक्स करीब 0.5% गिरे।

सीएएस के नियमों की समीक्षा की उम्मीद से कैपिटल मार्केट इंडेक्स में 2 फीसदी उछाल

क्लोजिंग ऑक्शन सेशन (सीएएस) के नियमों की समीक्षा की उम्मीद से शुक्रवार को शेयर बाजार से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में जोरदार खरीदारी हुई। एक्सचेंज, ब्रोकिंग और एसेट मैनेजमेंट कंपनियों के शेयरों में तेजी से निफ्टी का कैपिटल मार्केट इंडेक्स ट्रेडिंग के दौरान एक समय करीब 2% उछलकर 5,449 पर पहुंच गया। एंजेल वन के शेयर में 8% और बीएसई में 5% तक तेजी आई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज, ग्रो, केफिन टेक्नोलॉजीज और इंडियन एनर्जी एक्सचेंज करीब 2% चढ़े। सीएएस लागू होने के बाद डेरिवेटिव प्राइस में तेज उतार-चढ़ाव को देखते हुए सेबी इसके सिस्टम में बदलाव पर विचार कर रहा है।

रिकॉर्ड विदेश निवेश, पर टिका महज 25 फीसदी

मुंबई | अप्रैल-जून तिमाही में देश में 30.66 अरब डॉलर का 15 साल का सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया। लेकिन असल में देश में सिर्फ 784 करोड़ डॉलर यानी महज 25% टिका। बाकी पैसा विदेशी निवेशकों की निकासी (1,342 करोड़ डॉलर) और भारतीय कंपनियों के विदेश में निवेश (941 करोड़ डॉलर) में चला गया। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा इसे परिपक्व बाजार की निशानी बताते हैं, जहां विदेशी निवेशक आसानी से आ-जा सकते हैं।

भास्कर एक्सपर्ट

बिकवाली जारी रह सकती है, अब अमेरिका में रोजगार-महंगाई पर रहेगी बाजार की नजर

एलकेपी सिक्युरिटीज के रूपक डे ने कहा कि निफ्टी के 24,000-24,200 से नीचे रहने तक तेजी पर बिकवाली जारी रह सकती है। एसबीआई सिक्युरिटीज के सुदीप शाह के मुताबिक, निफ्टी पांच दिन से करीब 348 अंक के दायरे में है। 23,700 टूटने पर यह 23,600-23,570 तक गिर सकता है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के विनोद नायर ने कहा कि अब अमेरिका में रोजगार की स्थिति, महंगाई के आंकड़े और ब्याज दरें बाजार की दिशा तय करेंगी।

एनएसईः देश के सबसे बड़े आईपीओ को सेबी की मंजूरी; 15 से खुलेगा, 25 सितंबर तक लिस्टिंग

भास्कर न्यूज | मुंबई

सेबी ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आईपीओ को मंजूरी दे दी है। यह देश का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। एनएसई 15 सितंबर से सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 25 सितंबर तक बीएसई पर लिस्ट होने की उम्मीद है। यह प्रक्रिया करीब एक दशक बाद दोबारा शुरू हुई है, कोलोकेशन और डार्क फाइबर मामलों में सुप्रीम कोर्ट में 1,491 करोड़ रुपए के सेटलमेंट के बाद।

जानिए मेगा इश्यू की अहम बातें

- आईपीओ का आकार करीब ₹30,000 करोड़ है। 2024 के ह्यूंडई का इश्यू (₹28,000 करोड़) का था।
- आईपीओ के तहत कोई नया शेयर जारी नहीं होगा, सारा पैसा मौजूदा शेयरधारकों को ही मिलेगा।
- एनलिस्टेड मार्केट में एनएसई के शेयर अभी 1,975 रुपए पर हैं, मार्केट कैप ₹4.88 लाख करोड़।
- एलआईसी एनएसई में 10.7% हिस्सेदारी नहीं बेचेगी।
- एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा जैसे शुरुआती निवेशक शेयर बेचेंगे, इन्हें भारी मुनाफा होने का अनुमान।
- अप्रैल-जून तिमाही में एनएसई का मुनाफा ₹3,120 करोड़ रहा, जो पिछले साल से ज्यादा है।

टेक्नोलॉजी

इंसान जितने काबिल एआई की धमक

AI खुद चलाएगा कंप्यूटर, जीपीटी-6 एस्ट्रा लॉन्च हुआ

भास्कर न्यूज | मुंबई

चैटजीपीटी डेवलप करने वाली कंपनी ओपनएआई ने नया एआई मॉडल जीपीटी-6 एस्ट्रा लॉन्च किया है। कंपनी ने इसे दुनिया का सबसे इंटेलिजेंट मॉडल बताया है। यह मॉडल इंसान की तरह खुद कंप्यूटर चला सकता है, मसलन स्प्रेडशीट भरना या वेबसाइट बनाना। पिछले फ्लैगशिप मॉडल जीपीटी-5 के करीब एक साल बाद आए इस मॉडल को ओपनएआई के प्रेसिडेंट ग्रेग ब्रॉकमैन ने आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) यानी इंसान जितना काबिल एआई की तरफ बड़ा कदम बताया है। अभी यह सीमित यूजर्स के लिए है। धीरे-धीरे सभी चैटजीपीटी यूजर्स के लिए उपलब्ध हो जाएगा।

नए जीपीटी-6 एस्ट्रा को लेकर कंपनी के 3 दावे

- कोडिंग, साइंस, साइबर सिक्योरिटी, कंप्यूटर चलाने में सबसे आगे
- गणित के कठिन सवालों को हल करने में मदद करता है
- इंसान जितना काबिल एआई की तरफ बड़ा कदम

...लेकिन एआई से सुरक्षा के सवाल भी उठने लगे

ओपन एआई और एंथ्रोपिक, के एआई मॉडलों पर सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं सामने आई हैं। एंथ्रोपिक के क्लॉड मॉडल टेस्टिंग के दौरान गलती से असली सिस्टम तक पहुंच गए थे। ओपनएआई के एक मॉडल भी टेस्टिंग में तय सीमा पार कर ली थी।

भास्कर नॉलेज
क्या ओपनएआई एंथ्रोपिक से आगे निकल गई?

फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, ओपनएआई का दावा है कि एस्ट्रा ने सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, साइंस, साइबर सुरक्षा के मामले में एंथ्रोपिक को पीछे छोड़ा है। हालांकि स्वतंत्र टेस्टिंग फर्म 'आर्टिफिशियल एनालिसिस' का कहना है कि तस्वीर मिली-जुली है। कुछ मामलों में एंथ्रोपिक का हाल ही में आया मॉडल फैबल 5.1 अब भी आगे है, जबकि कोडिंग के कुछ टेस्ट में दोनों करीब-करीब बराबर हैं।

इनोवेशन • पैसेंजर सीट हटाई, ड्राइवर को बीच में बिठाया; सिर्फ 23 लाख वाली कार अब 4 करोड़ रुपए की, केवल 35 ही बनेंगी

लंदन | मैकलारेन F1 को भूल जाइए। ब्रिटेन की छोटी सी कंपनी एनालॉग ऑटोमोटिव ने लोटस एलीज की पैसेंजर सीट उड़ा दी और ड्राइवर को बीचोंबीच बिठा दिया। नाम है 'वीएपफीके' और कीमत करीब ₹4 करोड़। यही नहीं, दुनिया में इस मॉडल की सिर्फ 35 कारें बनेंगी। दिलचस्प है कि जिस ओरिजिनल एलीज से यह बनी है, वो महज ₹23 लाख में मिल जाती है। कंपनी ने इसकी प्रेरणा सिंगल-सीट रेसिंग कार एलीज से ली है।

10 साल इंतजार, फिर भी पेनल्टी...प्रोजेक्ट के ग्राहकों को 'सुप्रीम' राहत

हाउसिंग प्रोजेक्ट के निर्माण में बिल्डर की गलती की सजा नहीं भुगतेंगे घर खरीदारः सुप्रीम कोर्ट

भास्कर न्यूज | मुंबई

सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ी राहत दी है। कहा है कि बिल्डर के डिफॉल्ट (कर्ज न चुका पाना) की सजा घर खरीदारों को नहीं मिलनी चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने नोएडा अथॉरिटी का वह जुर्माना रद्द कर दिया, जो उसने नोएडा के लोटस बुलेवार्ड और लोटस पनाशे प्रोजेक्ट के निर्माण में देरी पर लगाई थी। ये दोनों प्रोजेक्ट दिवालिया हो चुकी कंपनी ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज के जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि प्रोजेक्ट



ये था मामला...

- डेवलपर ग्रेनाइट गेट ने नोएडा अथॉरिटी से जमीन लीज पर ली थी।
- बाद में तंगी के चलते कंपनी दिवालिया प्रक्रिया में चली गई।
- खरीदारों ने 'पूल एंड बिल्ड' स्कीम के तहत खुद पैसे जोड़कर निर्माण जारी रखा।
- नोएडा अथॉरिटी ने बकाया, जुर्माना न चुकाने पर अक्टूबर 2024 में 3 टावर सील कर दिए।

2016 में पूरा होना था, लेकिन एक दशक बाद भी खरीदार परेशान हैं। कंपनी की पुरानी गलतियों की सजा अब घर खरीदारों या नई केंद्रप्रबंधन कंपनी को नहीं दी जा सकती।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में ये कहा...

सर्वोच्च अदालत ने कहा कि निर्माण में देरी के लिए जुर्माना असली दोषी डेवलपर पर लगनी चाहिए, न कि खरीदारों या नई कंपनी एसएमवी एजेंसीज पर। जो प्रोजेक्ट पूरा करने की जिम्मेदारी निभा रहे, उन्हें दंडित करना गलत है। कोर्ट ने विशेष अपीलीय ट्रिब्यूनल एनसीएलएटी का आदेश रद्द कर दिया। जुर्माने को दिवाला प्रक्रिया की लागत नहीं माना जाएगा।

बिजनेस एंकर कॉफी के पौधों को छाया देने वाला पौधा ही किसानों की कमाई का जरिया बन गया

शिल्पा शेट्टी ने बताया इस्तेमाल, 'डॉग फ्रूट' से स्टार बना एवोकैडो

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

जिस एवोकैडो को पहले कुत्तों के खाने के लिए छोड़ दिया जाता था, आज वही फल भारतीय बाजार में लग्जरी फूड बन गया है। देश में हर साल करीब 15,000 टन एवोकैडो आयात होता है। घरेलू उत्पादन सिर्फ 8-9 हजार टन है। बीबीसी वर्ल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, 15 साल पहले भारत में इसका कोई बाजार नहीं था। वायनाड के काँटनाड प्लांटेशन्स में इसे कॉफी के पौधों को छाया देने के लिए लगाया जाता था। 2011 में जब बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने स्क्वीन की देखभाल में इसके इस्तेमाल की बात कही तब इसके दाम रातोंरात दोगुने (200-300 रुपए/किलो) हो गए।

मुंबई में 'वेरोनिका' और 'द बॉम्बे कैंटीन' रेस्टोरेंट चलाने वाले हंगर इंक के शेफ हुसैन शहजाद का कहना है कि भारतीय एवोकैडो की क्वालिटी लगातार सुधर रही है। हालांकि स्वाद, बनावट, आकार के लिए वे फिलहाल आयातित फल पर निर्भर हैं। स्थानीय एवोकैडो की उपलब्धता और गुणवत्ता मौसम और क्षेत्र के हिसाब से बदलती रहती है।

भारत में 25 साल की मेहनत से 2 मानक किस्में विकसित

भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईआईएचआर) के डॉ. गणेशन करुणाकरन के मुताबिक, हर पेड़ का आनुवंशिक रूप से अलग होना फल की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। इस समस्या को दूर करने के लिए संस्थान ने 25 साल की रिसर्च के बाद 2 मानक किस्में विकसित की हैं, ताकि किसानों को एक जैसी और बेहतर गुणवत्ता वाले पौधे मिल सकें।

वैसे एवोकैडो अब किसानों के लिए व्यावसायिक विकल्प बन गया है। बदलते मौसम से कॉफी और काली मिर्च की खेती प्रभावित होने के बीच वायनाड के किसान एवोकैडो की ओर बढ़ रहे हैं। कॉटनाड ने 40 एकड़ में इसके पेड़ लगाए हैं। पिछले साल यहां 10-15 टन उत्पादन हुआ और अगले 3-4 साल में इसे बढ़ाकर 40-50 टन करने का लक्ष्य है। खेती का तरीका भी मांग के साथ बदल रहा है। कॉटनाड ने दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञों की मदद से खेती की विधि बदली। एवोकैडो की जड़ें बीमारियों के प्रति बेहद संवेदनशील होती हैं, इसलिए अब उठी हुई क्यारियों में अधिक दूरी पर पौधे लगाए जा रहे हैं। भोपाल के इंडो-इजराइल एवोकैडो नर्सरी के संस्थापक हर्षित गोधा ने इजराइल से इसकी तकनीक सीखी है। पिछले 5 वर्षों में उन्होंने हैस और पिंकटन जैसी किस्मों के 18,000 पौधे बांटे हैं। एवोकैडो की खेती में सही पौधे और तकनीक बेहद अहम हैं। स्थानीय मौसम झेलने वाली जड़ और मनपसंद फल देने वाले ऊपरी हिस्से की ग्राफ्टिंग की जाती है। पेड़ 25 फीट तक ऊंचा हो सकता है, इसलिए समय पर कटाई-छंटाई जरूरी है। अच्छी फसल के लिए दो अलग-अलग किस्मों के पेड़ पास-पास लगाने होते हैं। अनियमित नर्सरियों से बीमार पौधे खरीदने पर 5-7 साल बाद पेड़ सूखने का खतरा रहता है। इसके बावजूद वायनाड के किसान शिजू सेबेस्टियन ने 2 एकड़ में इस साल 3,500 किलो उत्पादन किया है। अब वे 3 एकड़ में और पौधे लगाएंगे।

भारत में कार्ड से पेमेंट अब तेजी से बढ़ेंगेः ग्लोबलडेटा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

भारत में कार्ड पेमेंट में स्थिर बढ़ोतरी जारी रहेगी। ज्यादा वित्तीय समावेशन, बढ़ती आमदनी और आसान पहुंच इसकी वजह होगी। ग्लोबलडेटा फर्म ग्लोबलडेटा के मुताबिक, अभी डेबिट कार्ड सबसे आगे हैं, लेकिन रिवॉर्ड पॉइंट्स, डिस्काउंट और किस्तों जैसी सुविधाओं के चलते लोग धीरे-धीरे क्रेडिट कार्ड की तरफ बढ़ रहे हैं। यूपीआई से जुड़ने के बाद क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल और बढ़ने की संभावना है। आरबीआई के मुताबिक, जुलाई तक डेबिट 103 करोड़ और क्रेडिट कार्ड की संख्या 12.29 करोड़ रही। आरबीआई का फाइनेंशियल इंक्लूजन इंडेक्स भी मार्च 2026 में बढ़कर 70 पहुंच गया, जो एक साल पहले 67 था।

चिंता • बैंकों में 10.5 लाख करोड़ की अतिरिक्त नकदी

बैंकिंग सिस्टम में रिकॉर्ड कैश, अब आरबीआई बाजार से खींचेगा पैसा

भास्कर न्यूज | मुंबई

रिजर्व बैंक बैंकिंग सिस्टम में बढ़ती नकदी पर काबू पाने के लिए लंबे समय तक पैसा बाजार से खींचेगा। सोमवार को केंद्रीय बैंक ₹7 लाख करोड़ की 30 दिन की वैरिएबल-रेट रिवर्स रेपो नीलामी करेगा। हाल के ऑपरेशन 15 दिन तक ही चले थे। ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स डेंडेक्स के मुताबिक, भारतीय बैंकिंग सिस्टम में रिकॉर्ड ₹10.5 लाख करोड़ की अतिरिक्त नकदी है। प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) से मिले डॉलर को रुपए में बदलने से ऐसा हुआ। इस अतिरिक्त नकदी ने बैंकों के बीच के ओवरनाइट ब्याज दर को आरबीआई की पॉलिसी रेट से नीचे धकेल दिया है। अब महंगाई का खतरा बढ़ गया है।

आरबीआई की डॉलर जुटाने की स्कीम रही सुपरहिट

प्रवासियों से विदेशी मुद्रा जमा जुटाने की आरबीआई की स्कीम को रिकॉर्ड 12,700 करोड़ डॉलर मिले। इससे इस साल समय से एक महीना पहले अगस्त में ही बंद करनी पड़ी। बैंकों और सरकारी कंपनियों की सस्ती विदेशी उधारी से मिलाकर कुल 13,640 करोड़ डॉलर (₹12.9 लाख करोड़) आए।